

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 29 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-234 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



राजधानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की हुई शुरुआत 02
- डीएम ने जिला अस्पताल का औचक रुप से किया...
- नोएडा में मौसम ने मारी पलटी, लोगों की कंपकंपी छुटी 04
- हमास ने 11 और बंधकों को किया रिहा
- इमरान के खिलाफ अदियाला जेल में खुली अदालत... 07

मेघना गुलजार की वजह से सिलू मानेकशॉ... 10

भारतीय रिज़र्व बैंक · RESERVE BANK OF INDIA · आर बी - आय ओ एस · RB - IOS



# रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना

शिकायत दर्ज करने के लिए
**https://cms.rbi.org.in**
पर जाएँ

## आरबीआई विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा

30 दिनों के भीतर शिकायतों का निवारण न होने या आरबीआई द्वारा विनियमित बैंकों/एनबीएफ़सी/क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों/पेमेन्ट प्रणाली प्रतिभागियों द्वारा संतोषजनक निवारण न होने पर, आप उनकी शिकायत आरबीआई लोकपाल के समक्ष दर्ज कर सकते हैं

ऑनलाइन https://cms.rbi.org.in पर या डाक द्वारा केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ – 160017 पर शिकायत दर्ज़ करें

अपवर्जन सूची में उल्लिखित सेवाओं को छोड़कर, अन्य सेवाओं में कमियों से संबंधित सभी शिकायतें शामिल हैं

अपनी शिकायत की वास्तविक स्थिति को शिकायत प्रबंधन प्रणाली (https://cms.rbi.org.in) पर देखें

अधिक जानकारी के लिए **14448** पर कॉल करें.

समय: कार्यदिवसों पर, राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर:
- हिंदी और अंग्रेजी के लिए सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक
- 10 क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, तेलुगु और तमिल) के लिए सुबह 9:30 बजे से शाम 5:15 बजे तक




आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

जनहित में जारी
**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

अधिक जानकारी के लिए, **https://rbikehtahai.rbi.org.in/** पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए, **rbikehtahai@rbi.org.in** को लिखें

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर : आपका लड़का पागल कैसे हो गया... ?
पिता : वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था...!
डॉक्टर : तो... ?
पिता : लोग बोलते थे थोड़ा खिसको-थोड़ा खिसको, तभी खिसक गया...!!!

# राजधानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की हुई शुरुआत

## उपराज्यपाल ने दिलाई भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के खजूरी खास इलाके से मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत हुई। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने यात्रा का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। मौके पर स्थानीय सांसद मनोज तिवारी, भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी, भाजपा विधायक और काफी तादाद में अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल लोगों को उपराज्यपाल ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। उपराज्यपाल सक्सेना ने यात्रा के शुभारंभ के बाद कहा कि देश और दिल्ली के लोगों को इस यात्रा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान



भारत योजना जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर लोगों को सूचित करना और उनमें जागरूकता बढ़ाना है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवम्बर को झारखंड के खूंटी से पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए यह यात्रा शुरू की गई थी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ऑन-स्पॉट सेवाओं के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर ग्राम पंचायतों में आईईसी वैन के रुकने के स्थानों पर किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविरों में कई तरह की गतिविधियों की जा रही है। शिविर में मिलने वाली सुविधाओं में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्ड बनाना और वितरित करना, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, निक्षय पोषण योजना, सिकल सेल रोग हैं।

### योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना यात्रा का मकसद : तिवारी

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की थी। अब इस यात्रा की शुरुआत दिल्ली में भी हो गई। यात्रा का मकसद केंद्र सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम के तहत सूचना वाहन, कार्यकर्ताओं के समूह के माध्यम से देशभर के लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया जाएगा और उनतक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। दिल्ली के दूसरे लोकसभा क्षेत्रों से भी सूचना वाहन रवाना किया जाएगा।

## जल बोर्ड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेगी भाजपा

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज ने एक संवाददाता सम्मेलन कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली जल बोर्ड में एसटीपी प्लांट के नाम पर घोटाले किए जाने का आरोप लगाया। संवाददाता सम्मेलन का संचालन प्रदेश प्रवक्ता आमित तिवारी ने किया। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने एसटीपी प्लांट के नाम पर एक और घोटाले को अंजाम दिया है और इसमें एक बार फिर से हैदराबाद की कंपनी का नाम आया है। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल से सवाल किया कि आखिर हैदराबाद की कंपनी से कौन से तार जुड़े हैं उसका उजागर करें नहीं तो भाजपा 30 नवम्बर को जलबोर्ड कार्यालय के सामने जलबोर्ड में किए गए घोटालों के लिए अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रचंड विरोध प्रदर्शन करेगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली जलबोर्ड में खुद ही भ्रष्टाचार कर आज केजरीवाल सरकार के मंत्री उन भ्रष्टाचारों का आरोप अपने अधिकारियों पर डाल रहे हैं। जानबूझकर एक ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए आईएफएएस टेक्नोलॉजी को फिक्स किया गया कि इसी टेक्नोलॉजी के तहत काम हो और यह इसलिए क्योंकि जिस कंपनी को ठेका दिया गया उस कंपनी के पास अनुभव सिर्फ इसी टेक्नोलॉजी का है। जिस ताइवान कंपनी को काम दिया गया उसके पास 10 एमजीडी का ही अनुभव है जबकि जरुरत 100 एमजीडी से अधिक का था। जिस कंपनी को यह काम दिया गया वह ऐसे सर्टिफिकेट पर दिया गया जो टेंडर के पात्रता को पूरा नहीं करता।



## एबीपीपी लोकसभा चुनाव में 543 सीटों पर लड़ेगी चुनाव : अमोल



**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय परिवार पार्टी अपनी विचारधारा के साथ लोकसभा की 543 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। अखिल भारतीय परिवार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमोल स.भा. मडामे ने बताया कि पार्टी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में सभी 543 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। पिछले एक वर्ष के अथक प्रयासों से अब तक लगभग 100 उम्मीदवारों का चयन कर चुकी है। अमोल स.भा. मडामे भारतीय ने अब तक की सभी सरकारों द्वारा की गई उपलब्धियों के नामरूप, सांकेतिक 'पाप के 7 घड़ों' क्रमशः सांप्रदायिकता, महिला अत्याचार, किसान विरोधी नीति, स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव, शिक्षा का गिरता स्तर, बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार को पार्टी के प्रतीक चिन्ह लाठी से तोड़ा और एक नवयुग का उद्घोष किया। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील शर्मा भारतीय ने मीडिया के माध्यम से युवाओं को से आह्वान किया कि बेजोगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारे साथ आएं और इस महामारी को जड़ से उखाड़ फेकें। इस मौके पर वीरेंद्र धीवार भारतीय रा.उ., प्रदीप यादव भारतीय रा.उ., कपिल पाल भारतीय मुख्य महासचिव, राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा ज्योतिर्मा राय भारतीय, राष्ट्रीय अध्यक्षा रीटा ठाकुर भारतीय किसान मोर्चा, राष्ट्रीय अध्यक्ष समन्वय समिति प्रियंक बंठिया भारतीय, जीतेन्द्र चौहान भारतीय गुजरात प्रभारी, अरविंद केसरवानी भारतीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-विधि समिति राष्ट्रीय महासचिव आशीष श्रीवास्तव भारतीय, अटलजी भारतीय सोशल मीडिया प्रभारी तथा गौरव श्रीवास्तव भारतीय राष्ट्रीय पत्रिका संयोजक भी उपस्थित रहे।

**सार संक्षेप**

### दिल्ली नगर निगम की बैठक में हंगामे के आसार

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की आज होने वाली बैठक एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़ सकती है। निगम की सत्ता पर काबिज़ आम आदमी पार्टी द्वारा कई ऐसे प्रस्ताव लाए जा रहे हैं जिन पर विपक्ष को एतराज है। मिली जानकारी के अनुसार बैठक में दिल्ली में फिल्म शूटिंग की नीति समेत 25 से अधिक प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। फिल्म शूटिंग नीति के तहत फिल्म, वेब सीरिज एवं डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग और फोटोशूट के लिए निगम ने नई दरें प्रस्तावित की हैं, जो पहले की तुलना में काफी कम हैं। 24 घंटे की शूटिंग के लिए अनुमति शुल्क 25 हजार रुपये होगा। पहले यह 75 हजार रुपये था। इसके अलावा फिल्म और वेब सीरीज शूटिंग के लिए निर्माताओं को नियमों का पालन करने संबंधी शपथ पत्र देना होगा, जिसके बाद उन्हें आसानी से अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी मिल जाएगी। निगम के मध्य जोन में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, जंगपुरा और कालकाजी में अंडर ग्राउंड मल्टी लेवल कार पार्किंग के निर्माण का प्रस्ताव बैठक में लाया जाएगा। इसमें इन तीनों जगहों पर तीन फ्लोर या इससे अधिक अंडर ग्राउंड मल्टीलेवल कार पार्किंग तैयार करने की योजना है। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन एनसीआरटीसी को निगम की जमीन आवंटित करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। एनसीआरटीसी दिल्ली गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का निर्माण कर रहा है। इस कॉरिडोर के एक रास्ते पर निगम की जमीन भी आ रही है, जिसे निगम आवंटित करेगा। सदर बाजार मेट्रो स्टेशन में प्रवेश और निकास के लिए निगम 348 वर्ग मीटर जमीन स्थायी तौर आवंटित करेगा। आरके आश्रम मार्ग से मजलिस पार्क मेट्रो कॉरिडोर पर पड़ने वाले सदर बाजार मेट्रो स्टेशन पर निगम की जमीन मेट्रो को आवंटित की जाएगी।

### इंडिया का प्रणाम, हर किसान के नाम कैंपेन को मिला पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी कृषि-इनपुट कंपनी धानुका समूह के अनूठे ब्रांड कैंपेन इंडिया का प्रणाम, हर किसान के नाम को ईटी डिजीप्लस अवार्ड्स के प्रतिष्ठित सिल्वर अवार्ड से नवाजा गया है। इंडिया का प्रणाम, हर किसान के नाम कैंपेन को पुरस्कार भारत के मेहनतकश किसानों के कठिन परिश्रम और पसीने का सही मायनों में सम्मान है, और साथ ही हमारे खेतों के गुमनाम नायकों यानि राष्ट्र निर्माण में कार्यरत किसानों के योगदान को दर्शाता है।

## भारतीय खाद्य निगम देश की खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक : श्रद्धा शर्मा

### एफसीआई के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों के बारे में दी जानकारी

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लगातार कम कर रही भारतीय खाद्य निगम एफसीआई के बारे में जानकारी देते हुए दिल्ली क्षेत्र की महाप्रबंधक श्रद्धा शर्मा ने मंगलवार को बताया कि कैसे एफसीआई देश को खाद्य सुरक्षा प्रदान करके और जनहित में विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे एनएफएसए, पीएमजीकेएवाई, पीएम-पोषण, आईसीडीएस, ओएमएसएस डी आदि को क्रियान्वित करके देश की सेवा कर रही है। उन्होंने एफसीआई और उसके कार्यों के बारे में बताते हुए बताया कि भारतीय खाद्य निगम देश की खाद्य सुरक्षा के लिए कैसे आवश्यक है, क्योंकि यह सार्वजनिक




हित में विभिन्न सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करती है। एनएफएसए लाभार्थियों के लिए सामर्थयानुसार खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 1 जनवरी 2023 से, पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न देने का निर्णय लिया है, जिससे गरीबों के लिए खाद्यान्न का अधिकार और एनएफएसए अधिनियम 2013 के प्रावधानों को मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय खाद्य निगम ने खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा की ओर बदलाव किया।

शर्मा ने बताया कि कैसे फोर्टिफाइड चावल की शुरूआत ने देश के पोषण भाग को बढ़ाने में मदद की है क्योंकि फोर्टिफाइड चावल में आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12 आदि जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व होते हैं और यह कुपोषण से लडने में भी सहायक है। उन्होंने मूल्य स्थिरीकरण के लिए दिल्ली क्षेत्र में वर्तमान में चल रही ओएमएसएस (डी) योजना की उपयोगिता पर भी जोर दिया।



■ नई दिल्ली में भारतीय चुनाव आयोग के कार्यालय से बाहर निकलते कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद और अन्य। फोटो इम्तियाज खान

## बेटी फाउंडेशन ने सामूहिक विवाह समारोह का किया आयोजन

### कई सामाजिक संस्थाओं ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया



**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। बेटी फाउंडेशन के द्वारा सनातन धर्म सद्भावना सामूहिक गरीब, विकलांग गरीब वर वधु के विवाह का आयोजन छतरपुर के शक्ति पीठ मंदिर छतरपुर के प्रांगण में सनातन धर्म हिंदू रीतिरिवाजों के तहत सम्पन्न हुआ, वहीं कई सामाजिक संस्थाओं ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। बेटी फाउंडेशन के अध्यक्ष अनुज भाटी ने इस आयोजन में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि, सनातन धर्म, सदभावना कन्या विवाह समारोह सभी के सहयोग से सम्पन्न हुआ है। भाटी ने बताया कि हमने सभी वर वधू के परिवारों की जांच,कर उन्हें शामिल किया है।वर-वधू को सभी घरेलू समान के साथ अन्य ज्वैलरी, भी कन्या दान में संस्था कि ओर से दी गई। कन्यादान करने वालों के परिवारों में उपस्थित मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी बाल किशन राठी बाली ने सामूहिक कन्या महादान किया वहीं अनुज भाटी के कार्यों कि सराहना की, वही अंत तक रुक कर सभी जोड़ों को आशीर्वाद के साथ अश्रुपूर्ण विदाई दी। इस विवाह समारोह में सामूहिक रूप से 21 जोड़ों का सादगी पूर्ण विवाह सभी हिंदू रीति रिवाज से हुआ ।

## ऊषा केबल ने अण्डर ग्राउण्ड केबल में नई तकनीक का इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। ऊषा केबल इण्डस्ट्रीज ने अपने ब्राण्ड ऊषा केबल में फायर प्रूफ हाउस वायर का निर्माण नई टेक्नॉलाजी के हिसाब से शुरू किया। कम्पनी पहले से ही उत्तम क्वालिटी की समर सेबल केबल मल्टी कोर राउण्ड रबराइज सिलिकॉन साफ्ट पीबीसी केबल का निर्माण माइनस अपटू 30 डिग्री टेम्परेचर पर करती आ रही है। अण्डर ग्राउण्ड केबल में कम्पनी ने 630 स्क्वायर एम एम का निर्माण भी शुरू कर दिया है। जो केबल इम्पोर्ट रही थी कम्पनी उस पर रिसर्च करके उसको भारत में डेवलप कर रही है। कम्पनी के निदेशक अमन गुप्ता ने बताया कि वायर एण्ड केबल के मामले में आत्म निर्भरता की ओर बढ़ते हुए वाईफाई के लिए भी केबल का निर्माण कम्पनी ने शुरू कर दिया है और कम्पनी के ये सभी केबल देश के सभी प्रमूख बाजारों पर उपलब्ध हैं।




## पीजीआई लाया नया कलेक्शन

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। सर्दियों और छुट्टियों के इस सीजन पीजीआई प्लेटिनम लव बैण्ड्स लेकर आए हैं, खासतौर पर शादियों के लिए डिजाइन किया गया एक्सक्लुजिव कलेक्शन जो रिश्तों को नई परिभाषा देगा। साल खत्म होने जा रहे है, इस मौके पर कपल्स इन खास प्लेटिनम बैण्ड्स के साथ अपने हंसी-खुशी के पलों को फिर से तरोताज़ा कर सकते हैं। त्योहारों एवं सर्दियों के रोमांस के इस सीजन ये बैण्ड उनके दुर्लभ प्यार की अभिव्यक्ति करेंगे।

**नगर निगम, गाजियाबाद कर विभाग**

नोटिस-नाम परिवर्तन हेतु 30 प्र0 न0 नि0 अधि0 1959 की धारा 213 के अन्तर्गत

नोटिस संख्या: NC/2023/32698 दिनांक : - 17-11-2023

आवेदन संख्या: MU20230803142152860
पिन न0: VS1058097
ARV:20199

सर्वश्री श्रीमती कुमारी: Malti Yadav/श्री रोजेश कुमार यादव / अनुभूति सिहं/ प्रियम सिंह/ कौस्तुभ यादव

सूचित किया जाता है कि बाबत भवन संख्या E-1703 स्थित Sec-7 Vaishali, 58, VASUNDHARA के नाम परिवर्तन के लिए रजिस्ट्री के आधार पर प्रार्थना पत्र दिया है। उक्त प्रार्थना पत्र तथा उसके साथ प्रस्तुत अभिलेख के आधार पर नगर निगम गाजियाबाद में महोदय/महोदया Rajesh Kumar Yadav And Kaustubh Yadav का नाम परिवर्तन मात्र गृहकर वसूली हेतु अंकित किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रस्तावित नाम के परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो इस नोटिस के प्राप्ति अथवा चस्पा होने के एक माह के अन्दर कर अधीक्षक के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में अपराह्न 3:00 बजे के पूर्व अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। नियत समय में आपत्ति न प्राप्त होने अथवा न आने की दशा में प्रस्तावित नाम परिवर्तन सम्बन्धी आवश्यक आदेश हेतु सम्बंधित पत्रावली सक्षम अधिकारी/जोनल प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

कर अधीक्षक
VASUNDHARA

**संकीर्तन** *सुरंग में फंसे पीड़ितों के लिए इस्कॉन द्वारका में किया हरि नाम संकीर्तन*

# प्रतिदिन नियमित 12 घंटे किया गया संकीर्तन

नई दिल्ली, 28 नवम्बर (देशबन्धु)। हवा, पानी, पृथ्वी, आकाश, पहाड़ आदि प्रकृति से जुड़ी कई प्राकृतिक आपदाओं के समक्ष व्यक्ति असमर्थ हो जाता है। यहां तक कि तकनीक और विज्ञान भी बौने हो जाते हैं। गत दिनों 12 नवम्बर को भी ऐसा ही हुआ। उत्तरकाशी में बन रही सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा ढह गया और उसमें 41 मजदूर बुरी तरह फंस गए। प्रकृति के इस कहर से न केवल मजदूरों के परिजन ही कष्ट में रहे बल्कि देश के तमाम लोग उनकी सुरक्षा के लिए प्रार्थनाएं करते रहे। श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश इस्कॉन द्वारका मंदिर में उस दिन। से ही नियमित12 घंटे का हरि नाम संकीर्तन किया गया। प्रतिदिन शाम को दीपदान भी किया गया।ताकि रोशनी की एक भी किरन के माध्यम से संभवतया उनके अंधियारे को दूर करने का प्रयास किया जा सके। हरि नाम संकीर्तन और दीपदान का कार्यक्रम तब तक निर्बाध रूप से जारी रहा, जब तक सभी लोग सुरक्षित वापिस न आ गए। इस हरि नाम संकीर्तन में प्रतिदिन इस्कॉन द्वारका के वरिष्ठ वैष्णव, प्रचारक एवं यूथ फोरम से जुड़े अनेक भक्तगण शामिल होते हैं। उनके बचाव के लिए जहां विदेशों से भी तकनीकी सहायता एवं विचार-विमर्श किया गया, वहीं अनेक स्तरों पर प्रशासनिक बचाव कार्य जारी था।

■ **संकीर्तन में इस्कॉन द्वारका के वरिष्ठ वैष्णव, प्रचारक व यूथ फोरम से जुड़े भक्तगण होते हैं शामिल**



### मुसीबत में देश के साथ खड़े रहे दिल्लीवासी

मुसीबत की इस घड़ी में दिल्लीवासी देश के साथ खड़े रहे और दिन-ब-दिन इस हरि नाम संकीर्तन में लोगों की भागीदारी बढ़ी। आमजनों ने भी इसमें उत्साह से भाग लिया। ताकि उन मजदूरों को दुख सहने की शक्ति मिले और वे कष्टभरे दिनों की पीड़ा को आसानी से सहन कर सकें। इस्कॉन द्वारका के प्रबंधक बताते हैं कि प्रतिदिन 12 घंटे का यह हरि नाम संकीर्तन तब तक अविरल रूप से जारी रहेगा, जब तक सभी पीड़ित सुरक्षित बाहर नहीं आ जाते।

## क्रॉम्पटन का डेको बैटन लाइटिंग प्रॉडक्ट लॉन्च

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत के लेगेसी ब्राण्ड, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपना नया प्रोडक्ट 'डेको बैटन' लाइट्स लॉन्च किया है। कंपनी गुणवत्ता एवं भरोसे को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के लिए मशहूर है और इसकी नई क्रॉम्पटन डेको बैटन लाइट्स अपनी स्टाइल, डिजाइन एवं शानदार फंक्शनैलिटी के दम पर आपके लिविंग स्पेस को पूरी तरह बदलने के लिए तैयार है। डेको बैटन से 'फैन्सी लाइटिंग' मिलती है और घर की सजावट में चार-चांद लग जाते हैं। क्रॉम्प्टन पिछले 80 वर्षों से लाइटिंग के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता साबित कर रहा है। लिविंग स्पेस के लिए नए लॉन्च किए गए।

**रेलयात्री : कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**विशेष रेलगाड़ियों की सेवा अवधि का विस्तार**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की सेवा अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | फ्रीक्वेंसी | पूर्व अधिसूचित तिथि | तिथि तक विस्तारित |
|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल | आनन्द विहार (ट.) | साप्ताहिक (शुक्रवार) | 24.11.2023 | 01.12.2023 |
| 03576 | आनन्द विहार (ट.) | आसनसोल | साप्ताहिक (शनिवार) | 25.11.2023 | 02.12.2023 |
| 03435 | मालदा टाउन | आनन्द विहार (ट.) | साप्ताहिक (सोमवार) | 27.11.2023 | 04.12.2023 |
| 03436 | आनन्द विहार (ट.) | मालदा टाउन | साप्ताहिक (मंगलवार) | 28.11.2023 | 05.12.2023 |
| 02575 | हैदराबाद | गोरखपुर | साप्ताहिक (शुक्रवार) | 24.11.2023 | 15.12.2023 से 26.01.2024 |
| 02576 | गोरखपुर | हैदराबाद | साप्ताहिक (रविवार) | 26.11.2023 | 17.12.2023 से 28.01.2024 |

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत रहेगा।

3734/23

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, बुधवार, 29 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -234 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



राजधानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की हुई शुरुआत 02
■ डीएम ने जिला अस्पताल का औचक रूप से किया...
■ नोएडा में मौसम ने मारी पलटी, लोगों की कंपकंपी छुटी 04
■ हमास ने 11 और बंधकों को किया रिहा
■ इमरान के खिलाफ अदियाला जेल में खुली अदालत... 07
मेघना गुलजार की वजह से सिलू मानेकशॉ... 10

**सार संक्षेप**

### राष्ट्रपति मुर्मू बनी दिल्ली की मतदाता



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णामूर्ति ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनका नया मतदाता पहचान पत्र सौंपा जिसके साथ वह अब दिल्ली की मतदाता बन गई। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। श्रीमती मुर्मू के राष्ट्रपति बनने के बाद राजधानी दिल्ली के पते पर उनका नया मतदाता पहचान पत्र बनाया गया है।

### असंवैधानिक आदेशों का पालन ना करें अधिकारी कर्मचारी : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य के बालाघाट में पोस्टल बैलेट से जुड़ी कथित अनियमितताओं के संदर्भ में अधिकारी-कर्मचारियों से आज कहा कि वे इस समय निर्वाचन आयोग के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं और कर्मचारी किसी भी असंवैधानिक या गैरकानूनी आदेश का पालन नहीं करें।

### भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनावों को मिली हरी झंडी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ की चुनाव कार्यवाही पर रोक लगाने वाले पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि वह यह समझने में विफल रही है कि उच्च न्यायालय द्वारा चुनाव की पूरी प्रक्रिया को कैसे रद्द किया जा सकता है।

### सीबीआई ने बीएसएनएल के दो अधिकारियों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य प्रदेश के भोपाल में तैनात भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के प्रधान महाप्रबंधक (पीजीएम) और एक एसडीई को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने कहा कि एसडीई राकेश यादव और प्रधान महाप्रबंधक महेंद्र सिंह के खिलाफ शिकायतकर्ता से अनुचित रिश्वत मांगने के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज किया गया था।

### बिहार में पुलिस वैन से बाइक टकराई, 3 युवकों की मौत

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा जिले के एकंगरसराय थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक पुलिस वैन और बाइक की टक्कर में बाइक पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस के मुताबिक, एक वाहन से कुछ कैदियों को लेकर एकंगरसराय थाना की पुलिस हिलसा कोर्ट जा रही थी, तभी रुचुनपुरा गांव के पास सामने से आ रही ट्रिपल लोड बाइक से टक्कर हो गई।

# सुरंग से सुरक्षित निकाले 41 'श्रमवीर'

## 17वें दिन सुरंग से बाहर आए मजदूर, रेस्क्यू टीम व प्रशासन ने ली राहत की सांस

**सिलक्यारा टनल हादसा**

■ बाहर निकलते ही तुरंत अस्पताल ले जाया गया

■ झारखंड निवासी विजय होरो सबसे पहले निकले



**उत्तरकाशी,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी स्थित सिल्क्यारा के सुरंग में फंसे मजदूर आखिरकार 17वें दिन बाहर आ ही गए। मंगलवार की दोपहर, उनके लिए जिन्दगी की नई रोशनी ले कर आई। सुरंग से बाहर आते ही मजदूरों को फौरन एंबुलेंस की जरिए अस्पताल ले जाया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता के बाद मजदूरों के परिजनों, रेस्क्यू टीम और प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

झारखंड निवासी विजय होरो को सबसे पहले निकाला गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इन मजदूरों को मलबा भेदकर ड्रिलिंग मशीन के जरिए सुरंग बनाकर निकाला गया, जिसमें 800 एमएम के पाइप डाले गए। इन पाइपों के जरिए एक-एक कर मजदूरों को बाहर निकाला गया और वो रेंगते हुए बाहर निकाले गए. जो मजदूर कमजोर हैं या किसी वजह से रेंगते हुए बाहर नहीं आ सके उनके लिए एक स्ट्रेचर बनाया गया था, जिसमें पहिए लगे हुए हैं. इन मजदूरों स्ट्रेचर पर लिटाकर रस्सी के जरिये बाहर खींचा गया।

> सभी एजेंसियां इसमें लगी हुई थीं। आने वाले समय में उत्तराखंड की सभी टनल की समीक्षा करेंगे। सभी मजदूरों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं देता हूं। इसमें लगी सभी टीमों का मैं धन्यवाद करता हूं : **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

**41 एंबुलेस और डॉक्टरों की टीम रही तैनात**

प्रशासन की ओर से मजदूरों के सुरंग से बाहर आने के बाद सारी तैयारियां की गई थी, बुधवार से ही यहां पर 41 एंबुलेस और डॉक्टरों की टीम तैनात रही, सुरंग से बाहर निकलते ही इन मजदूरों के प्राथमिक परीक्षण के लिए सुरंग के बाहर बनाए गए अस्थायी अस्पताल में ले जाया गया।

**मजदूरों को मिलेगा एक-एक लाख**

मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने एलान किया कि बौखनाग बाबा का मंदिर बनेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी मजदूरों को एक-एक लाख रुपये का चेक सौंपा जाएगा।

### 17 दिन से ऐसे बची मजदूरों की जान

सुरंग में फंसे मजदूर सुरक्षित हैं बाहर निकाल लिए गए है। उन्हें लगातार पाइप के जरिए खाना पहुंचाया गया। शुरुआती कुछ दिनों तक मजदूरों को सिर्फ ड्राइफ्रूट्स और चना ही खाने के लिए भेजा गया था, लेकिन बाद में उनके लिए दलिया और कुछ लिक्विड फूड भी भेजा जाने लगा। इसके अलावा मजदूरों को खाने के लिए पका हुआ भोजन और फल भी भेजे गए। सुरंग के अंदर 2 किलोमीटर के खंड में श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कंक्रीट का भी प्रयोग किया गया, क्योंकि सुरंग का यह खंड बचाव अभियान का केंद्र बिंदु था।

इसके साथ ही यहां एक हैलीकॉप्टर भी तैनात किया गया था, ताकि किसी को अगर जरुरत हो तो उसे तत्काल बड़े अस्पताल ले जाया जा सके।

**चिन्यालीसौड़ में बनाया गया अस्पताल**

श्रमिकों की देखभाल के लिए चिन्यालीसौड़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 41 बिस्तरों का एक अस्पताल तैयार किया गया है, जहां पर इन मजदूरों को ले जाया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन पर पूरे देश और दुनिया की नजर बनी हुई थी।

## राजनाथ ने अत्याधुनिक युद्धपोत का अनावरण किया

**नई दिल्ली**, 28 नवम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यहां नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत 'इम्फाल की शिखा' का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह तथा रक्षा मंत्रालय और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

**'इम्फाल की शिखा' दिया गया है नाम**

इम्फाल की शिखा के डिजाइन में बाईं ओर मणिपुर की ऐतिहासिक धरोहर 'कांगला महल' और दाईं ओर राज्य के पौराणिक प्राणी 'कांगला सा' को दर्शाया गया है। इससे मणिपुर के लोगों द्वारा देश की स्वतंत्रता , संप्रभुता और सुरक्षा के लिए दिए गए बलिदान को महत्व दिया गया है।

'कांगला महल' मणिपुर का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल है। 'कांगला-सा' मणिपुर का राज्य प्रतीक भी है। इस युद्धपोत का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया और यह प्रोजेक्ट 15 बी श्रेणी का तीसरा विध्वंसक पोत है जो निर्देशित मिसाइल प्रणाली से लैस है। अप्रैल 2019 में इसके शुभांरभ के समय इस युद्धपोत को इम्?फाल नाम दिया गया और एमडीएल द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को इसे भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। कमीशन से पहले परीक्षणों के दौरान इस युद्धपोत ने हाल ही में विस्तारित रेंज की एक ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया। समुद्री परंपराओं और नौसैनिक रिवाजों के अनुसार भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों के नाम प्रमुख शहरों, पर्वत श्रृंखलाओं, नदियों, बंदरगाहों और द्वीपों के नाम पर रखे गए हैं।

# पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तानी कलाकारों को भारत में प्रस्तुति देने से रोकने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा- इतनी छोटी सोच न रखें। साल 2016 में हुए उरी हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तानी कलाकारों पर 7 साल का बैन लगा दिया था। यह सीमा अब साल 2023 में खत्म हो गई है। सिने एक्टिविस्ट फैज अनवर कुरैशी ने इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। वहां से याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिका पर सुप्रीम कोट के जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की बेंच ने कहा कि हम बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने के इच्छुक नहीं है। आपको भी इस अपील पर दबाव नहीं डालना चाहिए। याचिकाकर्ता के खिलाफ हाईकोर्ट की ओर से की गई कुछ टिप्पणियों को हटाने की याचिका भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी।



■ सर्वोच्च अदालत ने कहा, छोटी सोच न रखें

■ उरी हमले के बाद 7 साल का बैन लगा था

### 1,200 करोड़ का जुर्माना लगाने के एनजीटी के आदेश पर रोक

सुप्रीम कोर्ट न नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अनुचित सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए महाराष्ट्र राज्य को 1,200 करोड़ का मुआवजा देने की मांग की गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा दायर अपील पर नोटिस जारी किया और इस बीच एनजीटी द्वारा जारी किए गए आदेश के लागू होने पर रोक लगा दी।

# तेलंगाना में प्रचार खत्म, कल मतदान

❖ आखिरी दिन सभी प्रमुख दलों ने प्रचार में झोंकी ताकत ❖ शाम तक जारी रही रैलियां, पदयात्राएं व नुक्कड़ सभाएं

**हैदराबाद,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम को समाप्त हो गया। सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), कांग्रेस और भाजपा के शीर्ष नेताओं ने अंतिम दिन राज्य भर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और रोड शो में भाग लिया। मोटरसाइकिल रैलियां, पदयात्राएं, नुक्कड़ सभाएं, पब्लिक मीटिंग और घर-घर जाकर प्रचार करना शाम तक जारी रहा। उम्मीदवारों और उनकी पार्टियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए आखिरी कोशिश की। बीआरएस ने 2018 के चुनावों में 119 सदस्यीय विधानसभा में 88 सीटें हासिल की थीं। अब यह यहां लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है, जबकि कांग्रेस और भाजपा दोनों सत्ता हासिल करने की कोशिश में हैं।



■ 119 सीटों के लिए कुल 2,290 उम्मीदवार मैदान में हैं

■ तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही बीआरएस

■ कांग्रेस दे रही है बीआरएस को कड़ी टक्कर, ताकत झोंकी

**राहुल, प्रियंका ने किया रोड शो**

राहुल व प्रियंका गांधी ने राज्य कांग्रेस प्रमुख रेवंत रेड्डी ने पार्टी उम्मीदवार मयनामपल्ली हनुमंत राव के समर्थन में हैदराबाद के मल्काजगिरी निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

**कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने वीडियो संदेश में बदलाव के लिए मतदान की अपील की**

### तेलंगाना की जनता से सोनिया की भावुक अपील

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में मंगलवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा। इसी बीच आज कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने तेलंगाना की जनता के लिए एक भावुक वीडियो संदेश जारी कर सूबे में बदलाव के लिए मतदान करने की अपील की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मैं आपके बीच भले ही नही आ पाई, लेकिन आप सबके दिल के बेहद करीब हूं। आज मै आप सबसे कहना चाहती हूं। तेलंगाना मां के शहीद बेटों का सपना पूरा होते देखना चाहती हूं। उन्होंने कहा-मेरी दिल से इच्छा है कि दोराला तेलंगाना को हम सब प्रजाला तेलंगाना में बदल दें।

सीईईडब्ल्यू के अध्ययन से मिली जानकारी

# विकसित देशों के लोग ज्यादा फैला रहे कार्बन प्रदूषण

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। काउंसिल ऑन एनर्जी, इनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के नए अध्ययन के अनुसार, कई विकसित देशों में औसत आय वाले एक व्यक्ति का कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत और आसियान क्षेत्र जैसे विकासशील देशों की जनसंख्या में शीर्ष 10 प्रतिशत अमीरों की श्रेणी के किसी व्यक्ति के कार्बन उत्सर्जन से कहीं ज्यादा है। सीईईडब्ल्यू द्वारा मंगलवार को यहां इस बारे में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट 'द इमीशन डिवाइडः इनएक्विलिटी एक्रॉस कंट्रीज एंड इनकम क्लासेज' के अनुसार सऊदी अरब, अमेरिका या ऑस्ट्रेलिया में कम आय वर्ग की 10 प्रतिशत आबादी में शामिल किसी भी व्यक्ति का कार्बन उत्सर्जन भारत, ब्राजील या आसियान क्षेत्र के सबसे गरीब वर्ग के व्यक्ति की तुलना में 6 से 15 गुना ज्यादा होता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आयी है जब दुनिया भर के नेता इस महीने के अंत में पेरिस जलवायु समझौते को लागू करने में देशों की प्रगति की वैश्विक समीक्षा के लिए दुबई में 28वें संयुक्त राष्ट जलवायु सम्मेलन (कॉप28) में जुट रहे हैं। सीईईडब्ल्यू की विज्ञप्ति के अनुसार उसका यह अध्ययन रेखांकित करता है कि विकसित देशों और चीन की तरफ से सतत जीवनशैली अपनाने और विकासशील देशों के लिए कार्बन स्पेस को बरकरार रखने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। वर्ल्ड इनएक्विलिटी डेटाबेस और विश्व बैंक के आंकड़ों पर आधारित सीईईडब्ल्यू के अध्ययन ने विकसित और विकासशील दुनिया के 14 देशों, यूरोपीय संघ और आसियान क्षेत्र में विभिन्न आय वर्गों के लिए प्रति व्यक्ति कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन का विश्लेषण किया है।

■ विकसित देश का औसत कमाई वाला, भारत के बड़े अमीर से ज्यादा करता है कार्बन प्रदूषण

# बदरीनाथ धाम ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

**देहरादून,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में ठंड के साथ-साथ बारिश का दौर भी शुरू हो गया है। इसी बीच पहाड़ों पर अचानक मौसम बदलने से बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद लगातार बर्फबारी हो रही है। जिससे बदरीनाथ धाम में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। मौसम विभाग ने आज फिर बर्फबारी और कोहरा छाने का अंदेशा जताया है। जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ सकती हैं। बीते दिन प्रदेश भर में कोहरा देखा गया। वहीं, मंगलवार की शुरुआत भी हल्के कोहरे के साथ हुई है। साथ ही मैदानी क्षेत्रों में बादल भी छाए हैं। मौसम के करवट बदलने से बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में बर्फबारी हुई है। साथ ही अन्य उच्च हिमालय क्षेत्र पर बर्फबारी का सिलसिला भी जारी है। जिसके चलते पहाड़ से लेकर मैदान तक ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। यही नहीं, मसूरी में तापमान गिर गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ के कुछ जगहों पर गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।



■ ठंड के साथ-साथ बारिश का दौर भी शुरू

# संजय सिंह को नहीं मिली जमानत

## 6 दिसम्बर को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। आप नेता को जमानत नहीं मिल सकी। उन्होंने कोर्ट में 24 नवंबर को जमानत याचिका लगाई थी। कोर्ट ने इस मामले में ईडी को नोटिस जारी किया है। अब 6 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। कोर्ट ने ईडी को उसी दिन जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। आप सांसद बीते 56 दिन से हिरासत में हैं। ईडी ने उन्हें को 4 अक्टूबर को अरेस्ट किया था। संजय सिंह 4 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में हैं। 24 नवंबर को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था, जहां स्पेशल जज एमके नागपाल ने उनकी न्यायिक हिरासत 4 दिसंबर तक बढ़ा दी। इससे पहले संजय को 10 नवंबर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था।

**राजनीति** *तीन दिसम्बर से पहले कांग्रेस सहयोगियों से करेगी बात*

# इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस फिर सक्रिय

**नई दिल्ली, 28 नवम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म होते ही कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति कों लेकर इंडिया गठबंधन के दलों को फिर से साधने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि तीन दिसम्बर से पहले वह सहयोगी दलों से बातचीत करेगी। हालांकि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में उसका सहयोगी दलों के साथ जो रवैया रहा, वह आगे की राह में मुश्किलें खड़ी कर सकता है।**

मालूम हो कि पांच राज्यों के चुनाव से पहले 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन का गठन बड़ी गर्मजोशी के साथ हुआ था। लेकिन विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद यह नेपथ्य में चला गया। सीटों का बंटवारा न होने से कांग्रेस के खिलाफ इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों सपा, आम आदमी पार्टी,जद यू ने अपने उम्मीदवार भी उतारे और भाजपा के साथ ही कांग्रेस पर भी जमकर हमला किया। लेकिन अब सूत्र बता रहे हैं कि मंगलवार को तेलंगाना का चुनाव प्रचार खत्म होते ही कांग्रेसी रणनीतिकार इंडिया गठबंधन की रणनीति को लेकर चर्चा करने लगे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि तीन दिसम्बर से पहले कांग्रेस इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगियों सें बातचीत कर अगली बैठक की जगह और तारीख तय करने की कोशिश करेगी। इसके जरिए कांगेस सहयोगी दलों के साथ संबंधों में आई कड़वाहट दूर करेगी।



■ शीतकालीन सत्र के लिए भी तय करेगी रणनीति

### गठबंधन में शामिल हो सकती हैं मायावती

हालांकि बसपा प्रमुख मायावती ने ऐलान किया है कि वह लोकसभा चुनाव 2024 में बिना किसी बडे दल के साथ गए अकेले मैदान में उतरेंगी। पार्टी न तो इंडिया गठबंधन के साथ जाएगी और न ही एनडीए के साथ ही कोई रिश्ता रखेगी। लेकिन बसपा के कई बडे नेता इंडिया गठबंधन के साथ जाने के पक्ष में हैं। लिहाजा मायावती अगर अपने नेताओं की राय पर सहमत हुई तो इंडिया गठबंधन के साथ जा सकती हैं। पार्टी के एक लोकसभा सांसद ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बिना गठबंधन बसपा का आगामी लोकसभा चुनाव में कोई भविष्य नहीं है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "वह घर आने वाली एसीएफ टीम का सहयोग करें और लक्षणों के आधार पर जांच जरूर कराएं। दो हफ्ते से लगातार खांसी रहना, खांसी के साथ बलगम में खून आना, दो हफ्ते से ज्यादा बुखार रहना, वजन कम होना, रात में सोते समय पसीना आना, भूख कम लगना इत्यादि टीबी के लक्षण हैं। यदि परिवार में किसी के इससे मिलते जुलते लक्षण हैं तो छिपाएं नहीं, जांच जरूर कराएं।

**डॉ. आर.पी. सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी**

## डीएम ने जिला अस्पताल का औचक रूप से किया निरीक्षण

**नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला अस्पताल नोएडा में आने वाले मरीजों को सभी स्वास्थ्य सेवाएं मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने एवं प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य को लेकर संचालित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जिला अस्पताल नोएडा का औचक रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बाल रोग विभाग, ए.आर.वी., डिस्पेंसरी, जन औषधि स्टोर एवं ओपीडी डिपार्मेंट का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी स्वास्थ्य सेवाएं मानकों के अनुरूप बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाए और प्रदेश सरकार द्वारा जो स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं योजनाएं संचालित की जा रही हैं उनका भी पात्र व्यक्तियों तक भरपूर लाभ पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजिका का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन उपस्थिति पंजिका की मॉनिटरिंग करें एवं डॉक्टर व स्टाफ को निर्देश दिए कि सभी निर्धारित समय अनुसार अपनी-अपनी ड्युटियों पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल की डिस्पेंसरी में सभी दवाओं की उपलब्धता रखी जाए, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी दवा को बाहर से खरीदने की जरूरत न पड़े, उनको सभी दवाएं अस्पताल डिस्पेंसरी से ही उपलब्ध हो सके।



- **बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश**
- **अस्पताल की डिस्पेंसरी में रहे सभी दवाओं की उपलब्धता, मरीजों को बाहर से न खरीदनी पड़े दवा : डीएम**

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में सभी मूलभूत सुविधाओं को मांनको के अनुरूप सुदृढ़ रखा जाए, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और अस्पताल परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाए। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रेनू अग्रवाल तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नोएडा में मौसम ने मारी पलटी, लोगों की कंपकंपी छुटी

**नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर में मंगलवार को सुबह धुंध और ठंड ने लोगों की कंपकंपी छुटा दी। सुबह सूरज के दर्शन दिए, लेकिन कोहरे ने अपना प्रभाव दिखाया। धुंध और कोहरे की वजह से लोगों को सड़कों पर चलने में परेशानी हुई। बादलों और धुंध ने शहर को अपने आगोश में ले लिया। हवा इतनी सर्द रही सड़कों पर निकले मफलर, टोपी, दस्तानों में नजर आए। अधिकतम तापमान 25 और न्यूनतम तापमान 12 सेल्सियस रहा। कोहरे के कारण न्यूनतम दृश्यता 50 मीटर तक की कमी दर्ज की गई।

- **धुंध व कोहरे की वजह से लोगों को सड़कों पर चलने में हुई परेशानी**

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 24 घंटे के अंदर घना कोहरा पड़ने की संभावना है। इस वजह से दृश्यता 100 मीटर या उससे कम हो सकती है। सुबह नौ बजे ग्रेटर नोएडा का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 326 व नोएडा का 313 रहा। यह वायु प्रदूषण की बहुत खराब श्रेणी हैं। लगातार दूसरे दिन नालेज पार्क-3 में मानिटरिंग स्टेशन की मशीन में तकनीकी खराबी के कारण एक्यूआई नहीं जारी हो सका। लेकिन नालेज पार्क- 5 में एक्यूआई 326 दर्ज किया गया। इसी तरह नोएडा सेक्टर-62 में एक्यूआई 338 (बहुत खराब श्रेणी), सेक्टर-125 में एक्यूआई-305 (बहुत खराब श्रेणी), सेक्टर-1 में एक्यूआई 300 (खराब श्रेणी), सेक्टर-116 में एक्यूआई 310 के साथ (बहुत खराब श्रेणी) में दर्ज किया गया। आगामी दिनों में एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में बना रहेगा। इससे सांस रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### बुखार के अलावा ईएनटी ओपीडी में मरीजों की संख्या में हुआ इजाफा

जिला अस्पताल में बुखार के अलावा ईएनटी ओपीडी में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में लोग जुकाम, बुखार, सर्दी, खांसी, गले में खराश की समस्या लेकर अस्पताल आए। अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार का कहना कि गले के संक्रमण से सांस लेने में परेशानी होती है।

संक्रमण से बचने के लिए साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें। रात में पंखा या एसी नहीं चलाएं। वहीं गले में दर्द है तो गर्म पानी से गरारे करें।

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहा बांग्लादेशी नागरिक गाजियाबाद में गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने मंगलवार को एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह लंबे समय से भारत में अवैध रूप से रह रहा था। उसके कब्जे से बांग्लादेश सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट की छायाप्रति, दिल्ली प्रदेश में निवास का कूचरचित आधार कार्ड तथा एक मोबाइल एंव एक स्कूटी बरामद हुई।

- **पासपोर्ट, फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल व स्कूटी बरामद**

डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया कि थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध रुप से भारत में निवासित 1 बांग्लादेशी नागरिक शहादत नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी उम्र 33 वर्ष है। जो फिलहाल वह ई-46 डी-35/431 जैन मन्दिर दिलशाद कालोनी झिलमिल शाहदरा दिल्ली में अवैध रूप से रह रहा था। उसका जन्मस्थान पता उत्तर राजापुर, राजापुर बाजार सरनखोला बागेरहट बांग्लादेश है। उसके दो अन्य साथी आरिफ तथा सुहैल उर्फ हुसैन सीमापुरी की झुग्गी झोपड़ी दिल्ली रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे। जिनकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है ।

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि वह मूल रूप से बांग्लादेश के ग्राम राजापुर थाना राहिन्दा जिला बागेरहट (खुन्ना प्रदेश) बांग्लादेश का रहने वाला है तथा काफी समय से दिल्ली में निवास कर रहा है। पकड़े न जाए इस लिए उसने कूटरचित तरीके से दिल्ली में अपना आधार कार्ड बनवा लिया है यदि कोई उसकी आई डी चेक करता है तो फर्जी आधार कार्ड दिखाकर अपनी असली पहचान छुपाता है। अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी एवं नकबजनी जैसे अपराध कारित करता है। उसके विरुद्ध गाजियाबाद में चोरी, नकबजनी, एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट आदि के पांच मामले दर्ज है।

## सार संक्षेप

### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद बेटी से मिलने पहुंचे नोएडा

**नोएडा।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मंगलवार को अपनी बेटी से मिलने नोएडा पहुंचे। पूर्व राष्ट्रपति दिल्ली आवास से अपने काफिले के साथ डीएनडी होते हुए सेक्टर-75 पहुंचे। सेक्टर-75 में स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। वह सेक्टर-75 स्थित एक सोसाइटी में उनकी बेटी का फ्लैट है, जिसे देखने के लिए वह आए हैं। उनकी सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद लगभग महीना पहले नोएडा दौरे पर आए हुए थे। उस वक्त भी उन्होंने सेक्टर-75 में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। बताया जाता है कि उस समय भी वह अपनी बेटी से ही मिलने आए थे। पूर्व राष्ट्रपति के आगमन को लेकर गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट एलर्ट रही। उनकी सुरक्षा के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए। उनके आगमन से कुछ देर के लिए यातायात में बाधा आई थी, लेकिन शीघ्र ही उसे ठीक कर लिया गया।

### लूट के 11 फोन के साथ चार लुटेरा गिरफ्तार

**नोएड।** दिल्ली एनसीआर में भीड़-भाड़ वाले स्थानों से लोगों के फोन छीन करके फरार होने वाले चार शातिर लुटेरों को फेज वन थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने लूट के 11 फोन और दो बाइक और 4 चाकू को बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम थाना क्षेत्र में गस्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मिली एक सूचना पर सेक्टर 4 से चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान गौतम चौधरी निवासी खोड़ा, विशाल निवासी हरौला, रतन चौधरी निवासी खोड़ा और राजकमल महतो निवासी सेक्टर 5 के रुप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि चारों आरोपी शातिर किस्म के लुटेरे हैं। जो पिछले एक साल शहर में चोरी और लूट की वारदात को अंजाम दे रहे थे। पकड़े गए आरोपियों के नाम शहर में चोरी और लूट के कुल 16 मामले दर्ज पाए गए हैं। पुलिस की टीम आरोपियो के साथ शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी कर रही है।

### श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**नोएडा।** श्री मनोरथानंद विश्व सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के पावन तत्वाधान पावन कार्तिक मास में हाइडे पार्क सोसायटी मंदिर सेक्टर-78 नोएडा में 20 नवम्बर से 26 नवम्बर तक श्रीमद् भागवत कथा में आए हुए वृंदावन से प्रसिद्ध कथाकार मां पीतांबरापुत्र आचार्य नरेश महाराज ने कथा की दिव्य महिमा बताते हुए कहा कि मनुष्य को आंतरिक बल भगवान के भजन तथा सत्य से मिलता है जो कथा देवताओं को दुर्लभ है वह कथा हमें इस कलिकाल में सुलभता से प्राप्त हो रही है कथा के विश्राम दिवस पर महाराज श्री ने बताया कि जीवन में सत्संग अति आवश्यक है सत्संग से मन की शुद्धि होती है और मन फिर भगवान के श्री चरणों से जुड़ता है। महाराज श्री सनातन संस्कृति और संस्कारों से जुड़े रहने का आग्रह किया इसके बाद भगवान के दिव्य विवाहों का वर्णन एवं सुदामा चरित्र का विस्तारीकरण करते हुये हजारो भक्तों भाव विभोर किया इस सुंदर अवसर पर कथा के संयोजक संजीव शर्मा निखिल शर्मा पारस शर्मा नवीन शर्मा श्वेता शर्मा एवं सोसायटी के सभी भक्तजन उपस्थित रहे।

## आरआरटीएस कॉरिडोर ने परतापुर रेलवे लाइन को सफलतापूर्वक किया पार

**गाजियाबाद,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर ने परतापुर, मेरठ से गुजर रही रेलवे लाइन को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। इस प्रक्रिया को कई चरणों में पूर्ण किया गया, जिसमें दो पोर्टल पिलर्स (यू शैल बीम) निर्मित किए गए और उसके ऊपर स्टील से बने दो स्पेशल स्पैन को स्थापित किया गया है।

- **स्थापित किए गए 45 मीटर लंबे दो स्पेशल स्टील स्पैन**



एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स शहरवासियों को मेरठ मेट्रो की सुविधा प्रदान करने के लिए परतापुर स्थित रेलवे लाइन को पार करना अनिवार्य था। सड़क मार्ग पर यातायात के लिए पहले से ही एक फ्लाईओवर है। आरआरटीएस कॉरिडोर को भी मेरठ की दिशा में जाने के लिए रेलवे लाइन को पार करना अवश्यक था। इसके लिए दो स्पेशल स्टील स्पैनों को निर्धारित योजना के तहत, रेलवे से न्यूनतम अवधि के लिए रूट ब्लॉक करके उच्च क्षमता वाली क्रेनों की सहायता से स्थापित किया गया है। इन स्टील स्पैन्स पर रेल के आने और जाने के लिए दो ट्रैक बनाए जाएंगे।

## नगर आयुक्त ने संभव कार्यक्रम में की जनसुनवाई

**गाजियाबाद,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में हुआ सम्भव (जनसुनवाई) का आयोजन किया गया। जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने प्राप्त शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में संभव-जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें 10 संदर्भ प्राप्त हुए जिनमें विजयनगर, संजय नगर, दीनदयालपुरी नन्दग्राम, वैशाली, चिरंजीव विहार आदि की अतिक्रमण, स्ट्रीट लाईट, जल भराव, साफ-सफाई, टैक्स, सड़क निर्माण सहित अधिकांश समस्याएं स्वास्थ्य विभाग तथा जलकल विभाग से संबंधित रहीं। सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों पर गंभीरता से गुणवत्तापूर्वक निवारण करने एवं तत्काल जन-शिकायतों को निस्तारित करने निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं के समाधान में विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



नगर आयुक्त के नेतृत्व में संभव-जनसुनवाई में अधिकारियों ने प्राप्त समस्याओं पर मंथन कर अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कार्रवाई करायी, कई क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा भी नगर आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा गया।

नगर आयुक्त द्वारा संभव-जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश को संबंधित विभागीय अधिकारियों से कार्रवाई कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिये निर्देश।

संभव-जनसुनवाई के मौके पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक सहित संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, मुख्य अभियंता निर्माण एन.क.चौधरी, मुख्य कारण निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, महाप्रन्धक जल एवं प्रकाश प्रभारी आस कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर लाखों कमाने का झांसा देकर 15 लाख ठगे

**नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। साइबर ठगों ने ग्रेटर नोएडा के रहने वाले एक युवक को घर बैठे पार्ट टाईम जॉब कर लाखों कमाने का झांसा देकर उनके साथ 12 लाख रुपए की ठगी कर ली है। जालसाजों ने पीड़ित को एक टेलीग्राम के ग्रुप में जोड़ कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। इसको लेकर उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्रेटर नोएडा के ग्रीन पैराडाइज सोसाइटी के रहने वाले प्रशांत गुप्ता ने बताया कि उनके पास कुछ समय पहले व्हाट्सऐप पर एक मैसेज आया था। जिसमें घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग करके लाखों रुपए कमाने की बात की गई थी। उन्होंने जब उन लोगों से बात किया इस दौरान उनको एक टेलीग्राम के ग्रुप में जोड़ दिया गया। इस ग्रुप में 100 लोग जुड़े हुए थे। इसके बाद आरोपियों ने उनको कुछ यूट्यूब और ई-कॉमर्स वेबसाइट के ऑनलाइन पेज को अच्छा रेटिंग और रिव्यू करने का टास्क दिया। जिसको उन्होंने पूरा कर दिया। इस दौरान उनको कुछ फायदा हुआ। जालसाजों ने उनको दूसरे टास्क में ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए कहा। इस दौरान उनका एक अकाउंट बना दिया गया। इसके जरिए उन्होंने कई कंपनियों के शेयर में निवेश किया। जिसमें शुरुआती दौर में उनको फायदा हुआ लेकिन जब उनकी रकम लाखों में पहुंच गई तो उनके अकाउंट को बंद कर दिया गया। इसके बाद फिर से अकाउंट को खोलने का झांसा देकर जालसाजों ने कई बार में 15 लाख रुपए ले लिए।

### टास्क पूरा कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर 20 लाख

**नोएडा।** पार्ट टाइम नौकरी कर घर बैठे लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति के साथ 20 लाख 65 हजार रुपए की ठगी कर ली। निवेश पर मुनाफा होने का झांसा देकर जालसाजों ने पीड़ित से खाते में रकम ट्रांसफर कराई। साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में रेल विहार कालोनी के रमेश कुमार ने बताया कि बीते दिनों उसके टेलीग्राम अकाउंट पर पार्ट टाइम नौकरी के संबंध में एक मैसेज आया। शिकायतकर्ता ने जब मैसेज में दी गई रिक्वेस्ट को स्वीकार कर लिया तब जालसाजों ने खुद को इमेजिन इंटरटेनमेंट कंपनी का कर्मचारी बताते हुए अंग्रेजी फिल्मों की रेटिंग करने का काम दिया। ऐसा करने पर जालसाजों ने प्रारंभिक चरण में कुछ रकम शिकायतकर्ता के खाते में ट्रांसफर कर दी। इसके बाद जालसाजों ने पीड़ित को एक वेबसाइट पर रजिस्टर कराया और उसे पासवर्ड भी दिया। संबंधित वेबसाइट को एक्सेस करते ही ट्रायल पेज खुला जिसमें फिल्मों की रेटिंग करने का टास्क मिला। शुरू के कुछ टास्क पूरा करने पर पीड़ित के खाते में रकम मुनाफे समेत आती रही। इसके बाद जालसाजों ने पीड़ित से कहा कि अगर वह इसको आगे बढ़ाना चाहते हैं तो कस्टमर सर्विस द्वारा बताए गए खाते में साढ़े दस हजार रुपए ट्रांसफर करने होंगे। इसके बाद प्रीपेड टास्क के तहत तीन गुना मुनाफा होने की बात कहकर करीब 20 लाख रुपए का निवेश करा लिया गया। पीड़ित पर जब और पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा तो उसने अपने पैसे वापस मांगे। इसके बाद जालसाजों ने शिकायतकर्ता को टेलीग्राम ग्रुप से बाहर कर दिया।

## शादी समारोह से लौट रहे चार युवकों को रोडरेज में पीटा

**नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित शादी समारोह से वापस लौट रहे नोएडा के चार युवकों के साथ रोडरेज की घटना में मारपीट की गई। आरोपी मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित युवकों ने थाना सेक्टर 126 में दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम याकूबपुर निवासी रोहित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि विगत 25 नवम्बर की रात वह अपने भाई दीपक, प्रवीण तथा राहुल के साथ फरीदाबाद में आयोजित एक शादी समारोह में हिस्सा लेकर वापस अपने घर लौट रहे थे। उनकी कार जैसे ही पुश्ता रोड जेपी हॉस्पिटल के पास पहुंची तो पीछे से एक अर्टिगा कार ने उनकी कार को ओवरटेक करने की कोशिश की। जगह कम होने के कारण वह अर्टिगा कार को साइड नहीं दे पाए। इस दौरान अर्टिगा कार चालक लगातार उन्हें ओवरटेक करने का प्रयास करता रहा।

कुछ आगे जाकर अर्टिगा कार ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रुकवा लिया। अर्टिगा कार से निकले चार युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसके गले में पहनी हुई चेन भी कहीं गिर गई। पीछे से किसी वाहन को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। रोहित ने ग्राम मंगरौली निवासी मुकुल पुत्र देवेंद्र व आकाश पुत्र प्रदीप सहित दो अन्य ज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## मोबाइल लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना फेस 1 पुलिस ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे एनसीआर में मोबाइल लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए 11 मोबाइल फोन कर चाकू व चोरी की दो बाइक बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपियों पर विभिन्न थानों में लूट व चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपियों में दो सगे भाई हैं।

नोएडा जोन एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना फेस 1 पुलिस ने सेक्टर 4 स्थित पार्क से चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सगे भाई गौतम चौधरी व रतन चौधरी निवासी खोड़ा कॉलोनी, विशाल जाटव निवासी ग्राम हरौला नोएडा और राजकमल महतो निवासी सेक्टर 5 नोएडा के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से एक-एक चाकू तथा चोरी किए गए 11 मोबाइल फोन बरामद हुए है। आरोपियों के पास से दो बाइक भी बरामद हुई। जांच में पता चला कि बरामद बाइक में से एक बाइक थाना फेस 1 क्षेत्र और दूसरी दिल्ली से चोरी की गई थी। पकड़े गए गौतम चौधरी पर गैंगस्टर एक्ट सहित चार मामले दर्ज हैं। पकड़े गए विशाल जाटव पर आठ, रतन चौधरी व राजकमल पर दो-दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी शातिर किस्म के बदमाश हैं। यह भीड़-भाड़ वाले स्थान में मोबाइल चोरी में लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। आरोपियों ने मोबाइल लूट व चोरी की दर्जनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

**आयोजन** — एनटीईपी के अन्तर्गत सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान आयोजित

## सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान में पांच दिन में मिले टीबी के 12 नए मरीज

नोएडा, 28 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अन्तर्गत 23 नवम्बर से शुरू हुए सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के तहत घर-घर टीबी रोगी खोजे जा रहे हैं। पिछले पांच दिनों में अभियान के दौरान 12 सक्रिय क्षय रोगी खोजे जा चुके हैं। सभी को पोर्टल पर दर्ज कर उनका उपचार शुरू कर दिया गया है। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह ने मंगलवार को दी। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि 23 नवम्बर से शुरू हुआ अभियान पांच दिसम्बर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 23 से 27 नवम्बर तक घर-घर जाकर करीब 2.14 लाख लोगों टीबी स्क्रीनिंग गई।

जिसमें लक्षणों के आधार पर 364 लोगों के बलगम की जांच की गई। जांच में 12 लोग पॉजिटिव मिले। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जनपद की करीब 18.5 लाख आबादी के सापेक्ष करीब 3.92 लाख आबादी की टीबी की स्क्रीनिंग की जानी है।

अभियान के तहत कुल आबादी का 20 प्रतिशत कवर किया जाएगा। इसके तहत करीब 98 हजार घरों पर एसीएफ टीम दस्तक देंगी। अभियान के लिए जनपद में 195 टीम गठित की गई हैं।

हर टीम में तीन सदस्य हैं। हर टीम पर निगरानी रखने के लिए 39 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। संपूर्ण अभियान पर नजर रखने के लिए नौ नोडल अधिकारी बनाये गए हैं। ज्ञात हो कि जनपद में नौ टीबी यूनिट - बिसरख, दादरी, भंगेल, दनकौर, जेवर, ममूरा, नोएडा, बरौला, नोएडा, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) हैं।

- **अभियान के लिए गठित 195 टीम जुटीं हैं टीबी मरीजों की खोज में**
- **लक्षणों के आधार पर की जा रही टीबी की जांच**

### अभियान में करें सहयोग, कराएं टीबी की जांच

डॉ. सिंह ने लोगों से अपील की है कि वह घर आने वाली एसीएफ टीम का सहयोग करें और लक्षणों के आधार पर जांच जरूर कराएं। दो हफ्ते से लगातार खांसी रहना, खांसी के साथ बलगम में खून आना, दो हफ्ते से ज्यादा बुखार रहना, वजन कम होना, रात में सोते समय पसीना आना, भूख कम लगना इत्यादि टीबी के लक्षण हैं। यदि परिवार में किसी के इससे मिलते जुलते लक्षण हैं तो छिपाएं नहीं, जांच जरूर कराएं। घर आने वाली टीम बलगम जांच के लिए डिब्बी देगी, जिसमें सुबह का पहला बलगम जांच के लिए देना है।

उन्होंने बताया कि सबसे पहले घरों में एसीएफ अभियान चलाया जा रहा है। उसके बाद अनाथालय वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा, नवोदय विद्यालय, कारागार, सब्जी मंडी, फल मंडी, लेबर मार्केट, निर्माणाधीन प्रोजेक्ट, ईंट भट्ठों, स्टोन क्रेशर, साप्ताहिक बाजारों में अभियान चलाया जाएगा।

पीपीएम कोऑर्डिनेटर पवन भाटी ने बताया कि 23 नवम्बर को 42903 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें टीबी के लक्षणों के आधार पर 38 लोगों बलगम के सैंपल लिये गये, जिसमें एक पॉजिटिव मरीज मिला। 24 नवम्बर को 42143 लोगों की स्क्रीनिंग में 83 लोगों के सैंपल लिये गये, जिसमें तीन मरीज मिले। 25 नवम्बर को 42636 लोगों की स्क्रीनिंग हुई, 76 सैंपल लिये, तीन मरीज मिले। 26 नवम्बर को 40975 लोगों की स्क्रीनिंग में 77 सैंपल लिये गये, एक भी पॉजिटिव नहीं निकला। इसी तरह 27 नवम्बर को 45574 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, 90 लोगों के बलगम के सैंपल लिए गए, जिसमें पांच नये मरीज चिन्हित हुए।

## तेज रफ्तार कार ने मोपेड बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

**जेवर,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। कस्बे के कानीगढ़ी रोड पर मंगलवार देर शाम एक तेज रफ्तार कार ने मोपेड बाइक सवार युवक को टक्कर मारने के बाद युवक को काफी दूर तक घसीट दिया। कार का चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। लोगो से मिली जानकारी के अनुसार जेवर के मोहल्ला टंकी वाला निवासी बादशाह 35 अपनी मोपेड बाइक से गांव गांव जाकर मूंगफली आदि बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। मंगलवार को वह मोपेड बाइक से मूंगफली लेकर की कानीगढ़ी गांव में बेचने के लिए गए था। मूंगफली बेचकर देर शाम वह अपने घर लौट रहा था। कस्बे के कानीगढ़ी रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप पहुंचने पर जेवर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी मोपेड बाइक मे सामने से जोरदार टक्कर मार दी तथा कार चालक उसे घसीटता हुआ काफी दूर तक ले गया। हादसे के बाद कार चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर अवस्था में जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस मृतक के शव व कार को कब्जे में ले लिया है। शिकायत मिलने पर आरोपित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



# कैपिटल ज़ोन

उवाच

मंगलवार को वह उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह व पुलिस बल के साथ गस्त कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हत्याकांड के वांछित आरोपित अभिराज को खुर्जा रोड स्थित नीमका गांव के बस स्टैंड से हिरासत में ले लिया।

**मनोज सिंह चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक**

## रेरा ने आवंटी को छह वर्ष बाद भूखंड पर कब्जा के लिए कराया समझौता

■ विलम्ब का ब्याज के साथ आवंटी को मिलेगा लाभ, 2017 में मिलना था कब्जा

**ग्रेटर नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा कन्सिलीएशन फोरम ने प्रोमोटर मेसर्स सनसिटी हाईटेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि. की गाजियाबाद स्थित 'रॉयल कैसल' परियोजना के एक आवंटी राम कुमार बंसल को उनके दो भूखंडों का कब्जा, विलम्ब अवधि के ब्याज के साथ, दिलाने के लिए समझौता कराया है। दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से हुए समझौते के अनुसार प्रोमोटर द्वारा आवंटी को लगभग रुपए 22 लाख विलम्ब अवधि का ब्याज मिलेगा जो भूखंड का कब्जा प्राप्ति के समय अंतिम मांग में समायोजित किया जाएगा तथा अगले 2 वर्ष में एग्रीमेन्ट में लिखित सुविधाओं सहित भूखंड पर कब्जा देना सुनिश्चित करेगा।

समायोजन के अतिरिक्त शेष बकाया राशि का भुगतान आवंटी द्वारा कब्जा प्राप्ति के पूर्व किया जाएगा। आवंटी के अनुसार उसने परियोजना में वर्ष 2013 में 2 भूखंडों की बुकिंग की थी। लगभग रुपए 76 लाख की लागत वाले भूखंडों के लिए आवंटी द्वारा एग्रीमेन्ट फोर सेल के अनुसार लगभग रुपए 25 लाख का भुगतान किया जा चुका था। आवंटी को सितम्बर 2017 तक कब्जा मिलना था, लेकिन कब्जा प्राप्त नहीं हुआ। परियोजना पर कोई कार्य न होने, इकाई का कब्जा प्राप्त होने में हो रही देरी और विलंबित अवधि के लिए आवंटी ने 2021 में उ.प्र. रेरा में शिकायत दर्ज की थी। पीठ से पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से प्रकरण कन्सिलीएशन फोरम में हस्तान्तरित किया गया था। उ.प्र. रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी के अनुसार वर्चुअल सुनवाई के दौरान कई ऐसे प्रकरण सामने आते है जिसमें उभयपक्ष आपसी सहमति से विवाद का समाधान करना चाहता है। ऐसे प्रकरणों को कन्सिलीएशन फोरम में हस्तान्तरित कर दिया जाता है, जहां कन्सिलीएटर की मध्यस्थता से विवाद का समाधान करा दिया जाता है। उ.प्र. रेरा द्वारा एनसीआर में स्थापित कन्सिलीएशन फोरम में सुनवाई के माध्यम से लगभग 1,300 से ज्यादा मामलों में लगभग रुपए 510 करोड़ की परिसंपत्तियों को विवाद मुक्त कराया गया है।

# जिलाधिकारी ने अवैध रूप से भूजल का दोहन करने वालों पर जुर्माना लगाने का दिया निर्देश



■ भूगर्भ जल को संरक्षण करने को लेकर जिले में जागरूकता गोष्ठियों का हो आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में हुई। बैठक में भूगर्भ जल अधिकारी अंकित राय ने जिलाधिकारी को अवगत कराया की विभागीय पोर्टल पर कल 52 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके सापेक्ष जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति के द्वारा प्राधिकरणों की आख्या प्राप्त होने के उपरांत आवेदनों को स्वीकृत किया जाएगा, 13 आवेदन को अस्वीकृत किया गया तथा 9 आवेदनों को राज्य प्राधिकरण को अग्रसारित किए जाने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने जिले में भूजल का अधिकतम संरक्षण कराने को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स को निर्देशित किया कि जिले में अभी तक भूगर्भ जल प्रयोजन के लिए जारी हो चुके अनापत्ति प्रमाण पत्र के सापेक्ष औद्योगिक, इंफ्रास्ट्रक्चर, कामर्शियल तथा सामूहिक उपभोक्ताओं द्वारा भू जल संरक्षण एवं पुनर्भरण के लिए रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का परिसर में निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार के लिए की जा रही गतिविधियों के संबंध में सभी से रिपोर्ट प्राप्त की जाए और यदि अनापत्ति प्रमाण प्राप्त करने के बावजूद उनके द्वारा वाटर रिचार्ज को लेकर यदि कोई गतिविधि नहीं की जा रही तो संबंधित का अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त की जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने भूगर्भ जल विभाग के अधिकारियों को अवैध प्लान्ट संचालकों पर दो लाख रूपए जुर्माना व मेफेयर रेजिडेंसी टेक जोन 4 पर प्राथमिकी दर्ज करने तथा सिक्का कामना ग्रीन्स सेक्टर 143 में अवैध भूजल दोहन के संबंध में 5 लाख का जुर्माना लगाने के लिए निर्देशित किया गया है।

सेक्टर 75 के फ्यूटेक तथा गार्डन गैलेरिया हाउसिंग सोसायटी पर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए है। अवैध भूजल निष्कर्षण के लिए कुल जुर्माना 23 लाख रुपए लगाया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद वासियों को जल सरंक्षण के लिए जागरूकत करने के उद्देश्य से जागरूकता गोष्ठी का आयोजन निरन्तर स्तर पर कराया जाएं।

## जिलाधिकारी ने उद्यमियों व श्रम विभाग के साथ की समस्याओं को सुना

**ग्रेटर नोएडा।** उद्यमियों की समस्या के समाधान को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैठक की, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी समस्या का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने संगठन से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा बतायी गई जलभराव, विद्युत कटौती, ट्रैफिक जाम, ईएसआई अस्पताल निर्माण, टूटी सड़के, अतिक्रमण जैसी आदि समस्याओं का बहुत ही गहनता के साथ सुना। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के संबंध में जो आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर उद्यमियों के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन पर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी न श्रम बंधुओं की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि श्रम विभाग के अधिकारी प्रदेश सरकार के द्वारा श्रमिकों के हितार्थ चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ श्रमिकों को पहुंचाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण करते हुए उनके श्रम कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र श्रमिक वंचित न रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह, एडीसीपी हिर्देश सिंह, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, श्रम विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारीगण, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह, प्राधिकरणों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### सार संक्षेप

#### यीडा में किसानों के आबादी भूखंड निर्माण पर नहीं लगेगा जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण किसानों के आबादी के भूखंड पर निर्माण में देरी पर जुर्माना नहीं लगाएगा। अगर किसान ने आबादी का भूखंड बेच दिया तो खरीदने वाले पर जुर्माने का प्रावधान रहेगा। यमुना प्राधिकरण किसानों को कई राहत देने की तैयारी में है। आगामी बोर्ड बैठक में यमुना प्राधिकरण प्रस्ताव रखेगा। प्राधिकरण किसानों को आबादी के लिए भूखंड देता है। अगर इसका निर्माण तय समय पर नहीं होता है तो उस पर जुर्माना लगता है। किसान इस जुर्माने को खत्म करने की मांग कर रहे थे। अब प्राधिकरण यह जुर्माना खत्म करने जा रहा है। इसका प्रस्ताव 18 दिसम्बर को होने वाली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। प्राधिकरण मूल आवंटी पर जुर्माना नहीं लगाएगा। अगर मूल आवंटी ने भूखंड बेच दिया तो खरीदने वाले पर जुर्माना लगेगा।

#### लिफ्ट में फंसे बच्चों को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया बाहर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाएटी में एक बार फिर लिफ्ट फंसने



से 10 लोग जिंदगी और मौत के बीच फंस गए। लिफ्ट में फंसने वालों में कुछ बच्चे भी शामिल है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लोगों के मुताबिक सात बच्चों सहित 10 लोग लिफ्ट में फंसे रहे। करीब आधा घंटे के बाद कड़ी मशक्कत के बाद फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला गया। घटना के बाद बिसरख पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल सभी लोगों को बाहर निकाल दिया गया है। इससे पूर्व आम्रपाली में कई लोग लिफ्ट गिरने से मर चुके है। उसके बाद भी इस तरह की घटनाएं आम हो गयी है। हालांकि जेवर विधायक विधानसभा में लिफ्ट एक्ट पारित कराने की घोषणा कर चुके है। माना जा रहा है कि एक्ट पारित होने के बाद बिल्डरों पर शिकंजा कसा जा सकेगा।

## आम्रपाली के 25 एकड़ औद्योगिक भूखंड को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने खरीदा

■ ग्रेनो प्राधिकरण छोटे औद्योगिक भूखंड़ों की लाएगा योजना, 100 करोड़ का होगा फायदा

**ग्रेटर नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। आम्रपाली ग्रुप के 25 एकड़ के औद्योगिक भूखंड को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने खरीद लिया है। इससे प्राधिकरण को करीब 100 करोड़ रुपए का फायदा मिला है। अब प्राधिकरण इसमें छोटे औद्योगिक भूखंडों की योजना लाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आम्रपाली ग्रुप को हाउसिंग परियोजनाओं, आईटी पार्क और औद्योगिक भूखंड आवंटित किए थे। अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कोर्ट रिसीवर की निगरानी में परियोजनाओं को पूरा करा रहा है। एनबीसीसी आम्रपाली ग्रुप को आवंटित 25 एकड़ के औद्योगिक भूखंड को नीलामी कर रहा था। इस प्लाट की बोली 111 करोड़ रुपए तक गई। प्राधिकरण ने एनबीसीसी से संपर्क कर इस भूखंड को 111 करोड़ 151 रुपए में खरीद लिया। इससे प्राधिकरण को करीब 100 करोड़ का फायदा मिलेगा। प्राधिकरण के अनुसार, यह प्लाट करीब 199 करोड़ रुपए का है। प्राधिकरण ने प्री कास्ट फैक्ट्री के लिए इकोटेक सेक्टर-6 में 13 दिसम्बर 2020 को यह भूखंड आवंटित किया था। इस पर प्राधिकरण का करीब 28 करोड़ रुपए बकाया है। यह पैसा भी एनबीसीसी देगा। वहीं, आम्रपाली को जब आवासीय परियोजनाओं के लिए जमीन आवंटित की गई थी तब इसको 2.75 एफएआर दिया गया था। अब इन परियोजनाओं में एफएआर 3.5 प्रयोग किया जा रहा है। अब एनबीसीसी .75 एफएआर के लिए प्राधिकरण को पैसा देगा। यह पैसा करीब 450 करोड़ है।

# जुनपत-मथुरापुर में सीवर कनेक्शन के लिए 86 आवेदन आए

■ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण गांवों में लगा रहा मुफ्त कनेक्शन शिविर

■ अब तक छह गांवों से सीवर कनेक्शन के लिए 417 आवेदन मिले

**ग्रेटर नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से गांवों में सीवर कनेक्शन के लिए मुफ्त शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को जुनपत और मथुरापुर में शिविर लगाया गया। इन दो गांवों से सीवर कनेक्शन के लिए 86 आवेदन प्राप्त हुए। इससे पहले रविवार को बिरौंडा-बिरौंडी में आयोजित कैंप में 75 आवेदन और सोमवार को साकीपुर व गुलिस्तानपुर में आयोजित शिविर में सीवर कनेक्शन के लिए 256 आवेदन आए हैं। ग्रेटर नोएडा को स्वच्छता के पहले पायदान पर पहुंचाने के उद्देश्य से प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर को ग्रामीणों को सीवर का मुफ्त कनेक्शन देने के लिए बीते 26 नवम्बर से अभियान चलाया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का स्टाफ गांवों के सरकारी स्कूल या बरातघर में शिविर लगा रहा है। प्राधिकरण अब तक 6 गांवों, जुनपत, मथुरापुर, बिरौंडा, बिरौंडी और साकीपुर व गुलिस्तानपुर में शिविर लगाया जा चुका है, जिससे इन छह गांवों से सीवर कनेक्शन के कुल 417 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राधिकरण ने शेष गांवों में शिविर लगाने के लिए तिथिवार शेड्यूल जारी कर दिए हैं। सीवर विभाग के मुताबिक 29 नवम्बर को तुगलपुर व नामौली में, 30 नवम्बर को रामपुर व अमृतपुर में, 1 दिसम्बर को नवादा व जैतपुर, 2 दिसम्बर को चुहड़पुर व नटों की मड़ैया,



3 दिसम्बर को कयामपुर व ऐच्छर, 4 दिसम्बर को गुर्जरपुर व मलकपुर, 5 दिसम्बर को मुबारकपुर व बेगमपुर, 6 दिसम्बर को सूरजपुर व लखनावली, 7 दिसम्बर को हबीबपुर व डेरीन, 8 दिसम्बर को जलपुरा व हल्दौनी और 9 दिसम्बर को कुलेसरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। सीवर कनेक्शन के लिए आवेदक अपना आधार व फोटो साथ लाकर आवेदन कर सकते हैं। प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने अपील की है कि ग्रामीण तय तिथियों पर शिविर में जाकर सीवर के कनेक्शन आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। शिविर के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा, प्रबंधक शुभांगी तिवारी, हरिंदर सिंह सहायक प्रबंधक, मोहम्मद रमीज तकनीकी सुपरवाइजर, ललित राजपूत, तकनीकी सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए छात्र-छात्राओं ने निकाली साइकिल रैली

**ग्रेटर नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए, घर घर सन्देश पहुचायेंगे, जागरूक मतदाता बनाएंगे, इस सन्देश के साथ राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12 नोएडा के छात्र-छात्राओं के द्वारा साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। स्वीप कोर्डिनेटर डॉक्टर शालिनी सिंह ने बताया कि मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित रैली को जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साइकिल रैली के द्वारा युवा एवं महिला मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करते हुए अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चुनमुन रानी द्वारा किया गया एवं संपूर्ण कार्यक्रम स्वीप कोर्डिनेटर डॉक्टर शालिनी सिंह, वंदना यादव एवं गीता भाटी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार, मुख्य वक्ता समाज सुधारक सुमन चाहर, विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार एवं डॉक्टर ऋतु सिंह मौजूद रही।



■ रैली को जिला समाज कल्याण अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## एनसीसी 31वीं यूपी गर्ल्स बटालियन का रैंक समारोह का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में 31वीं यूपी गर्ल्स बटालियन का रैंक समारोह 2023-24 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसीपी



आर.के.तिवारी और फिटनेस कोच अनुप्रिया ने हमारे कैडेटों को प्रेरित किया और नई ऊंचाईयों तक पहुंचने के लिए प्रेरणा दी। उनका स्वागत लेफ्टिनेंट यशोधरा राज और एसयूओ प्रिया शर्मा ने किया जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार वी.के. गुप्ता, प्रॉक्टर प्रो. आलोक गुप्ता 31वीं यू पी गर्ल्स बटालियन से हारून और वेद प्रकाश भी उपस्थित थे और कैडेटों को अपने सपनों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का पाठ पढ़ाया। रैंक समारोह के दौरान पदानुक्रम के भीतर अपनी उपलब्धियों और प्रगति को चिह्नित करते कैडेट्स ने नए बैज और उपाधि प्राप्त की। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ बीके सिंह ने कार्यक्रम का समापन किया और सराहते हुए कहा कि यह कैडेट सबसे विश्वसनीय हैं एवं हम सभी को इनपर गर्व है। रैंक समारोह एक ऐसा आयोजन है जहां व्यक्तियों को किसी संगठन या संस्था के भीतर उनकी उपलब्धियों और पदोन्नति के लिए पहचाना और सम्मानित किया जाता है।

# मोहबलीपुर हत्याकांड का 6वां आरोपी गिरफ्तार

■ पांच आरोपितों को पुलिस पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

■ तीन आरोपियों की तलाश जारी



**जेवर,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को मोहबलीपुर हत्याकांड के एक आरोपित को नीमका गांव के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इससे पूर्व पुलिस पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है पुलिस फरार चल रहे दो नामजद व एक अज्ञात आरोपित की तलाश में जुटी है।

ज्ञात हो कि कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहबलीपुर में 14 नवम्बर को सात नामजद समेत नौ लोगों ने मिलकर गोवर्धन पूजा कर रहे लोगों को निशाना बनाते हुए घर में घुसकर गोलीबारी शुरू की थी। गोली लगने से 15वर्षीय मोहित, कपिल, हरेन्द्र व होरीलाल घायल हो गए थे। जिसमें उपचार के दौरान राकेश के पुत्र 15वर्षीय मोहित की मौत हो गई थी। पीड़ित राकेश की शिकायत पर पुलिस ने सोनू, गौरव, शिव, धर्मेन्द्र, रंजीत, अभिराज, निशांत व दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर चार नामजद सोनू, गौरव, निशांत, रंजीत व अज्ञात शिवनीत को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो तमंचा बरामद कर जेल भेज दिए थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि मंगलवार को वह उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह व पुलिस बल के साथ गस्त कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हत्याकांड के वांछित आरोपित अभिराज को खुर्जा रोड स्थित नीमका गांव के बस स्टैंड से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस दो नामजद समेत तीन आरोपितों की तलाश में जुटी है।

# सीपीएचआई एंड पीमेक इंडिया का 16वां संस्करण शुरू

■ फार्मा उद्योग के लिए दक्षिण एशिया के सबसे बड़े कारोबार मेला इंडिया एक्सपोमार्ट में

■ दुनिया भर से 50 हजार से अधिक आगंतुक, 1500 से अधिक प्रदर्शक और 80 देशों के प्रतिनिधि ले रहे हैं हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। फार्मास्युटिकल मैनुफैक्चरिंग को नया आयाम देते हुए ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में सीपीएचआई एंड पीमेक इंडिया 2023 की शुरूआत हुई। भारतीय फार्मा सेक्टर को गति प्रदान करने वाला 16वां संस्करण अब तक सबसे बड़ा संस्करण है, जो फार्मास्युटिकल उद्योग में क्रान्तिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है। इस संस्करण में हिस्सा लेने वाले हितधारक फार्मा से जुड़े सभी पहलुओं जैसे मशीनरी, पैकेजिंग, एनालिटिकल इन्स्ट्रूमेन्ट्स, लैबोरेटरी तकनीकों, उपकरणों, सहायक अवयवों, इन्ग्रीडिएन्ट्स आदि पर विचार-विमर्श करेंगे। उद्घाटन समारोह में शिरकत करने वाले दिग्गजों में डॉ. वीरामनी एस.वी, वाईस चेयरमैन, फार्मेक्सिल, हर्ष जैन, प्रेज़ीडेन्ट एफओपीई, राजाभानु, एक्ज़क्टिव डायरेक्टर फार्मेक्सिल, मिस मार्गरेट मा, प्रेज़ीडेन्ट



एवं सीईओ- इन्फोर्मा मार्केट्स एशिया, क्रिस ईव, एक्ज़क्टिव वाईस प्रेज़ीडेन्ट- इन्फोर्मा मार्केट्स एशिया, आदम एंडरसन, एक्ज़क्टिव वाईस प्रेज़ीडेन्ट- फार्मा, इन्फोर्मा मार्केट्स, योगेश मुद्रास, मैनेजिंग डायरेक्टर, इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया, राहुल देशपांडे, सीनियर ग्रुप डायरेक्टर, इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया और रजनीथ पॉल, ग्रुप डायरेक्टर, इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया शामिल थे। इस अवसर पर योगेश मुद्रास, प्रबंध निदेशक, इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया ने कहा कि भारत के फार्मास्युटिकल उद्योग में अपार क्षमता है, यह विश्वस्तरीय निर्यात में 20 फीसदी योगदान देते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 25.3 बिलियन डॉलर (2.1 लाख करोड़ रु) के आंकड़े तक पहुंच गया है। डोमेस्टिक एवं इंटरनेशनल प्लेयर्स की ओर से आर एंड डी में निवेश इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है। सरकार द्वारा आर एण्ड डी में 5000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ भारत विश्वस्तरीय हेल्थकेयर के विकास में मुख्य लीडर के रूप में उभरा है। इंडिया फार्मा वीक के दौरान सीपीएचआई और पीमेक इंडिया एक्सपो अन्य सहायक आयोजनों के साथ ऐसा विश्वस्तरीय मंच उपलब्ध कराएंगे जो फार्मास्युटिकल उद्योग में आपसी सहयोग एवं कनेक्शन्स को प्रोत्साहित करेगा। इस साल का संस्करण सबसे बड़ा है जो भारत को फार्मा सुपरपावर के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. वीरामनी एस.वी., चेयरमैन, फार्मास्युटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन कउन्सिल ऑफ इंडिया ने कहा कि भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग निरंतर विकास के पथ पर बढ़ रहा है, इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि उद्योग जगत ने निर्यात में 8 फीसदी सालाना बढ़ोतरी की है और सिर्फ अक्टूबर में इसमें 29 फीसदी उछाल आया है। बाज़ार में मौजूद अवसरों, यूएसए में बढ़ती मांग तथा यूएस एवं यूरोप में दवाओं की जबरदस्त कमी भी भारतीय बाज़ार के विकास में योगदान दे रहे हैं। सीआईएस देशों में कई चुनौतियों के बावजूद भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग सकारात्मक बना हुआ है।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मूंजखेडा में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1424/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022, दिनांक 15.12.2022, मृतक श्री क्रांति प्रसाद पुत्र श्री रंगलाल, नि0 ग्राम मुंजखेडा, दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 08.12.2020 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मूंजखेडा | 643 847 | श्री क्रंति प्रसाद पुत्र श्री रंगलाल, नि0 ग्राम मुंजखेडा, दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती बीना | पत्नी | 51 वर्ष | |
| | | | श्री अखिल | पुत्र | 30 वर्ष | |
| | | | श्रीमती मनीष शर्मा | पुत्र | 26 वर्ष | |
| | | | श्री हेमंत | पुत्री | 24 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 165/एस0टी0-एस0डी0एम0/2019, दिनांक 16.10.2019, स्व0 समयवीर सिंह पुत्र स्व0 श्री देवकरन नि0 ग्राम जुनेदपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 11.02.2019 हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 249 | 300 | स्व0 समयवीर सिंह पुत्र स्व0 श्री देवकरन नि0 ग्राम जुनेदपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमति मूर्ति देवी | 62 | पत्नी |
| | | | | श्री जसमेन्दर | 27 | पुत्र |
| | | | | श्रीमति सविता | 32 | पुत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organation, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-4-T-502, 5th Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल-224.90 वर्ग मीटर, Mr. Virendra Singh Chaudhri S/o Ch. Charan Singh & Smt. Vinu Chaudhri W/o Mr. Virendra Singh Chaudhri के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Mr. Virendra Singh Chaudhri की मृत्यु दिनांक-18.06.2021 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से सह आवंटी (Smt. Vinu Chaudhri W/o Late Mr. Virendra Singh Chaudhri) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया गया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मूल आवंटी Mr. Virendra Singh Chaudhri के स्थान पर पूर्ण रूप से सह आवंटी (Smt. Vinu Chaudhri W/o Late Mr. Virendra Singh Chaudhri) के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 29 नवम्बर 2023
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## हादसा और हकीकत

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रचार का दौर अब खत्म हो गया है। 28 नवंबर की शाम को मतदान के आखिरी दौर यानी तेलंगाना में चुनावों के पहले का प्रचार भी खत्म हो गया। इससे पहले मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में चुनाव हो चुके हैं। 30 तारीख को तेलंगाना में मतदान होगा और उसके बाद 3 दिसंबर को नतीजे आ जाएंगे। यानी 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक प्रधानमंत्री के पास कम से कम चुनावों का कोई काम नहीं होगा। वर्ना वे साल में तीन चौथाई समय इसी में व्यस्त रहते हैं। बचा एक चौथाई वक्त, हरी झंडी दिखाने, मंदिरों में पूजा-पाठ, नियुक्ति पत्र वितरण या फिर मन की बात में निकल जाता है। अभी पांच राज्यों के चुनाव थे, तो श्री मोदी की व्यस्तता अत्यंत बढ़ गई थी। आखिर सारे कामों में सबसे जरूरी उनके लिए भाजपा का प्रचार करना ही तो है। उन्हें भाजपा की खातिर विश्वकप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखने अहमदाबाद जाना पड़ा, फिर बंगलुरू में तेजस में उड़ान भरनी पड़ी, इसके बाद तिरूपति जाकर बालाजी के दर्शन भी करने पड़े और इन सबके बीच 26 नवंबर को उन्होंने मन की बात भी की। भाजपा सही कहती है कि श्री मोदी 18 घंटे काम करते हैं। मात्र तीन घंटे सोने वाले श्री मोदी दिल्ली से ढाई हजार किलोमीटर दूर मणिपुर नहीं जा पाए। वे दिल्ली से 423 किमी दूर सिलक्यारा भी कम से कम इन पंक्तियों के लिखने तक नहीं पहुंच पाए।

उत्तरकाशी का सिलक्यारा 17 दिनों पहले तब सुर्खियों में आया, जब दीपावली के दिन खबर आई कि यहां बनाई जा रही साढ़े चार किमी की सुरंग में 41 मजदूर फंस गए हैं। कार्तिक अमावस्या की काली रात, जब देश का आसमान घुप्प स्याह हो गया था और लोग दीयों से अपनी जिंदगियों में रौशनी भरने में लगे थे, तब इन मजदूरों और इनके परिजनों के लिए रात और काली हो गई थी। अमावस्या से पूर्णिमा तक दिन गुजरते गए, इस दौरान इन मजदूरों के परिजन हर पल आस लगाए बैठे रहे कि किसी तरह उनके अपने अंधेरी सुरंग से बाहर निकल आएं। बचाव और राहत कार्य की कोशिशें जारी रहीं। विदेशों से मशीन मंगाई गई, उससे काम नहीं बना तो दूसरे तरीके आजमाए गए। मजदूरों से किसी तरह संवाद कायम रखा गया, उनकी खैर-खबर ली जाती रही। किसी ने बताया कि दैवीय प्रकोप यानी देवता के रुष्ट होने के कारण यह हादसा हुआ तो सुरंग के मुहाने पर बाबा बौखनाग का मंदिर अस्थायी तौर पर बनाया गया। यहां के लोगों में से कुछ का कहना है कि सुरंग बनाने के लिए पहले बने यहां के मंदिर को हटाया गया था, इसलिए यह हादसा हुआ। अब यह सोचने वाली बात है कि प्रकोप का शिकार मजदूर ही क्यों बने। अगर उन्होंने मंदिर पहले तोड़ा भी था, तो वो किसी के आदेश पर ही किया था, और ऐसे में सारा दोष आदेश देने वाले का हुआ, मजदूरों का नहीं। लेकिन जब बात धार्मिक मान्यताओं की हो तो वहां तर्कों को खारिज कर दिया जाता है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने ट्वीट में सबसे पहले बाबा बौखनाग की कृपा ही मानी है कि सभी मजदूरों के निकलने की आस बनी है।

कल ही यहां पूर्व सेनाध्यक्ष और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री वी के सिंह पूजा करते भी दिखे। एक टीवी चैनल ने ये भी दिखाया कि मंदिर के पास ही चट्टान पर एक आकृति उभरी है, जो शिवजी की तरह लग रही है। अमूमन आम लोग इस तरह की बातें करते हैं कि किसी पेड़ पर, फल को बीच में या चट्टान पर किसी देवता या देवी की आकृति नजर आई। यह विशुद्ध आस्था की बातें होती हैं और इनका कोई ठोस वैज्ञानिक आधार नहीं होता। जिस आकृति में एक धर्म के लोगों को अपने ईष्ट नजर आ सकते हैं, वही आकृति दूसरे धर्म के लोगों के लिए महज एक डिजाइन हो सकती है। पत्रकारिता में ऐसी बातों का जरा भी स्थान नहीं होना चाहिए। क्योंकि इनसे हम किसी न किसी तरह अंधविश्वास को बढ़ावा देते हैं। कहने को तो 21 सितंबर 1995 को पूरे देश में भगवान गणेश की प्रतिमाओं ने दूध पीना शुरु कर दिया था, यह खबर दुनिया भर के देशों में भी फैली थी और वहां भी कई भारतीयों ने मूर्ति को दूध पिलाने की कोशिश की थी। अफवाह फैलाने का एक सफल प्रयोग सिद्ध हुआ था और यह तय हो गया था कि भारतीयों के पास अगर चांद तक पहुंच रखने वाला दिमाग है, तो अंधविश्वासों को खुद पर हावी होने देने वाला दिल भी है। इस दिल और दिमाग के बीच जुगलबंदी बिठाते हुए सत्ता का खेल बखूबी खेला जा रहा है।

बहरहाल, जिसकी जो निजी आस्था है, वो उसे अपने तक सीमित रखे, उसका सार्वजनिक बखान बिल्कुल नहीं होना चाहिए। मगर अब न पत्रकारिता में ऐसे मूल्यों को महत्व दिया जा रहा है, न राजनीति में। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक खबर ये है कि सिलक्यारा की सुरंग में बस दो मीटर की खुदाई और करना है, फिर मजदूरों को बाहर निकाला जा सकता है। मजदूर आज की रात खुली हवा में सांस ले पाएंगे और कल का सूरज देख पाएंगे। उनका हौसला बना रहे, इसके लिए एक दूसरे पाइप के जरिए एंबुलेंस और भोजन-पानी पहुंचाया जा चुका है। बाहर निकलते ही मजदूरों के स्वास्थ्य की देखभाल का इंतजाम किया गया है। सुरंग में ये बचाव कार्य भारत का अब तक सबसे बड़ा ऑपरेशन माना जा रहा है। और इस ऑपरेशन में लगे तमाम लोगों की पहचान उनकी योग्यता और काम से हो सकती है, कपड़ों से नहीं।

अगर पहचान करनी ही है तो अब उन कारणों को पहचानना चाहिए, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ और 41 जिंदगियां खतरे में पड़ गई। चारधाम यात्रा को साल भर करने की जिद पहाड़ों पर भारी पड़ रही है। हिमालय नया पहाड़ है और इस पर पड़ने वाले दबाव का अंजाम केदारनाथ हादसे में देश भुगत चुका है। प्रकृति और विज्ञान दोनों की चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए पहाड़ में सुरंग खोदी जा रही है। आश्चर्य नहीं होगा, अगर कुछ दिनों की शांति के बाद यहां फिर से काम शुरु हो जाए। और सुरंग बनने के बाद प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री उसका उद्घाटन करते दिखें।

# जमीनी मुद्दों के साथ धर्मनिरपेक्षता पर लौटता राजनीतिक विमर्श

जिन पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिये चुनाव निर्धारित हुए हैं उनमें से अंतिम तेलंगाना में गुरुवार को मतदान सम्पन्न हो जायेगा। मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान सभी में मतदान पहले ही हो चुका है। इन सभी प्रदेशों के नतीजे एक साथ 3 दिसम्बर को आयेंगे। इन प्रादेशिक चुनावों का महत्व केवल सत्ता पर काबिज होने का नहीं रह गया है। उसके फलादेश को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखे जाने की ज़रूरत है। इसका महत्व सिर्फ इसलिये भी नहीं है कि ये चुनाव अगले साल के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के ऐन पहले हुए हैं। कायदे से तो जम्मू-कश्मीर के भी दिसम्बर में किये जाने थे परन्तु निर्वाचन आयोग एवं केन्द्र सरकार की न तो तैयारी दिखती है और न ही मंशा। हर बार की तरह सियासत की मुख्य धारा से अलग और बिलकुल भिन्न तरह के मुद्दों पर लड़ा जाने वाला जम्मू-कश्मीर का चुनाव जब भी होगा, इन राज्यों के मुकाबले अलग तासीर वाला रहेगा।

पिछले करीब साल भर से जो राजनीतिक परिदृश्य निर्मित हुआ है, उससे साफ है कि ये चुनाव लोकसभा-2024 के लिये जो विमर्श रचेंगे, उनमें जमीनी मुद्दों के साथ धर्मनिरपेक्षता का आयाम भी लौटेगा। भावी भारत किस राह चलेगा, यह भी इन्हीं 5-6 महीनों में तय हो जायेगा। वैसे जनसरोकार हो या धर्मनिरपेक्षता-दोनों को ही बेपटरी करने का काम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में बनी केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने किया है। पहले कार्यकाल (2014-19) में उसकी शुरुआत हुई और 2019 में प्रारम्भ हुई उनकी दूसरी कार्यावधि के दौरान उसमें प्रगाढ़ता आई। ऐसे में जब तीसरी बार पीएम बनने मोदी को जनादेश लेने के लिये जनता के बीच जाने में आधा साल भी नहीं बचा है, ऐसे कोई चिन्ह दिखलाई नहीं देते कि वे किसी नयी राह पर चलकर लोगों से वोट मांगेंगे। इसका कारण यही है कि इस बीच उन्होंने न तो यथार्थवादी मुद्दों पर काम किया और न ही साम्प्रदायिक सौहार्द्र व सामाजिक सद्भाव को महत्ता दी। इसके उलट उन्होंने सामजिक विभाजन तथा ऊर्ध्वाधर व क्षैतिज दोनों ही तरह से समाज को बांटने का काम किया है। इसके भरपूर दृष्टांत पिछले नौ-साढ़े नौ साल के दौरान देखने को मिले। इसलिये यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या अगले चुनावों में ऐसा एजेंडा निर्धारित हो पायेगा जिससे देश अपनी खोई हुई लय को पा जाये? यूं तो दोनों ही मसले समान महत्व के हैं परन्तु कह सकते हैं कि जनहित के मुद्दों से हटने के कारण लोगों का जो आर्थिक नुकसान हुआ है उसकी तो बड़े प्रयासों से भरपायी हो सकती है, लेकिन लोगों के बीच जो विभाजन और सामाजिक विखंडन हुआ है, उसको ठीक करने में लम्बा समय लगेगा। वैसे भी आने वाली सरकारें अगर जमीनी मुद्दों पर नये सिरे से पहल करती है तो उसका कोई विरोध न होगा क्योंकि आर्थिक लाभ सभी को सुहाता है- वैचारिक मतभेदों के बावजूद; परन्तु लोगों को फिर से जोड़ने एवं समाज को एक सूत्र में पिरोने की अगर कोशिशें होती हैं तो उसका विरोध उन्हीं शक्तियों द्वारा जारी रहेगा जो पिछली करीब एक शताब्दी से सक्रिय रही हैं और जिन्होंने देश को कभी एक न होने देने के लिये एड़ी-चोटी का जोर लगाये रखा।


डॉ. दीपक पाचपोर

> **ध्रुवीकरण की काट तो सशक्तिकरण ही है। जातिगत जनगणना, न्याय योजनाएं, कर्ज माफी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, न्याय योजनाएं आदि ऐसे अनेक मुद्दे हैं जो कांग्रेस के हाथ मजबूत कर सकते हैं। कर भी रहे हैं। इन्हीं के बल पर कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के अलावा तेलंगाना भी जीत सकती है। कर्नाटक के चुनावी नतीजों ने कांग्रेस का ठोस मुद्दों की राजनीति में जो विश्वास मजबूत किया है, उसे आगे बढ़ाने में इन पांच राज्यों के परिणाम मदद करेंगे।**

इन पांच राज्यों के चुनावों के परिणामों के जैसे अनुमान लगाये जा रहे हैं, अगर वैसा हुआ तो धर्मनिरपेक्षता के भी केन्द्र में लौटने की आशा बंधती है। इसका कारण यह है कि इन चुनावों में मतदाताओं की दिलचस्पी केवल आर्थिक मुद्दों पर नहीं थी। यह सच है कि लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार, केन्द्रीकृत पूंजीकरण पर बातें करने लगे हैं और अब इन्हें जीवन के ज़रूरी हिस्से मानने लगे हैं। फिर भी, कर्नाटक चुनाव से जनता के बीच जो हिलोरें उठी थीं वे इन राज्यों तक पहुंचते-पहुंचते बड़ी लहरें बन चुकी हैं जिनमें भाजपा की नाव डूबती नज़र आ रही है- पांचों राज्यों में। मिजोरम तथा तेलंगाना में तो वह वैसे भी मैदान से बाहर हो चुकी है। राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में वह विकास पर कोई बात नहीं कर पाई, जबकि उसके तीनों मुख्यमंत्रियों ने इन सूबों पर लम्बा वक्त राज किया है- क्रमशः वसुंधरा राजे सिंधिया, शिवराज सिंह एवं डॉ. रमन सिंह। इसकी बजाय उसने ध्रुवीकरण को ही आजमाना तय किया। राजस्थान में कन्हैयालाल की हत्या को उठाया तो छत्तीसगढ़ में कवर्धा व बीरनपुर (बेमेतरा) के मामलों को केन्द्र में रखा। बीरनपुर कांड में मारे गये भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को उसने साजा विधानसभा क्षेत्र में कद्दावर नेता रवींद्र चौबे के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा। मध्यप्रदेश में कोई घटना विशेष का इसलिये ज़िक्र नहीं किया क्योंकि वहां उसी की सरकार है। तो भी साम्प्रदायिकता का विषय कभी पीछे नहीं छूटा। वहां ध्रुवीकरण की जो भी कोशिशें हुईं वे अपनी सरकार को बचाने, उसे निर्दोष साबित करने और कांग्रेस को दोषी साबित करने वाली थीं। हालांकि वहां भ्रष्टाचार, एक आदिवासी युवक के सिर पर सवर्ण द्वारा पेशाब करने जैसे मामले अधिक मुखर रहे।

दरअसल राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से धर्मनिरपेक्षता का विमर्श शुरू हुआ था। नफरत के खिलाफ निकाली गई मोहब्बत की इस यात्रा का मकसद उसी वैमनस्यता को खत्म करना था जो हिदुओं-गैर हिंदुओं तथा हिंदुओं के भीतर अगड़ों-पिछड़ों के बीच भाजपा ने घुसाया है। सवाल अब यह है कि ऐसे में जब मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसके अन्य 27 सहयोगी दल, जो अब संयुक्त प्रतिपक्ष यानी इंडिया के हिस्से हैं तथा वे भी जन सरोकारी राजनीति पर उतरे हुए हैं, उन्हें सकारात्मक जवाब देने भाजपा अपनी राह बदलेगी? सम्भवतः नहीं। इसका कारण यह है कि अब भी पार्टी का प्रमुख या कहें तो एकमात्र चेहरा मोदी ही हैं जिनकी लोकप्रियता का आधार ही उनका ध्रुवीकरण की राजनीति में पारंगत होना है। विकास के मामले में उनका ट्रैक रिकार्ड बेहद खराब है। इसलिये दरकती छवि के बावजूद भाजपा व मोदी अब भी ध्रुवीकरण के ही एजेंडे पर कायम हैं। राममंदिर के शिलान्यास की तिथि नज़दीक आ रही है- 22 जनवरी, 2024 और इसमें मुख्य अतिथि (शायद अकेले) मोदी रहेंगे और पार्टी इस संदेश को देश के घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी कर चुकी है। न करती तो आश्चर्य होता। राजस्थान का चुनाव जिस शाम खत्म हुआ, मोदी का मथुरा में मीरा जन्मोत्सव और उस स्थान पर जाना जहां कृष्ण का जन्म हुआ था, संकेत देता है कि अयोध्या के बाद अब बारी मथुरा की है। अगले दिन तिरुपति बालाजी मंदिर में मोदी का पहुंचना बतलाता है कि भाजपा के पास कोई अन्य मुद्दा शेष नहीं है और 2024 का चुनाव अंततः इन्हीं तरीकों से लड़ा जाएगा।

इसके बावजूद कहा जा सकता है कि ध्रुवीकरण की काट तो सशक्तिकरण ही है। जातिगत जनगणना, न्याय योजनाएं, कर्ज माफी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, न्याय योजनाएं आदि ऐसे अनेक मुद्दे हैं जो कांग्रेस के हाथ मजबूत कर सकते हैं। कर भी रहे हैं। इन्हीं के बल पर कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के अलावा तेलंगाना भी जीत सकती है। कर्नाटक के चुनावी नतीजों ने कांग्रेस का ठोस मुद्दों की राजनीति में जो विश्वास मजबूत किया है, उसे आगे बढ़ाने में इन पांच राज्यों के परिणाम मदद करेंगे। भाजपा की दिक्कत यह है कि अब अगर वह अपना एजेंडा बदलना भी चाहे तो उसके पास इस मोर्चे पर साख बनाने का वक्त नहीं है। फिर उनके अपने समर्थक ही उनसे मुंह मोड़ लेंगे।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# गाजा संघर्ष ने बढ़ाया धार्मिक नेताओं के बीच मतभेद

■ जेम्स एम डोर्सी

7 अक्टूबर को इज़रायल पर हमास के हमले ने सिर्फ मुस्लिम राजनीतिक नेताओं को ही विभाजित नहीं किया है, बल्कि इसने धार्मिक हस्तियों और संस्थानों को भी इस बात पर अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त करने के लिए विवश किया कि 21वीं सदी में इस्लाम का क्या मतलब है, जो इसके बारे में एक गहरे विभाजन को दर्शाता है।

मतभेदों के मूल में इजरायल-फिलिस्तीनी विभाजन के दोनों किनारों पर निर्दोष पीड़ितों के साथ सहानुभूति रखने की क्षमता और इच्छा है, भले ही ध्यान गाजा पर इजरायल के हमले, पश्चिम के दोहरे मानकों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नरसंहार पर और लड़ाई पर दीर्घकालिक रोक लगाने में विफलता पर हो।

यह विभाजन इजरायलियों और यहूदियों के बीच प्रतिबिंबित होता है, जिनमें से कई को निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों की अत्यधिक पीड़ा के प्रति बहुत कम सहानुभूति है।

निश्चित रूप से, अधिकांश मुस्लिम धार्मिक नेताओं का मानना है कि हमास का हमला 1967 के मध्य पूर्व युद्ध के दौरान जीती गई फिलिस्तीनी भूमि पर दशकों के कब्जे और फिलिस्तीनी प्रतिरोध को दबाने और एक स्वतंत्र राष्ट्र की स्थापना को विफल करने के लिए बनाई गई इजरायली नीतियों से उपजा है।

> **गाजा युद्ध ने इजरायल-फिलिस्तीनी विभाजन के दोनों किनारों पर मनुष्यों की सबसे विनाशकारी प्रवृत्ति- अस्तित्व, क्रोध, भय, निराशा और प्रतिशोध- को जन्म दिया है। युद्ध मुस्लिम और यहूदी धार्मिक नेताओं के लिए एक अग्निपरीक्षा है कि क्या वे लड़ाई से ऊपर उठ सकते हैं और मानवीय और नैतिक रूप से बचाव योग्य स्थिति अपना सकते हैं? अब तक, वे काफी हद तक परीक्षण में विफल रहे हैं।**

कई लोग यह भी तर्क देते हैं कि गाजा में अंधाधुंध इजरायली बमबारी और जमीनी हमले ने 14,000 से अधिक गाजावासियों को मार डाला, 30,000 से अधिक अन्य को घायल कर दिया, और जीवन की बुनियादी सुविधाओं के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। इसने हमास के हमले की क्रूरता को भी पीछे छोड़ दिया, जिसके कारण 1,200 लोगों की मौत हुई जिसमें ज्यादातर नागरिक इजरायली थे।

मुस्लिम धार्मिक नेताओं और विद्वानों के बीच विभाजन मुसलमानों के स्पेक्ट्रम के दो ध्रुवों की प्रतिक्रिया में स्पष्ट है जो खुद को उदारवादी के रूप में परिभाषित करते हैं।

इसमें शरिया और राजनीतिक बहुलवाद में सर्वोच्चतावादी और भेदभावपूर्ण धाराओं को हटाने के लिए इस्लामी न्यायशास्त्र में सुधार की वकालत करने वाले धार्मिक नेताओं और विद्वानों से लेकर निरंकुशों से जुड़े धार्मिक हस्तियां और संस्थान तक शामिल हैं, जिनमें से कुछ अधिक सामाजिक स्वतंत्रता के पक्षधर हैं, लेकिन असहमति को दबाते हैं और धार्मिक कानून में सुधार का विरोध करते हैं।

इस्लाम की 'उदारवादी' व्याख्याओं में विविधता यह परिभाषित करने के संघर्ष को दर्शाती है कि 21वीं सदी में उदारवादी इस्लाम का क्या अर्थ है। यह आस्था की उदारवादी और अधिक उग्रवादी अभिव्यक्तियों के बीच विभाजन को भी प्रतिध्वनित करता है जो तुर्की के राष्ट्रपति रेसेपतैयपएर्दोगन से लेकर ईरान के जिहादियों तक फैली हुई है।

7 अक्टूबर के हमले में नागरिक इजरायलियों की बेतहाशा हत्या के साथ, मुस्लिम ब्रदरहुड से प्रेरित एक इस्लामी समूह हमास, जो अपने राष्ट्रवाद को धार्मिक आवरण में छुपाता है,ने इस्लाम के उदारवादी और अधिक उग्रवादी अभिव्यक्तियों के बीच की रेखाओं को धुंधला कर दिया है।

विभिन्न दृष्टिकोणों की गड़बड़ी अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करने और आतंकवादियों को शरिया में वैधीकरण खोजने की क्षमता से वंचित करने के लिए मुस्लिम धार्मिक न्यायशास्त्र में सुधार की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

दुनिया के सबसे बड़े और सबसे उदारवादी, इंडोनेशिया स्थित मुस्लिम नागरिक समाज आंदोलन, नहदलातुलउलमा और काहिरा स्थित इस्लामी शिक्षा के 1,053 साल पुराने गढ़ अल-अजहर की गाजा युद्ध की प्रतिक्रियाओं में विरोधाभास, इस गड़बड़ी को उजागर करता है।

इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के 'न्यायपूर्ण' समाधान का आह्वान करते हुए एक बयान में, नहदलातुलउलमा ने आग्रह किया कि धार्मिक प्रेरणा- जिसमें सार्वभौमिक प्रेम और करुणा, मानव भाईचारा और न्याय के मूल्य शामिल हैं - को हर समय सार्वजनिक जागरूकता में सबसे आगे लाया जाना चाहिए और जमीनी स्तर से लेकर राज्य सत्ता के गलियारों तक, समाज के हर स्तर पर संघर्ष को सुलझाने में मदद करना चाहिए।

बयान में मुसलमानों से 'बढ़ती (इजरायली-फिलिस्तीनी) हिंसा में मारे गये सभी लोगों की आत्माओं के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना करने का आह्वान किया गया।'

इसने आगे वकालत की कि 'हर जगह लोग और सरकारें... नफरत और शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए पहचान को हथियार बनाने या धर्म की अपील करने से बचें, जिसमें इज़रायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष और हिंसा भी शामिल है।'

बयान के बाद, नहदलातुलउलमा ने 'मध्य पूर्व हिंसा और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के खतरों को संबोधित करने में धर्म की भूमिका' पर चर्चा करने के लिए मुस्लिम और गैर-मुस्लिम धार्मिक अधिकारियों को एक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है।

इसके विपरीत, अलअज़हर ने अपने बयान में कहा, 'हम फ़िलिस्तीनी लोगों के प्रतिरोध के प्रयासों को गर्व से सलाम करते हैं।' इसने फिलिस्तीनियों के प्रति 'ईमानदारी से संवेदना' व्यक्त की, जो 'अपनी मातृभूमि और राष्ट्र की रक्षा के लिए शहीद हो गये' और मारे गये निर्दोष इजरायलियों का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

अलअज़हर के ग्लोबल फतवा सेंटर ने हमास के दावे को दोहराते हुए एक धार्मिक राय जारी की कि कोई भी इजरायली निर्दोष नहीं है, क्योंकि इजरायल के बयान उस छवि को पेश करते हैं जिसके अनुसार सभी गाजावासी आतंकवादी और हमास के समर्थक हैं।

फतवे में कहा गया, 'नागरिक' शब्द कब्जे वाली भूमि पर ज़ायोनी निवासियों पर लागू नहीं होता है। बल्कि, वे उस भूमि पर कब्ज़ा करने वाले हैं जो अधिकारों को हड़पते हैं, पैगम्बरों के तरीकों की उपेक्षा करते हैं और ऐतिहासिक यरूशलेम में पवित्र स्थलों पर हमला करते हैं।'

यह स्पष्ट नहीं है कि क्या फतवा 1967 के मध्य पूर्व के दौरान इज़रायल द्वारा जीती गई फिलिस्तीनी भूमि पर बसने वालों का जिक्र कर रहा था या सभी इजरायली यहूदियों को बसने वालों के रूप में परिभाषित किया गया।

हमास के हमले का समर्थन करते हुए, विभिन्न वरिष्ठ अलअज़हर मौलवियों ने यहूदियों को 'वानरों और सूअरों के शापित वंशज' के रूप में वर्णित किया।

किसी भी बिंदु पर गाजा से संबंधित अन्य आधिकारिक अलअज़हर बयानों और व्यक्तिगत विद्वानों की घोषणाओं में धर्म, नस्ल या पंथ की परवाह किये बिना निर्दोष नागरिकों की हत्या की निंदा नहीं की गई।

गाजा युद्ध ने इजरायल-फिलिस्तीनी विभाजन के दोनों किनारों पर मनुष्यों की सबसे विनाशकारी प्रवृत्ति- अस्तित्व, क्रोध, भय, निराशा और प्रतिशोध- को जन्म दिया है।

युद्ध मुस्लिम और यहूदी धार्मिक नेताओं के लिए एक अग्निपरीक्षा है कि क्या वे लड़ाई से ऊपर उठ सकते हैं और मानवीय और नैतिक रूप से बचाव योग्य स्थिति अपना सकते हैं? अब तक, वे काफी हद तक परीक्षण में विफल रहे हैं।

## पावन प्रसंग

# मितव्ययी बनें, आय-व्यय का संतुलन बनाएं

पारिवारिक बंधन का महत्वपूर्ण पहलू धन है। इसी के आधार पर घर की सारी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। देखा जाए तो परिवार की सर्वाधिक शक्ति का उपयोग अर्थोपार्जन में ही जाता है। पुराने जमाने की बात नहीं करें। लेकिन जब से महंगाई ने अपना मुंह बड़ा किया है, तब से परिवार के परिजनों का जीवनयापन बड़ी कशमकशपूर्ण परिस्थिति में होने लगा है, क्योंकि आय के स्रोत सीमित हैं- महंगाई आय के अनुपात से अधिक बढ़ गई है। इस कारण घर खर्च पूरा नहीं पड़ता है। दूसरी ओर शान-शौकत के मूल्यों ने जीवन को विलासी बना दिया है। इन मूल्यों को पूरा करने के लिए परिवार के बजट का अधिकांश भाग खर्च होने लगा है। प्राथमिक आवश्यकता रोटी पर आजकल बहुत कम व्यय होता है। कपड़ा और अन्य विलासी सामानों पर भारी व्यय होने से परिवार के सामने अर्थ समस्या हर घड़ी बनी रहती है। इसकी पूर्ति के लिए परिवार के हर परिजन को कुछ-न-कुछ प्रयत्न भी करने पड़ते हैं।

परिवारों में शान-शौकत के पीछे एक दृष्टिकोण पनप गया है कि बढ़िया फर्नीचर, कीमती वस्तुओं टेलीफोन, फ्रीज आदि द्वारा रिश्तेदारों में और अपने संपर्क के लोगों पर अपना प्रभाव डाले रखना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि उनका परिवार दूसरों के सामने हीन समझा जाए। चाहे पति हो या पत्नी घर में इनमें से कोई एक भी इस शान-शौकत से भरी झूठी जिंदगी का हामी रहा तो घर में बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

विलासी वस्तुओं को अल्प वेतन में तो नहीं खरीद पाता है। अस्तु, वह इन शान-शौकत की वस्तुओं को उधार खरीदने लगता है। इसका परिणाम होता है कि वेतन का दो-तिहाई हिस्सा उधार ब्याज पूरा करने में ही खर्च हो जाता है। शेष वेतन में पत्नी घर का खर्च कैसे चलाए, क्योंकि घर में अच्छा भोजन, अच्छा साधारण रहन-सहन तथा अच्छा वातावरण इन तीनों की पूर्ति के लिए कुछ-न-कुछ वेतन का अधिक भाग व्यय करना पड़ता है। वह सब किस्तों की पूर्ति में खर्च हो जाता है। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा आदि भी होते रहते हैं। किंतु किया क्या जाए?

शान-शौकत भी रखी जा सकती है, किंतु इसका क्रम में रोटी, कपड़ा, मकान आदि के पश्चात आता है। यदि इन पर खर्च होने के बाद कुछ बचता है, तो शान-शौकत इतनी ऊंची भी न हो कि हैसियत की चादर को ही फाड़ डाले। फिर वक्त जरूरत के लिए बचत का भी बजट रहना चाहिए। घर की अनिवार्य आवश्यकताओं के पश्चात कीमती वस्तुएं परिवार के उपयोग में आने वाली हैं, तो किस्तों की अपेक्षा मासिक बचत करके कुछ महीनों के बाद कीमत चुकाकर ही खरीदना अधिक लाभदायक है क्योंकि किस्तों में तो दुकानदार ब्याज-बट्टा खाता आदि सभी गुंजाइश रखकर किस्त बांधता है। अच्छा यही है कि आवश्यक वस्तुओं की ओर दृष्टि जानी चाहिए।

घर में उधार के कारण पत्नी, बच्चे तथा परिवार के परिजनों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बाहर चाहे शान-शौकत दिखाई देती है, किंतु मन के भीतर ऋण का भार कचोटता रहता है। इससे मानसिक अशांति बनी रहती है। इस अशांति का प्रक्षेपण बच्चों-पत्नी पर आए दिन हुआ करता है। कहना चाहिए पारिवारिक जीवन में अव्यवस्थित वातावरण तैयार हो जाता है। क्या ये शान-शौकत की कीमती वस्तुएं मानसिक शांति को दूर कर सकने में मदद कर सकती हैं। प्रदर्शन में दूसरों का अनुकरण न करें। सादगी को आदर्श मानकर अपनी क्षमता और आवश्यकता के अनुरूप खर्च करेंगे तो जीवन सुखी और संतुष्ट बनेगा।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नही

दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरीह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्तिसंपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तारवादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है। इजराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके वीभत्स उदाहरण हैं जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। यह सब अंतरराष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैं। भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है। ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तारवादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए।

कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट, हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम में विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य करना ही राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग-अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं, यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेल, रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## पाकिस्तान सेना की मेजबानी में आतंकवाद विरोधी संयुक्त अभ्यास

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सेना की मेजबानी में बहुराष्ट्रीय संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास में कई देशों ने भाग लिया। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस की ओर से जारी बयान के मुताबिक फजर अल शार्क-वी अभ्यास प्रांत के पब्बी इलाके में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी केंद्र में आयोजित किया गया। अभ्यास में पाकिस्तान, बहरीन, इराक और कुवैत सहित विभिन्न देशों के विशेष बलों की टुकड़ियों ने भाग लिया।

# हमास ने 11 और बंधकों को किया रिहा



■ इजराइल ने 33 फिलिस्तीनी कैदियों को भी रिहा किया

**यरूशलेम,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल ने हमास की ओर से 11 और गाजा पट्टी के बंधकों को रिहा किये जाने की पुष्टि की है। इसी बीच हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम को दो दिनों के लिए बढ़ाया जाएगा, जिससे और अधिक बंधकों को मुक्त कराया जा सके। इजराइल की सेना ने सोमवार रात कहा, अब 11 बंधक इजरायली क्षेत्र में हैं। हमारी सेनाएं तब तक उनके साथ रहेंगी, जब तक वे अपने परिवारों से दोबारा नहीं मिल जाते। हमारी सेनाएं घर लौटने पर रिहा किए गए बंधकों को सलाम करती हैं और गले लगाती हैं। बंधकों के आगमन की पुष्टि होने के तुरंत बाद, इजरायल के जेल प्राधिकरण ने कहा कि 33 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया गया है। हमास ने मंगलवार को समाप्त होने वाले समय से कुछ समय पहले युद्धविराम को 48 घंटे तक बढ़ाने के समझौते की घोषणा की। हालांकि, इजरायल की ओर से तत्काल कोई पुष्टि नहीं हुई। फिर भी इस कदम की संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने 'युद्ध के अंधेरे के बीच आशा और मानवता की झलक' के रूप में सराहना की।

## इजरायल, हमास में संघर्ष विराम बढ़ा



**यरूशलेम।** इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में मानवीय संघर्ष विराम 30 नवंबर तक बढ़ाया गया। अल जज़ीरा ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने हमास के साथ बंधक विनिमय समझौते के हिस्से के रूप में फिलिस्तीनी कैदियों के चौथे समूह को रिहा कर दिया है, जिसमें 33 लोग शामिल हैं। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि हमास द्वारा मुक्त किए गए 11 इजरायली बंधक इजरायली क्षेत्र में प्रवेश कर गए। सौदे के हिस्से के रूप में, कुल 150 फिलिस्तीनी कैदियों को इजरायली जेलों से रिहा किया गया। इस बीच कतर ने कहा है कि इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में पिछली शर्तों के समान मानवीय संघर्ष विराम के दो दिवसीय विस्तार पर एक समझौता हुआ है।

## लेबनान में आईडीएफ और हिज़बुल्लाह के बीच झड़प

**तेल अवीव।** कतर के मध्यस्थ हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम को दो और दिनों के लिए बढ़ाने में सफल रहे हैं, इस बीच इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) और हिजबुल्लाह के साथ-साथ लेबनान में अन्य फिलिस्तीनी संगठनों के बीच भारी गोलाबारी की खबरें सामने आ रही हैं। लेबनानी अधिकारियों ने बताया है कि आईडीएफ ने चुनिंदा हिजबुल्लाह टारगेट के सीमावर्ती क्षेत्र में गोलाबारी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि हिजबुल्लाह एक ऐसा संगठन है, जिसे ईरान का समर्थन प्राप्त है और यह हमास से कहीं अधिक प्रोफेशनल है। हालांकि, हाल ही में टीवी संबोधन में, हिजबुल्लाह नेता हसन नसरुल्लाह ने इजरायल के खिलाफ अपनी हमले की योजना पर कुछ नहीं कहा। हिजबुल्लाह को अक्सर ईरान गणराज्य के प्रत्यक्ष प्रॉक्सी के रूप में जाना जाता है।



## सुडोकू 6390

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 5 | | | | 9 | |
| 5 | | | 9 | | | | 3 | 1 |
| | | | | | | 8 | | |
| 3 | 6 | | | 5 | 4 | | 1 | |
| | | 1 | 8 | | 6 | 9 | | |
| | 7 | | 1 | 3 | | | 4 | 6 |
| | | 5 | | | | | | |
| 7 | 1 | | | | 3 | | | 9 |
| | 3 | | | | 5 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 29 नवम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज आपका मन काफी चंचल रहेगा, इस कारण आपको निर्णय लेने में काफी परेशानी होगी। इस कोई भी महत्वपूर्ण काम पूरा नहीं कर पाएंगे। विरोधियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन नए काम को करने की प्रेरणा मिलेगी।

वृषभ - आज आपको पूरी तरह से स्थिर होकर काम करने की जरुरत है। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं। यात्रा का आयोजन सफल नहीं होगा। भाई- बंधुओं से प्रेम तथा सहयोग मिलेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन आर्थिक दृष्टि से लाभदायक है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। स्वादिष्ट भोजन और अच्छे कपड़े पहनने को मिलेंगे।

कर्क - आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण रहेगा। मन में किसी बात की दुविधा रहेगी। आप मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे।

सिंह - आज व्यापार में लाभ और आय में वृद्धि होगी। उत्तम भोजन प्राप्त होगा। मित्रों के साथ रमणीय स्थान पर जा सकते हैं। महिला मित्र आज विशेष सहायक होंगी। बच्चों के साथ कहीं बाहर जाने का अवसर मिलेगा।

कन्या - आज नए काम की योजना बनेगी। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभ प्रदान करने वाला होगा। अधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी, जिससे पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

तुला - आज आप नए काम के शुरुआत की कोशिश करेंगे। बौद्धिक कामों और साहित्य लेखन में सक्रिय रहेंगे। तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे-संबंधियों के समाचार प्राप्त होंगे।

वृश्चिक - आज अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा।

धनु - आपका आज का दिन सुख- शांति में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ दिन अच्छा गुजरेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। आज आपके विचार स्थिर नहीं रहेंगे।

मकर - आज आपके व्यापार धंधे में खूब सफलता मिलेगी, परंतु कानूनी मामलों में सावधानी बरतें। व्यापार धंधे को लेकर बनाई योजनाएं सफलतापूर्वक संपन्न होंगी। किसी के साथ पैसों का लेन-देन सफलतापूर्वक पूरा होगा।

कुंभ - आज अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन और सृजनात्मक कार्य अच्छी तरह से पूरे कर सकेंगे। आपका विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेगा तथा उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा। महिलाएं अपनी वाणी पर काबू रखें।

मीन - मकान और वाहन आदि के दस्तावेजों को अत्यंत संभालकर रखना होगा। पारिवारिक माहौल न बिगड़े, इसके लिए वाद-विवाद टालें। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1516 – फ्रांस और स्विट्जरलैंड ने फ्रेईबर्ग के शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1759 – दिल्ली के बादशाह आलमगीर द्वितीय की हत्या हुई।
1775 – सर जेम्स जे ने अदृश्य स्याही का अविष्कार किया।
1830 – पोलैंड में रूस के शासन के खिलाफ नवंबर विद्रोह शुरु हुआ।
1870 – ब्रिटेन में आवश्यक शिक्षा कानून लागू हुआ।
1889 – बेंगलुरू के लालबाग़ गार्डन में %ग्लास हाउस% की आधारशिला रखी गई।
1916 – अमेरिका ने डोमिनिकन रिपब्लिक में मार्शल लॉ लगाने की घोषणा की।
1944 – अलबानिया को नाजी कब्जे से छुड़ाया गया।
1947 – भारतीय उपमहाद्वीप का विभाजन होने पर निज़ाम ने भारत में शामिल होने की अपेक्षा स्वतंत्र रहना चाहा।
1949 – पूर्वी जर्मनी में यूरेनियम खदान में विस्फोट से 3700 लोग मरे थे।
1961 – दुनिया के पहले अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन भारत आये थे।
1970 – हरियाणा सौ फीसदी ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य पाने वाला पहला भारतीय राज्य बना।
1987 – कोरियाई विमान फ्लाइट 858 में थाईलैंड-म्यांमार की सीमा के पास विस्फोट में 115 लोगों की मौत हुई।
1989 – तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने इस्तीफा दिया था।
1998 – कर्नल कुरु बातासयाल के नेतृत्व में भारतीय सैन्य दस्ते ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सेना यूनीफ़िष में नार्वे के दस्ते का स्थान ग्रहण किया।

## बंगलादेश में बीएनपी ने दो केंद्रीय नेताओं को निष्कासित किया

**ढाका,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश में बंगलोदश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपने अध्यक्ष की सलाहकार परिषद के सदस्य सैयद एके एकरामुज्जमां और राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य शाह मोहम्मद अबू जफर को निष्कासित कर दिया है। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव एडवोकेट रूहुल कबीर रिजवी ने मंगलवार को जारी अपने बयान में इसकी पुष्टि की। बयान के मुताबिक पार्टीविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दोनों नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से निष्कासित कर दिया गया। एकरामुज्जमां 12वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में ब्राह्मणबारिया-1 निर्वाचन क्षेत्र में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं अबू जफर 20 नवंबर को बंगलादेश नेशनलिस्ट मूवमेंट (बीएनएम) में शामिल हो गए। वह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। बीएनपी पहले ही 12वें संसदीय चुनाव के कार्यक्रम को खारिज कर चुकी है।

## इमरान के खिलाफ अदियाला जेल में खुली अदालत में जारी रहेगा मुकदमा



**विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत ज़ुल्करनैन ने सुनाया फैसला**

**इस्लामाबाद,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के सिफर मामले की सुनवाई कर रहे विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत ज़ुल्करनैन ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि मुकदमे की कार्यवाही अदियाला जेल में जारी रहेगी लेकिन खुली अदालत में। 'गंभीर सुरक्षा जोखिमों' का हवाला देते हुए अदियाला जेल अधिकारी उसी अदालत के न्यायाधीश के आदेश के अनुसार इस्लामाबाद के संघीय न्यायिक परिसर (एफजेसी) में विशेष अदालत के समक्ष आज पूर्व प्रधान मंत्री को पेश करने में विफल रहे।

पिछले हफ्ते न्यायाधीश ज़ुल्करनैन ने निर्देश जारी किया था कि पीटीआई प्रमुख इमरान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को एफजेसी में पेश किया जाए। गौरतलब है कि सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है जिसे संघीय जांच एजेंसी के आरोप पत्र के मुताबिक श्री इमरान ने कभी वापस नहीं किया। पीटीआई लंबे समय से मानती रही है कि दस्तावेज में श्री इमरान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी। श्री इमरान और उनके सहयोगी कुरैशी, जो सलाखों के पीछे हैं, को 23 अक्टूबर को मामले में दोषी ठहराया गया था। दोनों ने दोषी नहीं होने का दावा किया है। मुकदमा अदियाला जेल में चल रहा था और चार गवाहों ने पहले ही अपने बयान दर्ज कर लिए थे, पांचवें से जिरह तब की गई जब इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने जेल मुकदमे के लिए सरकार की अधिसूचना को 'गलत' करार दिया और पूरी कार्यवाही को रद्द कर दिया। फैसले के परिणामस्वरूप, विशेष अदालत अब नए सिरे से मुकदमा शुरू करेगी जबकि अभियोजन पक्ष को जेल में मुकदमा चलाने के लिए एक नया आवेदन दायर करना होगा।

## तोमर ने जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की




**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जलवायु परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलन में भारतीय शिष्टमंडल की भागीदारी से संबंधित तैयारियों के साथ ही कृषि क्षेत्र में कार्बन क्रेडिट की क्षमता की समीक्षा की है।

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (कोप 28) की बैठक 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक दुबई में होगी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर जलवायु अनुकूल श्रीअन्न, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जलवायु अनुकूल गांवों के वैश्विक महत्व सहित देश की उपलब्धियां प्रदर्शित की जाएंगी। श्री तोमर ने कहा कि खेती को जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन बनाया जाना चाहिए जिससे कि कृषक समुदाय इससे लाभान्वित हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत जैसा अत्यधिक आबादी वाला देश मीथेन की कटौती की आड़ में खाद्य सुरक्षा पर समझौता नहीं कर सकता है। समीक्षा बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सचिव मनोज अहूजा ने श्री तोमर को कोप बैठक के महत्व, जलवायु परिवर्तन तथा भारतीय कृषि के बारे में लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी दी। श्री तोमर ने सुझाव दिया कि कार्बन क्रेडिट का लाभ कृषि विज्ञान केंद्रों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय बीज निगम के बीज फार्मों और आईसीएआर संस्थानों में 'मॉडल फार्मों' की स्थापना के माध्यम से किसानों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवीके को कृषक समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने में भी शामिल होना चाहिए, ताकि किसानों की आय बढ़ाई जा सके। कार्बन क्रेडिट, किसानों को सतत् कृषि का अभ्यास करने में प्रोत्साहन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल हो सकती है।

## दक्षिण अफ्रीका में इम्पाला प्लैटिनम खदान दुर्घटना में 11 लोगों की मौत

**केप टाउन,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका में इम्पाला प्लैटिनम खदान दुर्घटना में 11 श्रमिकों की मौत हो गई और 75 घायल हो गए। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इम्पाला प्लैटिनम के मुख्य कार्यकारी निको मुलर ने इसे कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन बताया। कंपनी ने कहा कि दुर्घटना सोमवार को जोहान्सबर्ग से लगभग 100 किमी (60 मील) उत्तर-पश्चिम में रस्टेनबर्ग की खदान में एक लिफ्ट के अनियंत्रित होने से हुई। लोगों को खदान शाफ्ट पर ऊपर तथा नीचे लेकर जाने वाली यह लिफ्ट अप्रत्याशित रूप से नीचे की ओर बढ़ने लगी थी। दक्षिण अफ्रीका में दुनिया की कुछ सबसे गहरी खदानें हैं। वहीं यह प्लैटिनम, सोना और अन्य कच्चे माल का अग्रणी उत्पादक देश है। यहां की खदानों में सुरक्षा स्थिति का मामला लंबे समय से गंभीर रहा है, हालांकि 1994 में श्वेत-अल्पसंख्यक शासन समाप्त होने के बाद से स्थिति में सुधार हुआ है। कंपनी ने कहा कि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है तथा सभी खनन कार्य बंद कर दिए गए हैं।

## वर्ग पहेली 6390



**बायें से दायें:-**

१. छै माह में होने वाला, छ:माही
४. असंगत, बेमेल, संबंधहीन
६. एक प्रकार का नेत्ररोग, जिसमें रोगी को रात में कुछ दिखाई नहीं देता
७. अपराध, दोष, कसूर (उर्दू)
८. श्रेष्ठ नर्तकत शिव
१०. बिचौलिया, बीच में स्थित
११. डरावना
१३. घृणा उत्पन्न करने वाला, घिनौना साहित्य में प्रयुक्त एक रस
१४. साधुओं का भोज
१५. मधुर ध्वनि, पक्षियों के चहचहाने की आवाज
१७. नवीन, नवल
१९. स्वर्ण, धतूरा
२१. वृद्धि होना
२२. चलते-चलते सहसा रुक जाना
२४. छ: माह का समय जिसमें सूर्य, विणुवत रेखा से दक्षिण की ओर रहता है

**ऊपर से नीचे:-**

१. दोष, ऐब, बुराई
२. बायें हाथ से काम करने वाला
३. कमल जैसे सुंदर हाथ
४. मातहत
५. बधिर
९. किसी के जन्मदिन पर मनाने वाला समारोह
११. नाकाम
१२. कमल
१३. उजाड़, जनशून्य (उर्दू)
१४. भंग करना, तोड़ना, नाश, क्षय
१५. हाथ जोड़ कर या हाथ बांधे हुए
१६. यु द्ध में होने वाली आवाज
१८. मांगने वाला, प्रार्थी
१९. दया, अनुकंपा
२०. मुश्किल
२३. अनेक

### वर्ग पहेली-6389

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ न | व | २ प्र | सू | ३ ता | ■ | ४ अं | ग | ५ रा | ज |
| ष्ट | ■ | या | ■ | ६ प | यो | द | ■ | जी | ■ |
| ७ नि | वा | स | ■ | रो | ■ | ८ रू | का | व | ९ ट |
| धि | ■ | र | ■ | १० ध | म | नी | ■ | ■ | टो |
| ■ | ११ वि | त | १२ र | क | ■ | ■ | १३ भू | चा | ल |
| ■ | धु | ■ | च | ■ | १४ स | वा | ल | ■ | ना |
| १५ प | र | १६ ख | ना | ■ | ह | ■ | १७ ना | १८ द | ■ |
| रि | ■ | लि | ■ | १९ ई | ना | २० म | ■ | हा | ■ |
| २१ प | पी | हा | ■ | जा | ■ | २२ ति | क | ड़ | २३ मी |
| क्व | ■ | २४ न | वो | द | क | ■ | ■ | ■ | न |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## रिपोर्ट | एक रिपोर्ट में किया गया खुलासा

# ब्रिटेन में विदेशी देखभाल कर्मियों का बड़े पैमाने पर शोषण किया गया

**लंदन,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल क्षेत्रों में कमियों को दूर करने के लिए ब्रिटेन में आमंत्रित प्रवासी श्रमिकों का बड़े पैमाने पर शोषण किया जा रहा है, जिनमें से कुछ को प्रति घंटे पांच पाउंड से भी कम वेतन दिया जाता है। यह खुलासा एक रिपोर्ट में हुआ है। द गार्जियन न्यूजपेपर के अनुसार, जून 2023 तक लगभग 78,000 लोगों को यूके (ब्रिटेन) आने और सामाजिक देखभाल में काम करने के लिए वीजा मिला। इनमें से अधिकतर भर्तियां नाइजीरिया, भारत और जिम्बाब्वे से हुई हैं और उनसे अप्रत्याशित शुल्क के रूप में हजारों पाउंड वसूले गए।

जब से होम ऑफिस ने देखभाल कर्मियों को कमी व्यवसाय सूची में जोड़ा है, तब से इंग्लैंड में उनमें से 14 प्रतिशत अब गैर-यूरोपीय (ईयू) संघ के देशों (यूके को छोड़कर) से हैं, जबकि सात प्रतिशत यूरोपीय संघ से हैं।

जब एक प्रवासी देखभाल कार्यकर्ता ने एनएचएस में नौकरी के लिए जाने की कोशिश की तो एक नियोक्ता ने ट्रेनिंग लागत के लिए 4,000 पाउंड की मांग की और एक अन्य को कल्चरल इन्डक्शन के लिए 395 पाउंड सहित छिपी हुई प्रशासन फीस का सामना करना पड़ा। यूनिसन द्वारा सहायता प्राप्त बोत्सवाना की एक कार्यकर्ता ने कहा कि उसने सप्ताह में छह दिन सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक घरेलू देखभाल में काम किया, लेकिन उसे कानूनी न्यूनतम के आधे से भी कम भुगतान किया गया। काउंसिल केयर कॉन्ट्रैक्ट खोने के बाद कंपनी ने उसे नौकरी से निकाल दिया और अब उसे निर्वासित होने का डर है। नियमों के अनुसार, यदि किसी कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया जाता है, या उनका एंप्लॉयर शट डाउन हो जाता है, तो उन्हें 60 दिनों के भीतर एक नया स्पॉन्सरिंग एंप्लॉयर ढूंढना होगा, अन्यथा एंप्लॉयर को श्रमिकों पर अतिरिक्त पावर देने के लिए निर्वासन का सामना करना पड़ेगा।



■ कुछ को प्रति घंटे पांच पाउंड से भी कम दिया जाता है वेतन

बोत्सवाना की एक देखभाल कर्मी एनी को केवल छह घंटे के लिए भुगतान किया गया था, जबकि उसने 15 घंटे काम किया था, जिसमें नियुक्तियों की प्रतीक्षा करना और ग्राहकों के बीच ड्राइविंग करना शामिल था।

न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, उसके नियोक्ता (एंप्लॉयर) ने लगातार तीन महीनों तक उसका अधिकांश वेतन रोक लिया, केवल बाद में उसे भुगतान किया, और उसे एक अजनबी के साथ एक कमरा साझा करने के लिए भी कहा।

यूनिसन महासचिव क्रिस्टीना मैकएनिया ने कहा, प्रवासी देखभाल कर्मचारियों के बिना देखभाल प्रणाली चरमरा जाएगी।

## दुनिया को जानें

# ईरान मार्च 2024 के अंत तक पांच नए उपग्रह करेगा लॉन्च

**तेहरान,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। ईरान ने अगले वर्ष 20 मार्च तक अंतरिक्ष में पांच नए उपग्रह लॉन्च करने की योजना बनाई है, जिसमें रक्षा मंत्रालय के दो उपग्रह और एक विदेशी उपग्रह शामिल है। ईरान के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री इस्सा जारेपौर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तस्नीम समाचार एजेंसी ने श्री जारेपौर के हवाले से कहा, वर्ष के अंत तक, पांच नए उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किए जाएंगे। हमारी ओर से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के दो उपग्रह, रक्षा मंत्रालय के दो उपग्रह और एक विदेशी उपग्रह का प्रक्षेपण होगा। सोमवार को ईरानी अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख हसन सलारिह ने कहा कि ईरान के एक अनुसंधान केंद्र के विशेषज्ञों ने अंतरिक्ष में प्रक्षेपण के लिए एक बायो-कैप्सूल तैयार किया है। अक्टूबर में श्री जारेपौर ने कहा कि देश अगले एक या दो महीने में अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए डिजाइन किए गए बायो-कैप्सूल का पहला परीक्षण करेगा। उन्होंने कहा कि ईरान अगले पांच वर्षों में एक व्यक्ति को अंतरिक्ष में भेजने के लिए काम कर रहा है।

# देश

उवाच

जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए और विधानसभा चुनाव बिना किसी देरी के होना चाहिए क्योंकि सरकार के खिलाफ लोगों में गुस्सा पनप रहा है, जिसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल कर संबोधित करने की आवश्यकता है।

–अल्ताफ बुखारी, अपनी पार्टी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 19.0 | 14.0 |
| मुंबई | 28.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 19.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 25.0 |

# डाक मतपत्र खोलना अक्षम्य अपराध : कांग्रेस

**भोपाल, बालाघाट,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के बालाघाट में डाक मतपत्रों को खोलने के मसले पर सियासत गर्मा गई है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने एआरओ हिम्मत सिंह को सस्पेंड कर दिया है। इसके बाद भी मामला शांत नहीं हुआ है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस मसले पर अधिकारियों को सख्त शब्दों में हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि बालाघाट में जो हुआ है, वह कदाचरण की श्रेणी में आता है। बालाघाट में सोमवार को एआरओ हिम्मत सिंह ने डाक मतपत्रों की पेटी खुलवाकर विधानसभावार सॉर्टिंग करवाई थी। कांग्रेस ने इस मामले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को शिकायत की थी और आरोप लगाया है कि डाक मतपत्रों में हेराफेरी की गई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस आक्रामक हो गई है। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी मामले की जानकारी मंगाई थी। भाजपा के प्रवक्ता बालाघाट जिला प्रशासन की कार्रवाई का बचाव करते हुए कांग्रेस के आरोपों पर सवाल उठा रहे हैं।

**कमलनाथ ने अधिकारियों को दी चेतावनी**

कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा लोकतंत्र के बुनियादी उसूल हैं। सोमवार को बालाघाट में डाक मतपत्रों को जिस तरह से खोला गया, वह गंभीर कदाचरण है। उसके बाद सरकारी मशीनरी और जिम्मेदार अधिकारियों ने जिस तरह से इस कृत्य को सही साबित करने की कोशिश की, वह और भी अक्षम्य अपराध है।



बालाघाट में जो हुआ है वह कदाचरण की श्रेणी में आता है : कमलनाथ

मैं चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारी और कर्मचारियों को याद दिलाना चाहता हूं कि

- मप्र के बालाघाट में पोस्टल बैलेट में अनियमितताओं पर निर्वाचन आयोग से किए सवाल
- डाक मतपत्रों में हेराफेरी करने की जताई आशंका

इस समय वह निर्वाचन आयोग के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं, जो मध्य प्रदेश सरकार से अलग एक स्वायत्त संस्था है। वे इस समय किसी पार्टी या मंत्री के मातहत काम नहीं कर रहे हैं। सभी अधिकारी-कर्मचारियों से निवेदन है कि वह किसी भी असंवैधानिक या गैरकानूनी आदेश का पालन न करें और सिर्फ वही कार्य करें जो करना उनका प्रशासनिक दायित्व है। एक-एक अधिकारी और कर्मचारी की कार्यप्रणाली की रिपोर्ट जनता के पास है। मैं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करता हूं कि वह अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए कड़े से कड़े संघर्ष के लिए तैयार रहें। तीन दिसंबर को मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार पर जनता की मुहर लग जाएगी। इसलिए वे निर्द्वंद्व होकर अपने कार्य में जुट जाएं। सत्यमेव जयते।

**भाजपा को फायदा पहुंचाने का लगाया आरोप**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि जब चुनाव आयोग के ही स्पष्ट निर्देश हैं कि डाक मतपत्रों की भी गणना तीन दिसंबर के दिन सुबह आठ बजे होगी तो बालाघाट में 27 नवम्बर को स्ट्रॉन्ग रूम कैसे खोला गया, क्या इस कार्य के लिए चुनाव आयोग के ही निर्देश थे। कलेक्टर आरओ कह रहे हैं कि कांग्रेस को कुछ कंफ्यूजन है तो फिर नोडल अफसर को सस्पेंड क्यों किया गया। असली दोषी तो वही कलेक्टर है, जिनसे उक्त कृत्य की अब निर्वाचन पदाधिकारी जांच करवाएंगे। क्या राज्य की पूरी जनता मूर्ख और समझदार सिर्फ आप ही हैं।

मिश्रा ने तो अनुपम राजन पर भी भाजपा को फायदा पहुंचाने का आरोप लगा दिया। उन्होंने अनुपम राजन से पूछा कि क्या यह घटना किसी राष्ट्रोह के समकक्ष नहीं है। इससे पहले कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने एआरओ हिम्मत सिंह को निलंबित करने की भी यही वजह बताई थी। गिरीश मिश्रा का कहना है कि हिम्मत सिंह ने तीन बजे स्ट्रॉन्ग रूम खोलने की मौखिक अनुमति ली थी। उन्होंने डेढ़ बजे ही स्ट्रॉन्ग रूम खोल दिया। यह नियमों के विपरीत है। इसी वजह से उन्हें निलंबित किया गया है।

## कलेक्टर को किया जाए निलंबित : दिग्विजय



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य के बालाघाट में पोस्टल बैलेट से जुड़े मामले में कलेक्टर को निलंबित करने की मांग की है। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बालाघाट जिले में पोस्टल बैलेट की प्राप्ति व गिनती में केंद्रीय चुनाव आयोग के नियम व निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है। जिसकी पूरी जवाबदेही जिला कलेक्टर व पोस्टर बैलेट के रिटर्निंग ऑफिसर की होती है। इसलिए दोनों अधिकारियों का तत्काल निलंबन कर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। केवल नोडल अफसर का निलंबन करना पर्याप्त नहीं है। बालाघाट जिले से जुड़ा कल एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ कर्मचारी मतपत्रों को रखते हुए नजर आ रहे थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि बालाघाट जिले के इस वीडियो में कर्मचारी पोस्टल बैलेट पत्रों की गिनती कर रहे हैं। वहीं प्रशासन का तर्क था कि बैलेट पत्रों को व्यवस्थित तरीके से रखा जा रहा है। इस मामले में एक तहसीलदार का निलंबन भी हो चुका है।

# राजस्थान में शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ अधिक मतदान

**जयपुर,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में हुए विधानसभा आम चुनाव-2023 में शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान 4.45 प्रतिशत अधिक दर्ज किया गया। निर्वाचन विभाग के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 75.68 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि शहरी क्षेत्रों में 71.23 प्रतिशत मतदान रहा। ग्रामीण क्षेत्रों के चार करोड़ 477 मतदाताओं में से तीन करोड़ दो लाख 73 हजार 445 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ 25 लाख 47 हजार 698 मतदाताओं में 89 लाख 37 हजार 953 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान 84.32 प्रतिशत बांसवाड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में दर्ज किया गया जहां 12 लाख 75 हजार 502 मतदाताओं में दस लाख 75 हजार 482 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पाली जिले में सबसे कम 64.59 प्रतिशत मतदान हुआ जहां 14 लाख 52 हजार 79 मतदाताओं में से नौ लाख 37 हजार 952 मतदाताओं ने मतदान किया। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में सर्वाधिक 76.65 प्रतिशत मतदान हनुमानगढ़ में हुआ जहां दो लाख 87 हजार 436 मतदाताओं में दो लाख 20 हजार 315 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। ग्रामीण क्षेत्रों में हुए मतदान में अजमेर जिले में 75.48, अलवर में 75.55, बीकानेर में 76.46, बूंदी में 77.79, दौसा में 74.36, धौलपुर में 79.75, डूंगरपुर 75.08, श्रीगंगानगर 80.47, हनुमागढ़ में 67.57, जयपुर में 78.08, जालोर में 69.70, जोधपुर में 72.03, करौली में 69.55, कोटा में 79.28, नागौर में 72.15, पाली में 64.59, राजसमंद में 73.48, सिरोही में 68.98, सवाईमाधोपुर में 71.10, टोंक में 72.94, उदयपुर में 75.73, बाड़मेर में 77.88, भीलवाड़ा में 77.23, चित्तौड़गढ़ में 82.06, झालावाड़ में 81.91, झुंझुनूं में 73.15, प्रतापगढ़ में 82.97, सीकर में 73.64, भरतपुर में 72.58, जैसलमेर में 83.36, चुरु में 77.67, बारां में 80.70 एवं बांसवाड़ा जिले में 84.32 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में अजमेर में 68.60, अलवर में 71.01, बीकानेर में 71.18, बूंदी में 74.28, दौसा में 74.39, धौलपुर में 73.13, डूंगरपुर में 65.60, श्रीगंगानगर में 73.78, हनुमागढ़ में 76.65, जयपुर में 72.67, जालोर में 70.64, जोधपुर में 67.40, करौली में 67.72, कोटा में 74.05, नागौर में 74.02, पाली में 70, राजसमंद में 70.99, सिरोही में 65.47, सवाईमाधोपुर में 66.98, टोंक में 73.28, उदयपुर में 67.80, बाड़मेर में 71.65, भीलवाड़ा में 69.26, चित्तौड़गढ़ में 72.46, झालावाड़ में 72.60, झुंझुनूं में 68.95, प्रतापगढ़ में 71.65, सीकर में 70.92, भरतपुर में 68.60, जैसलमेर में 73.19, चुरु में 70.69, बारां में 76.29 एवं बांसवाड़ा में 67.05 प्रतिशत मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि इस बार विस चुनाव में रिकॉर्ड 75.45 प्रतिशत मतदान हुआ जो गत विधानसभा चुनाव से 0.73 अधिक है।



- बांसवाड़ा के ग्रामीण क्षेत्र में हुआ सर्वाधिक मतदान

## सार संक्षेप

### तेलंगाना में छुट्टी ने देने वाले संगठनों पर होगी कार्रवाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने हैदराबाद श्रम आयुक्त को राज्य विधानसभा चुनाव के दिन गुरुवार को अवकाश नहीं देने वाले संगठनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सीईओ राज ने मंगलवार को जारी एक प्रेस नोट में कहा कि कि 2018 में तेलंगाना विधानसभा और 2019 में आम चुनावों (लोकसभा चुनावों) के दौरान निजी प्रतिष्ठानों और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई थी कि वे अपने कर्मचारियों को छुट्टी नहीं दे रहे हैं। कर्मचारियों को मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए अवकाश प्रदान करने में विफलता जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 बी और अन्य लागू श्रम कानूनों का उल्लंघन है। राज ने हैदराबाद श्रम आयुक्त को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि सभी संगठन और कंपनियां मतदान के दिन को अवकाश प्रदान करे और अगर कोई कंपनी इसका पालन नहीं करती तो सीईओ कार्यालय को सूचित करने के साथ-साथ चुनावी कानूनों और अन्य श्रम कानूनों के प्रावधानों के अनुसार उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

### बाडी में तनाव को देखते हुए पुलिस-प्रशासन अलर्ट

**भरतपुर।** राजस्थान के धौलपुर में बाड़ी क्षेत्र के कंचनपुर क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के बाद सोमवार को हुई हिंसा एवं कुछ इलाकों में तनाव की स्थिति को देखते पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार क्यूआरटी एवं आरएसी फोर्स के साथ हिंसाग्रस्त इलाके में पहुंचकर मॉनिटरिंग कर रहे है। अलग-अलग गांवों में करीब 110 पुलिस जवान भी तैनात कर हालात पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। गौरतलब है कि इस हिंसा में घायल तीन बच्चों सहित 10 लोगो को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था जिनमे से रेफर किया गया था इनमें से एक युवक की स्थिति ज्यादा खराब होने पर उसे जयपुर रेफर किया गया है।

### कांग्रेस ने दस नेताओं को किया पार्टी से बाहर

**कबीरधाम।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनाव में भितरघात को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। कमेटी ने प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष समेत 10 बड़े नेताओं को पार्टी से छह साल के लिए सस्पेंड कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीलाल साहू ने आदेश जारी किया है। इनमें सभी नेता पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के हैं। स्पेंड किए जाने वालों में सबसे बड़ा नाम तुकाराम चन्द्रवंशी है, जो प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष हैं। वर्तमान में ये जिला पंचायत सदस्य भी हैं।

# विस चुनाव के नतीजों के बाद चार देशों की यात्रा पर रवाना होंगे राहुल

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर से विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। देश में चल रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आ जाने और सरकार गठन की कवायद पूरी करके के बाद वे नौ दिसम्बर को चार देशों इंडोनेशिया, सिंगापुर, मलेशिया और वियतनाम की विदेश यात्रा पर रवाना हो जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, सिंगापुर और मलेशिया में वे प्रवासी भारतीयो से भेंट करेंगे। तो इंडोनेशिया में उनका राजनयिको के साथ मुलाकात करने का कार्यक्रम है। जबकि वियतनाम में उनकी मुलाकात कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के साथ हो सकती है। इसके अलावा वे प्रवासी भारतीयों से भी भेंट कर सकते हैं। मालूम हो कि इस समय पांच राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। तेलंगाना को छोडकर बाकी सभी राज्यों में मतदान कराए जा चुके हैं। जबकि तेलंगाना में 30 नवम्बर को मतदान कराया जाएगा। 3 दिसम्बर को सभी राज्यों के चुनाव नतीजे एक साथ आ जाएंगे। माना जा रहा है कि जिन राज्यों में कांग्रेस को बहुमत हासिल होगा। वहां नौ दिसम्बर से पहले नई सरकारो के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद राहुल गांधी विदेश रवाना हो जाएंगे।



तेलंगाना में दिए विज्ञापन पर बोले शिवकुमार

# सिर्फ सरकार की उपलब्धियां बताई, न कि वोट मांगे

**बंगलूरू,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना के अखबारों में विज्ञापनों पर चुनाव आयोग ने कर्नाटक सरकार से जवाब मांगा है। मामले पर कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि राज्य सरकार के विज्ञापन किसी भी नियमों का उल्लंघन नहीं करता है, विज्ञापन के जरिए वोट नहीं मांगा गया।

उन्होंने कहा कि सरकार चुनाव आयोग के नोटिस का जवाब देगी। बता दें भाजपा ने सोमवार को इस मामले में चुनाव आयोग में शिकायत की थी, जिसमें कांग्रेस पर आरोप लगाया गया था कि कर्नाटक सरकार के जरिए 30 नवम्बर को होने वाले विधानसभा को ध्यान में रखते हुए तेलंगाना की अखबारों में विज्ञापन दिया था। भाजपा ने चुनाव आयोग से कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। मामले पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि विज्ञापन का एकमात्र उद्देश्य था कि कर्नाटक सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचा था। विपक्षी दलों के आरोप बेबुनियादी थे। उन्होंने चुनाव आयोग के नोटिस पर जवाब देते हुए कहा कि हमने कोई उल्लंघन नहीं किया है, न ही हमने कोई वोट मांगे है।

मुझे तो समझ ही नहीं आ रहा है कि हमने क्या उल्लंघन कर दिया। उन्होंने कहा, हमने जो भी काम किए हैं, उसे हमने जनता के साथ साझा किया। अखबारों के पाठकों को इससे कोई समस्या नहीं है। आप सारे विज्ञापनों की जांच कर सकते हैं हमने किसी में भी वोट की अपील नहीं की है। बता दें तेलंगान के सत्तारूढ़ दल बीआरएस ने भी इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से शिकायत की थी। वहीं दूसरी ओर चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनावों से पहले कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के विज्ञापनों को तेलंगाना में प्रकाशित होने से रोक दिया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को शिकायत दर्ज कराने के बाद, चुनाव आयोग ने कांग्रेस सरकार के विज्ञापनों पर रोक लगा दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कर्नाटक सरकार ने वोट हासिल करने के उद्देश्य से तेलंगाना मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करके लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। तेलंगाना में राज्य का चुनाव तीस नवम्बर को होना है।



- चुनाव आयोग के नोटिस का जवाब देगी सरकार : शिवकुमार

## भाजपा-बीआरएस में मिलीभगत : गहलोत

**हैदराबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति और भारतीय जनता पार्टी एक दूसरे से मिले हुए हैं। गहलोत ने यहां गांधी भवन में संवाददाताओं से कहा कि बीआरएस और भाजपा की मिलीभगत है तथा प्रदेश की जनता अच्छी तरह से वाकिफ है। उन्होंने तेलंगाना में बीआरएस सरकार के कार्यकाल में परीक्षापत्रों के कथित लीक की ओर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार के शासन में यह राज्य आर्थिक अपराधों का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि कुछ व्यवसायी बैंकों से पर्याप्त ऋण प्राप्त करने के बाद दूसरे देशों में भाग गए और केंद्र सरकार ने इन ऋणों को माफ करके उनकी सहायता की। भाजपा पर तेलंगाना में चुनावी लाभ के लिए प्रवर्तन निदेशालय का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह देश में भ्रष्टाचार का नंबर एक स्त्रोत है।

# 2024 में राज्यसभा सांसदों को लड़ाने की तैयारी में भाजपा

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में तीन केंद्रीय मंत्री सहित लोकसभा के सात सांसदों के मैदान में उतरने के बाद भाजपा लोकसभा चुनाव में राज्यसभा के सांसदों के उतारने का विचार कर रही है। इनमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी और कविता पाटीदार भी संभावित नाम हो सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक दो माह पहले मार्च में मध्य प्रदेश की पांच राज्यसभा सीटें खाली हो रही हैं। अभी इनमें से 4 भाजपा और एक कांग्रेस की सीट है।



विधानसभा चुनाव के नतीजे ही मार्च में होने वाले राज्यसभा सदस्यों के चुनाव का फैसला करेंगे। भाजपा और कांग्रेस में से जिस पार्टी की विधानसभा में संख्या ज्यादा होगी, उसके उतने ही राज्यसभा सदस्य चुने जाएंगे। ऐसे में अगर विधानसभा चुनाव के परिणाम भाजपा के आशानुरुप रहे, तो लोकसभा चुनाव में राज्यसभा के सांसदों को मौका मिल जाएगा। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और सांसद सुमेर सिंह सोलंकी का कार्यकाल 2026 तक का है। जबकि कविता पाटीदार का कार्यकाल 2028 तक रहेगा। ऐसे में सिंधिया का लोकसभा चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।

## भाजपा के चार सांसदों का कार्यकाल 2024 में हो रहा पूरा

मध्य प्रदेश के 11 राज्यसभा सदस्यों में से 5 सांसदों का कार्यकाल 2 अप्रैल 2024 को पूरा हो रहा है। इनमें से भाजपा के चार सदस्य है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, एल मुरुगन मध्य प्रदेश से राज्यसभा का प्रतिनिधित्व करते हैं। जबकि अजय प्रताप सिंह और कैलाश सोनी का कार्यकाल भी पूरा हो रहा है। कांग्रेस के एकमात्र सांसद राजमणि पटेल है। भाजपा या कांग्रेस को पांच में से चार सीटों पर कब्जा करना है, तो उसे विधानसभा में 150 से अधिक सीटों की जरूरत पड़ेगी।

# राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अस्पताल में भर्ती

**जयपुर,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) प्रवीण गुप्ता को सांस फूलने और सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक, गुप्ता को घर पर नाश्ता करते समय सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ हुई और वह बेहोश हो गए। उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल ले जाया गया जहां उनका ईसीजी, रक्त परीक्षण और एक्स-रे किया गया। इसके बाद सीईओ को मेडिकल आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। 1995 बैच के आईएएस अधिकारी गुप्ता फरवरी 2020 से जुलाई 2020 तक जांच विभाग में आयुक्त थे। इसके अलावा वे राजस्व मंडल, अजमेर में सदस्य, वित्त विभाग में सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में आयुक्त तथा मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव एवं उप सचिव के पद पर भी रहे हैं। इससे पहले वे भरतपुर और झालावाड़ के कलेक्टर भी रह चुके हैं।



# बिहार में अगले वर्ष के लिए जारी सरकारी छुट्टियों का कैलेंडर हिंदू विरोधी : बंसल

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने अगले साल 2024 को लेकर सरकारी छुट्टियों का कैलेंडर जारी किया है। विहिप का आरोप है कि इस सूची से जहां कई हिंदू छुट्टियों हटा दी गई हैं, वहीं मुसलमानों के त्योहारों के कुछ नई छुट्टियों को शामिल कर लिया गया है। इसको लेकर राजनीति गरमाती नजर आ रही है। भाजपा ने पहले ही इसको लेकर अपना विरोध दर्ज कराया था। अब विश्व हिंदू परिषद ने इसे हिंदू द्रोही और हिंदू विरोधी एजेंडा करार देते हुए तत्काल वापस लिए जाने की मांग की है। विहिप के राष्टीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने इस फैसले पर ऐतराज जताते हुए आरोप लगाया है कि बिहार सरकार पीएफआई के गजवा-ए-हिंद के सपने को साकार करने में लगी है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार लगातार पीएफआई और जेहादी तत्वों के सामने समर्पण कर उसके एजेंडे को आगे आगे बढ़ा रही है। छुट्टियों का यह नया कैलेडर उसका एक और हिंदू विरोधी एजेंडा है। उन्होंने बताया कि नीतीश सरकार ने 2024 के सरकारी अवकाश की सूची से शिवरात्रि, रामनवमी, श्रावणी सोमवार, जन्माष्टमी, अनंत चतुर्दशी, भैया दूज, गोवर्धन पूजा और गुरुनानक जयंती के साथ-साथ कार्तिक पूर्णिमा जैसे मुख्य और पवित्र भारतीय छुट्टियों को समाप्त कर ईद, बकरीद और मोहर्रम की छुट्टियों को बढ़ा कर यह संदेश दिया है कि सूबे में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक है।



बंसल ने कहा कि बिहार सरकार को चाहिए कि वह इसे वापस लेकर अपनी गलतियों को समय रहते दूर कर ले। अन्यथा हिंदू समाज इस हिंदू विरोधी एजेंडे के विरोध में आंदोलन करने का बाध्य हो जाएगा।

राजनीति

*अब तक सिर्फ चार चुनावों में ही अन्य दलों के मुकाबले मिले कम मत*

# राजस्थान में अब तक हुए विस चुनाव में कांग्रेस का रहा दबदबा

**जयपुर, 28 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में आजादी के बाद से अब तक हुए पन्द्रह विधानसभा चुनावों में दस बार सरकार बनाकर कांग्रेस ने अपना दबदबा कायम किया हैं और अब तक उसे केवल चार चुनावों में ही अन्य दलों के मुकाबले कम मत मिले हैं वहीं वर्ष 1980 के चुनाव से मुकाबले में आई भाजपा ने पिछले नौ चुनावों में चार बार सरकार बनाने में।**

सफल रही है और तीन बार सबसे अधिक मत हासिल करने में कामयाब रही। अब तक हुए इन चुनावों में आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए चुनाव में जनता पार्टी ने भी जोरदार जीत दर्ज करते हुए राज्य में सरकार बनाई। कांग्रेस ने इन पन्द्रह चुनावों में छह बार वर्ष 1952, 1957, 1972, 1980, 1985 एवं 1998 के चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल किया, इसमें वर्ष 1998 में कांग्रेस ने पहली बार 150 सीटों के साथ धमाकेदार जीत दर्ज की और अशोक गहलोत पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। कांग्रेस ने चार बार वर्ष 1962, 1967, 2008 एवं 2018 में किसी दल या निर्दलीय सदस्यों के सहारे सरकार बनाई। आजादी के बाद हुए वर्ष 1952 में 190 सीटों के लिए पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 102 सीटें जीतकर पहली बार सरकार बनाई।



- भाजपा तीन बार सबसे अधिक मत हासिल करने में रही कामयाब

इसके बाद हुए वर्ष 1957 में 176 सीटों के लिए हुए दूसरे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 119 सीटें जीतकर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। इसके बाद वर्ष 1962 के चुनाव में कांग्रेस 176 विधानसभा सीटों वाली विधानसभा में 88 सीटें ही जीत पाई जो बहुमत के आंकड़े से एक कम थी। इसके बाद वर्ष 1967 में हुए चौथी विधानसभा के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस विरोधी लहर के बावजूद विधानसभा की 184 में से 89 सीटें हासिल की। हालांकि स्पष्ट बहुमत से कुछ सीटें दूर रही लेकिन सरकार बनाने में कामयाब रही। इसके बाद वह वर्ष 2008 के चुनाव में वह सौ सीटों के आंकड़े को नहीं छू पाई और वह 96 सीटें ही जीत सकी लेकिन अशोक गहलोत बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के छह विधायकों एवं निर्दलीयों की मदद से दूसरी बार मुख्यमंत्री बने और राज्य में कांग्रेस की नौवीं सरकार बनाने में सफल रहे। इसके बाद गत विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से केवल एक सीट दूर रही, उसे सौ सीटें मिली लेकिन उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल की एक सीट आने से उसे सरकार बनाने में कोई दिक्कत नहीं आई और गहलोत तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। हालांकि बसपा के छह विधायकों और कुछ निर्दलीय सदस्यों का भी समर्थन हासिल कर लिया और बाद में इन्हें कांग्रेस में शामिल कर लिया गया।

जिन सदस्यों को कांग्रेस में शामिल किया उनमें अधिकतर को वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने टिकट देकर फिर से चुनाव भी लड़ाया। इससे पहले कांग्रेस ने वर्ष 1972 में 145 सीटें जीती।

# प्रादेशिकी

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में ऋण लेने को करें आवेदन

**फर्रुखाबाद,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। युवाओं के लिए रोजगार के अच्छे अवसर हैं। उन्हें स्वरोजगार के लिए सरकार की ओर से ऋण मिलेगा। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत ऋण वितरण के लिए युवाओं से आवेदन मांगा गया है। स्वरोजगार के इच्छुक युवा आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त जौहरी ने बताया कि योजना के तहत किसी भी व्यवसाय के लिए 10 लाख से लेकर 25 लाख रुपए तक का ऋण सरकार की ओर से दिया जा रहा है। योजना के तहत ऋण लेने वाले युवाओं को 25 प्रतिशत सब्सिडी का भी लाभ मिलेगा। योजना के लाभ पाने के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदक कम से कम हाई स्कूल पास हो।

# सदन में स्वस्थ चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार : योगी

- विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले बोले मुख्यमंत्री
- योगी ने विपक्षी दलों से की अपील, सदन की गरिमा बनाए रखने में दें अपना योगदान



विधानसभा में हर सवाल का देंगे जवाब : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के समग्र विकास, लोककल्याण, जनहित से जुड़े मुद्दे एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए हम विधानमंडल की कार्यवाही में चर्चा-परिचर्चा के लिए तैयार हैं। इसके लिए सभी दलों के सदस्यों से सार्थक चर्चा के लिए आह्वान किया गया है। साथ ही सरकार सभी दलों के सदस्यों के उनके सवालों के जवाब देने के लिए पूरी तरह से तत्पर है। सरकार डेवलपमेंट एवं उत्तर प्रदेश से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह से तैयार है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानभवन के गेट नं. 8 के पोर्टिको पर विधानसभा के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले मीडिया बंधुओं से बातचीत के दौरान कहीं। इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत कई मंत्री मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सदन आम जनमानस से जुड़ी समस्याओं को रखने एवं इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का महत्वपूर्ण मंच है। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी सदस्य आम जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रख करके सदन को स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा का केंद्र बनाएंगे। साथ ही सार्थक चर्चा के माध्यम से विधायिका को और पुष्ट करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इस सत्र में अनुपूरक बजट के साथ विधायिका के लंबित कार्य पूरे होंगे। पिछले साढ़े छह वर्षों में विधान मंडल ने गरिमापूर्ण तरीके से संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली को पुष्ट करते हुए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा को आगे बढ़ाने में नई सफलता प्राप्त की है, जो लोकतंत्र की सच्ची भावनाओं के प्रतिनिधित्व को दर्शाता है। यह लोगों के बीच कौतुहल और आश्चर्य का विषय बना हुआ है। मेरी विशेष रूप से विपक्षी दलों के सदस्यों से अपील है कि पूरे देश के अंदर सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चल रही परिचर्चा को बनाए रखने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भी है। ऐसे में हम सदन की गरिमा को बनाए रखने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार जनहित, डेवलपमेंट, लोककल्याण एवं प्रदेश से जुड़े अन्य सभी मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा को तैयार है। विपक्ष के हर प्रश्न का जवाब देने के लिए सरकार तैयार है। हम पूरी तैयारी के साथ सदन में मौजूद रहेंगे। सीएम योगी ने कहा कि विधानमंडल की इस कार्यवाही के पहले दिन के अवसर पर सभी सदस्यों का हृदय से स्वागत करता हूं और विश्वास करता हूं कि आम जनमानस की भावनाओं के अनुरूप सभी सदस्य सदन पर अपनी बात को प्रभावी ढंग से रखेंगे।

## प्रदेश में 77 हजार सड़कों को किया गया दुरुस्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की रोड्स को गड्डा मुक्त करने के लिए योगी सरकार ने सतत अभियान चलाकर 2023-24 में अब तक 77 हजार से ज्यादा रोड्स को गड्ढा मुक्त कर दिया है। अभियान के तहत गड्ढमुक्ति अभियान के साथ ही रोड्स का नवीनीकरण/रेस्टोरेशन भी किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त रोड्स को गड्डा मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। साथ ही उनकी ओर से आला अधिकारियों को जरूरत के अनुसार सड़कों का नवीनीकरण/रेस्टोरेशन का भी आदेश दिया गया था। इसके लिए 10 विभागों को आपसी समन्वय से गड्ढामुक्ति अभियान चलाने को कहा गया था। इसी क्रम में विभिन्न विभागों ने मिलकर इस कार्य को अंजाम दिया है। प्रदेश सरकार ने 2023-24 के लिए 83,283 हजार रोड्स को गड्ढामुक्त एवं नवीनीकरण/रेस्टोरेशन किए जाने का लक्ष्य रखा है। इसमें 49,557 रोड्स को गड्ढामुक्त और 33,727 रोड्स का नवीनीकरण/रेस्टोरेशन शामिल है। ऐसे में 83,283 रोड्स के लक्ष्य के सापेक्ष सरकार ने 17 नवम्बर तक कुल 77,489 रोड्स को दुरुस्त कर लिया है। इसमें 48,979 हजार रोड्स को गड्ढामुक्त करने में सफलता पाई गई जबकि 28,510 रोड्स का नवीनीकरण/रेस्टोरेशन किया गया। विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाही को देखें तो लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सर्वाधिक करीब 69,983 हजार रोड्स को दुरुस्त किया है। इनमें केवल गड्ढामुक्ति द्वारा करीब 44,045 हजार (लक्ष्य का करीब 99.2 प्रतिशत) तो नवीनीकरण/रेस्टोरेशन द्वारा करीब 25,983 हजार (लक्ष्य का 90.9 प्रतिशत) रोड्स का कायाकल्प किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय मार्ग के तहत कुल 1,001 रोड्स को दुरुस्त किया गया है। इसमें 827 रोड्स (लक्ष्य के 92.4 प्रतिशत) को गड्ढामुक्त तो 185 रोड्स (लक्ष्य के 97.4 प्रतिशत) का कायाकल्प करने में सफलता प्राप्त की है। मंडी परिषद ने कुल 719 रोड्स को दुरुस्त किया है। इसी तरह पंचायती राज विभाग ने 774 (388 गड्ढामुक्त और 386 नवीनीकरण/रेस्टोरेशन द्वारा), सिंचाई विभाग ने 448, ग्राम्य विकास ने 336, नगर विकास ने 3,729 , आवास एवं शहरी नियोजन ने 43 और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास ने 455 (137 गडढ्ामुक्त और 318 नवीनीकरण/रेस्टोरेशन द्वारा) रोड्स का कायाकल्प किया है।

# उत्तर प्रदेश में बैकों के माध्यम से भी जमा होंगे बिजली बिल

**करोड़ों विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल**

**लखनऊ,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के करोड़ो विद्युत उपभोक्ता बैंकों के माध्यम से बहुत जल्द अपना विद्युत बिल आसानी से जमा कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश की अनेक बड़ी कम्पनियॉ जिसमें राना पे, बीएलएस इन्टरनेशनल, सहज, वयमटेक तथा सरल के द्वारा भी बिल कलेक्शन एवं जमा करने की सुविधा मिलेगी। उपभोक्ताओं को विद्युत बिल जमा करने में कोई परेशानी न हो, वे आसानी से बैंकों के द्वारा अपना विद्युत बिल जमा कर सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र पावर कारपोरेशन जल्द यह व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। प्रमुख बैंको एवं कंपनियों के अधिकारियों के साथ मंगलवार को शक्ति भवन में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल के साथ बैठक हुई। जिसमें अध्यक्ष ने कहाकि मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुरूप कारपोरेशन प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक सुविघा देना चाहता है। इसी क्रम में उपभोक्ता आसानी से अपना विद्युत बिल बिना लाइन लगाए जमा कर सकें, इसलिए बैंकों और अन्य कम्पनियों के माध्यम से यह सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, पीएनबी, यूनियन बैंक, इण्डिन बैंक तथा एक्सिस बैंक तथा कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ताओं को अभी तक बिल जमा करने की अनेक माध्यमों से सुविधा दे रखी है। जिसमें उपभोक्ता, विभागीय कैश काउन्टर, जन सुविधा केन्द्र, मीटर रीडर, सस्ते गल्ले की सरकारी दूकान, पैक्स, विद्युत सखी-यूपीएसआरएलएम वेब साइट पर इन्टरनेट बैंकिंग क्रेडिट डेबिट कार्ड, तथा मोबाइल एप यूपीपीसीएल कन्ज्यूमर्स के माध्यम आदि शामिल है। अध्यक्ष का कहना है कि हमारा प्रयास है कि उपभोक्ता को सही रीडिंग का बिल मिले और वह आसानी से घर बैठे अपनी सुविधानुसार ऑन लाइन, बैंकों या विभिन्न काउन्टरों पर जाकर अपना बिजली बिल जमाकर सके।

## सार संक्षेप

### कार्तिक पूर्णिमा पर सामूहिक सुंदर कांड का हुआ पाठ

**मेरठ।** सहयोग सामाजिक संस्था द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर शिव शक्ति नगर में 44वें सामूहिक सुंदर कांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राज कुमारी और योगेंद्र लोधी द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ प्रेम कुमार शर्मा ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरा पूर्णिमा भी कहा जाता है, क्योंकि इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था। इसी खुशी में देवताओं ने दीवाली मनाई थी, जिसे देव दीपावली कहा जाता है। इस दिन देवता स्वर्ग से उतर कर दीप दान करते हैं,। इसलिए इसे देव दीपावली कहा जाता है। संस्था अध्यक्ष दिनेश कुमार शांडिल्य एडवोकेट ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का बड़ा महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु ने प्रलय काल में वेदों की रक्षा के की और सृष्टि को बचाने के लिए मत्स्य अवतार धारण किया था। कोई भी निःशुल्क सुंदर काण्ड पाठ करा सकता है। आशु लोधी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### धार्मिक स्थलों से उतारे गए लाउड स्पीकर

**मेरठ।** धार्मिक स्थलों पर लगे तेज आवाज वाले लाउड स्पीकरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने तय मानक से ज्यादा तेज आवाज करने वाले कुछ लाउड स्पीकर को उतरवाकर कब्जे में ले लिया। कुछ की आवाज को तय मानक के अनुसार कम करा दिया। मंगलवार को अधिकारियों के आदेश पर पुलिस धार्मिक स्थलों पर पहुंची और तय मानक से तेज आवाज करने वाले 11 लाउड स्पीकर को उतरवा दिया। 30 लाउड स्पीकरों की आवाज कम कराई।

### मजदूरों की सकुशल वापसी को लेकर हुआ प्रार्थना सभा

**मेरठ।** उत्तराखंड के उत्तर काशी में निर्माणाधीन टनल में करीब 16 दिनों से फंसे मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए हिंदू वीर सेवा के कार्यकर्ताओं ने मेरठ में कचहरी गेट के हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। मजदूरों को सकुशल निकालने के लिए प्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार भी लगी रही। मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए पूरे देश में दुआओं और पूजा पाठ का दौर भी जारी रहा। अभियान के दौरान विशेषज्ञों की सलाह के बाद भी चलाए जा रहे अभियान में आ रही दिक्कतों के चलते मजदूरों को सकुशल निकालने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी को लेकर मंगलवार को कचहरी गेट स्थित हनुमान मंदिर में हिन्दू वीर सेना के कार्यकर्ताओं ने मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। प्रदेश प्रभारी पंकज खटीक ने बताया कि उत्तराखंड सरकार और केंद्र सरकार टनल में फंसे सभी मजदूरों को सकुशल निकालने का प्रयास किया गया। उत्तराखंड सरकार ने इस अभियान में अन्य प्रदेशों की भी मदद ली और विशेषज्ञों से भी इस संबंध में मदद ली गई। सुरंग में फंसे हुए सभी मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए मंगलवार को कचहरी स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया है। कामगारों को सकुशल वापस निकालने के लिए सरकार के प्रयास को गति मिली है ।

# रिसर्च के लिए छात्रों को बाहर जाने की जरूरत नहीं : संगीता शुक्ला



- देश और विदेश में तेजी से बढ़ रही सीसीएसयू की साख : कुलपति
- बॉटनी विभाग को 2.4 करोड़ की ग्रांट मिली
- कुलपति ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**मेरठ,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। मंगलवार को चौधरी चरण विश्वविद्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारों को सम्बोधित करे हुए कुलपति प्रो.संगीता शुक्ला ने बताया कि चौधरी चरण विश्वविद्यालय को दिल्ली के साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से 2.4 करोड़ की ग्रांट मिली है। चौधरी चरण विवि यूपी का ऐसा विश्वविद्यालय है जिसे इस प्रकार की ग्रांट मिली है। शोध करने वाले एक्सपीरिएंस करने वाले छात्रों को दिल्ली के जवाहर लाल विश्वविद्यालय नहीं जाना होगा। यह सारी सुविधा विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग में छात्रों को मिलेगी। कुलपति ने बताया कि यह ग्रांट विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग को दिल्ली के सांइस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा दी गई है। इस प्रकार की ग्रांट यूपी में किसी भी विश्वविद्यालय को मिलने वाला सीसीएसयू पहला विवि है। सांइस एडं टेक्नोलॉजी से मिली ग्रांट से विभाग में उपकरण लगाए जाएंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग में अत्याधुनिक लैब तैयार की गई है। लैब में उपकरण लगने के बाद छात्रों को प्रयोग करने के लिए दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्व विद्यालय नहीं जाना होगा।

# सपा विधायक के खिलाफ आईएमए ने खोला मोर्चा



- जिलाधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन
- ज्ञापन सौंपकर सरकार से सुरक्षा की गुहार लगाई
- न्यूटिमा अस्पताल पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया

**मेरठ,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। सपा विधायक व न्यूटिमा हॉस्पिटल विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को न्यूटिमा हॉस्पिटल के समर्थन में आईएमए हॉल के चिकित्सकों ने प्रदर्शन किया और मार्च निकाला। इसके साथ ही मामले में तुरंत कार्रवाई किए जाने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। पूर्व में सपा विधायक अतुल प्रधान के समर्थन में सीसीएसयू के छात्रों ने भी मोर्चा संभाला था। छात्रों एक समूह ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान आईएमए के अध्यक्ष संदीप जैन की ओर से कहा गया कि न्यूटिमा हॉस्पिटल पर जो आरोप लगे हैं वे बेबुनियाद है, ये महज राजनीति का एक हिस्सा है। न्यूटिमा हॉस्पिटल में दिल्ली की तर्ज पर इलाज तो होता है लेकिन भुगतान बहुत ही सामान्य रहता है। इसके बावजूद सपा विधायक अतुल प्रधान द्वारा अस्पताल में शोरशराबा कर महौल खराब किया गया। जब इससे भी बात नहीं बनी तो डाक्टरों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि सपा विधायक यदि अनशन कर सकते है तो आईएमए के चिकित्सक भी कमजोर नहीं है। अगर किसी भी हॉस्पिटल पर या किसी भी डॉक्टर पर कोई अराजकता हुई तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान डाक्टरों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। डाक्टरों ने सरकार से जल्द से जल्द चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए एक्ट बनाने की मांग उठाई। डॉक्टरों ने सरधना विधायक अतुल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# मवाना मिल में 80 वाहनों में लगाए गए स्टीकर



**मवाना,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। मवाना शुगर मिल परिसर में मंगलवार को पुलिस व मिल प्रशासन ने गन्ना वाहनों में अभियान चलाकर रिफ्लेक्टर लगाए। मंगलवार को प्रथम चरण में करीब 80 से अधिक गन्ने लाने वाले ट्रैक्टर-ट्राली, भैंसा बोगी व ट्रकों में रिफ्लेक्टर लगाए गये। भविष्य में भी गन्ने के वाहनों में स्टीकर लगाए जाएंगे। सर्दी के मौसम में कोहरे की धुंध की एक सफेद चादर सी छा जाती है। धुंध में वाहनों को चलाने में काफी दिक्कत होती है। सावधानी से कोहरे में घटनाओं पर रोकथाम लग सकती है। कोहरे में इन स्टीकरों का दुर्घटना रोकने के लिए विशेष प्रभाव देखने को मिलता है। मवाना पुलिस के अनुसार कोहरे के दौरान वाहन पर फग लाइट के साथ ही रेडियम रिफ्लेक्टर लगे होने चाहिए। इससे होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इससे दूसरे वाहन चालक आसानी से रास्ता देकर बचकर निकल जाते हैं। इसी कारण मंगलवार को मवाना थाना प्रभारी सुभाष सिंह, उप निरीक्षक विकास शर्मा व सतेन्द्र वर्मा के साथ मवाना शुगर मिल परिसर पहुंचे। वहां पर मिल के जन सम्पर्क अधिकारी केके राघव, महाप्रबंधक गन्ना मनोज कुमार सिंह, जीत पाल सिंह, उपेन्द्र, सुनील व देवेन्द्र के साथ मिल में गन्ना डालकर जाने वाले वाहन ट्रैक्टर-ट्राली, भैंसा बोगी व ट्रकों में रिफ्लेक्टर लगाये और वहां पर मिले किसानों को जागरूक किया।

# छात्र-छात्राओं ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित

**मवाना,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। ए.एस.इंटर कॉलेज मवाना में स्वीप के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में जिलाधिकारी दीपक मीणा व मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने दीपावली पर मतदाता जागरूकता से संबंधित दिए तैयार किए गए उत्कृष्ट कार्य किए। कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह तथा प्रॉक्टर विभा जैन व नोडल अधिकारी सोनिया ने मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।





# छात्र संसद में युवा सांसदों ने दिखाई प्रतिभा

**मेरठ,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर दो दिवसीय स्वामी विवेकानंद छात्र संसद 2023 का समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय गीत से किया गया। भारतीय संविधान की प्रस्तावना का उद्घोष हिन्दी व अंग्रेजी दोनो भाषाओं में करते हुए छात्र संसद 2023 की कार्यवाही प्रतिकुलपति प्रो. डॉ. अभयशंकर गौड़ा, शिवम गर्ग मीडिया सलाहकार राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार नई दिल्ली तथा संकायाध्यक्ष प्रो.डॉ. वैभव गोयल भारतीय द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस छात्र संसद का आयोजन जस्टिस राजेश चन्द्रा पूर्व न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय व निदेशक सुभारती विवि संस्थान के मार्गदर्शन तथा संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ.वैभव गोयल भारतीय के संरक्षण में आयोजित किया गया।

# सरकार को चेताने के लिए हड़ताल करेगी यूनियन

- दस वर्षो से एनआरएलएम कर्मियों की मांगे चल रही लंबित
- वेतन में वृद्धि न होना बनेगा विरोध का मुख्य कारण
- बढ़ती महंगाई से लगातार प्रभावित हो रहे कर्मचारी
- 10160 के सापेक्ष में करीब 3500 कर्मी ही कार्यरत
- वर्क लोड के कारण मिल रहा शारीरिक, मानसिक तनाव

**मेरठ,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंर्तगत कार्यरत कर्मियों की परेशानियों को सुनने वाली सरकार शायद इस प्रदेश में नहीं है। पूर्व में सपा सरकार ने कई आश्वासन दिए लेकिन मांगे पूरी न हो सकी। अब भाजपा की योगी की सरकार का भी लगातार दूसरा कार्यकाल चल रहा है। इस सरकार से भी अभी कोई राहत मिलती दिख नहीं रही। उत्तर प्रदेश अजीविका मिशन कर्मचारी यूनियन करीब 10 वर्षो से मांगो को लेकर लड़ाई लड़ रहा है, परन्तु सनवाई आज तक कोई मांग पूरी नहीं हो सकी। अब यूनियन द्वारा प्रदेश व्यापी अनिश्चतकालीन हड़ताल का एलान किया गया है। उत्तर प्रदेश अजीविका मिशन कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष योगेश मोगा ने बताया कि मांग पूरी न होने के कारण अब यूनियन द्वारा 30 नवम्बर को प्रदेश व्यापी अनिश्चतकालीन हड़ताल करेगा। उन्होंने बताया कि सरकार से मांग की जाएगी कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंर्तगत कार्यरत कर्मियों के देय लाभ जो शासीनिकाय से अनुमोदित और लागू है परन्तु विगत एक दशक से लंबित है। इतने लम्बे समय से धरातल पर कोई भी लाभ प्राप्त न होने के कारण कर्मचारियों में नाराजगी है। जिसको लेकर यूनियन प्रदेश स्तर पर हड़ताल करेगा। उन्होंने बताय कि भारत सरकार (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के अनुसार यूपीएसआरएलएम में लगभग 10160 कर्मी कार्यरत होने चाहिए परन्तु 10160 के सापेक्ष लगभग 3500 कर्मी (35 प्रतिशत) कार्यरत है।

## इन मांगों को उठा रहा यूपीएसआरएलएम

- मानव संसाधन नियमावली 07 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि देय होने के बावजूद भी 09 वर्ष पुराने वेतन पर कर्मियों को कार्य करना पड़ रहा है जब कि इस अवधि में महंगाई 62 से 70 प्रतिशत बढ़ गई है।
- कर्मी अपने गृह स्थान से अत्याधिक दूरी पर पदस्थापित है एवं अल्प वेतन भोगी है। जिनके स्थानान्तरण पर 19वीं शासी निकाय की बैठक में पर रोक लगा दी गई है अत्याधिक दूरी पर पदस्थ होने से उनकी आर्थिक, सामाजिक और मानसिक हानि हो रही है।
- मेडिकल इंश्योरेंस अभी तक लागू नहीं किया गया है जब कि लगभग 50 से अधिक कर्मियों की दुर्घटना व गंभीर बीमारी के कारण अत्यधिक खर्चीला इलाज करवाने में असक्षम है जिस कारण कई कर्मियों की मेडिकल इंश्योरेंस के अभाव में मृत्यु भी हो चुकी है। जिसकी कोई प्रति पूर्ति मिशन द्वारा नहीं की गई है।
- मानव संसाधन नियमावली में देय जीवन बीमा सम्बन्धी लाभ प्रदान नही किया जा रहा है जब कि दर्जनों कर्मी गंभीर बीमारियों से ग्रसित होकर या कार्य भ्रमण के दौरान गंभीर सड़क हादसों की वजह से मृत्यु को प्राप्त हुए है लेकिन मिशन द्वारा उनके परिवार को कोई प्रति पूर्ति नही की गई है।
- मानव संसाधन नियमावली में देय भत्तों पर 19वीं शासी निकाय के द्वारा रोक लगा दी गई। जब कि इस शासनादेश में दिए गए दिशानिर्देश केवल वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए ही जारी किए गए थे। जिस कारण मिशन कर्मियों को दिया जाने वाला भुगतान रोक लिया गया जिससे उनकों अत्याधिक अर्थ हानि हुई है इस अवधि में अपने संसाधन उपयोग करने की वजह से ठगा हुआ महसूस कर रहें है साथ ही यह भत्ते दुबारा जारी न होने के कारण प्रभावी से भी कम वेतन पर कार्य करने को बाध्य है।
- ईपीएफपर कर्मियों की सहमति होने के बावजूद केवल कुछ ही कर्मियों को छोड़कर अन्य कर्मियों के लिए ईपीएफ लागू नहीं किया जा रहा है जिस कारण कोई सामाजिक सुरक्षा न होने कारण जीवन यापन में कठिनाई आएगी।




देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 29 नवम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## 'हीरामंडी' के लिए ऋचा चड्ढा ने 'आवाज और उच्चारण' पर की कड़ी मेहनत

**मुंबई।** फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' में संजय लीला भंसाली के साथ काम करने के बाद, ऋचा चड्ढा फिल्म निर्माता के ओटीटी प्रोजेक्ट 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। इस बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने अपनी आवाज और बोलने के तरीकों पर कड़ी मेहनत की है। 'हीरामंडी' के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा कि मैंने अपने किरदार को निखारने के लिए अपनी आवाज और उच्चारण पर कड़ी मेहनत की। मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे काम की सराहना करेंगे। ऋचा इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि भंसाली के साथ काम करना एक अभिनेता का सपना होता है। उन्होंने कहा कि संजय लीला भंसाली के साथ काम करना किसी भी अभिनेता का सपना होता है और ईमानदारी से कहूं तो मैं इस अनुभव से बहुत आगे बढ़ गई हूं।

# योग से होगी दूर कंप्यूटर से बढ़ने वाली सर्वाइकल कि समस्या

## सिर दर्द, उंगलियों में दर्द, कमर और कंधों में दर्द जैसी समस्याएं


■ अलका सिंह

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। लगातार बढ़ते कंप्यूटर के उपयोग से सर्वाइकल की समस्या भी बढ़ने लगी है कई बार काम के दौरान लैपटॉप या कंप्यूटर की स्क्रीन को ज्यादा देर तक देखने के कारण भी गर्दन में अकड़न आ जाती है। ऐसा कई बार कंप्यूटर पर घंटों तक लगातार काम करने से होता है।

तेजी से बढ़ते आधुनिकता के इस दौर में घंटों कंप्यूटर पर काम करना आम बात हो गई है। ऐसे में बड़ों के साथ-साथ बच्चों में भी सिर दर्द, उंगलियों में दर्द, कमर और कंधों में दर्द जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। एक ही जगहों पर बैठे रहने से पीठ दर्द और सर्वाकल जैसी समस्याएं हो रही हैं। यह देर तक बैठने का काम करने वालों में कॉमन परेशानी पहले ही थी, लेकिन आजकल की लाइफस्टाइल के चलते यह समस्या और भी अधिक बढ़ रही है। बच्चों तक में सर्वाइकल के लक्षण देखे जा रहे हैं। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि सर्वाइकल क्या है? इसके लक्षण कैसे पहचानें और इससे बचने के लिए किन उपायों का पालन करें। तो इस लेख में हम आपको यही जानकारी देने जा रहे हैं।

### सर्वाइकल के लक्षण

गर्दन में दर्द हाथ और पांव में दर्द होना इसके शुरुआती लक्षण माने जाते हैं।



### सर्वाइकल से राहत पाने के लिए योग

सर्वाइकल पेन से बचने के लिए आम तौर पर योगासन और फिजिकल एक्सरसाइज की सलाह दी जाती है। हम आपको बताते हैं ऐसे पांच आसन जो आपको सर्वाइकल से छुटकारा दिला सकते हैं। यही नहीं इन आसनों को करने से आपको पेट की चर्बी कम करने में भी मदद मिलेगी। साथ ही स्लिप डिस्क, स्पॉन्डिलाइसिस, वर्टिगो, और फ्रोजन शोल्डर जैसी समस्याओं में भी राहत मिल सकती है। आइए जानते हैं इन योगासनों को सही ढंग से कैसे किया जाए।

**मत्स्यासन :** जमीन पर सीधे लेट जाएं। अपने हाथों को अपने हिप्स के नीचे रखें लेकिन, अपनी हथेलियों को जमीन में ऊपर रखें। सांस लेते हुए अपने सिर और छाती को जमीन से ऊपर उठाएं, छाती को ऊपर की ओर खींचते हुए, धीरे-धीरे अपने सिर को पीछे तब तक झुकाएं जब तक कि वह धीरे-धीरे फर्श को न छू लें। अपनी कोहनी को फर्श पर रखें और अपने पूरे शरीर का वजन अपनी कोहनी पर डालें। ध्यान रहे कि आपका वजन आपके सिर पर नहीं आना चाहिए। वजन पूरा कोहनियों पर आना चाहिए। कुछ आसान तरीके अपनाकर आप गर्दन के दर्द और अकड़न से कुछ ही मिनटों में निजात पा सकते है।

**मकरासन :** मकरासन करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को जमीन पर रख दें और हाथों को चिन पर रख दें। साथ ही, सिर और कंधों को ऊपर की और उठा लें। आपके पैरों के बीच उचित दूरी होनी चाहिए। अपने शरीर को पूरी तरह से ढीला छोड़ दें। अपने ध्यान को केंद्रित करें और सांस लेते रहें। थोड़ी देर बाद आंखें खोलें और फिर से इस आसन को दोहराएं।

**भुजंगासन :** इसको करने के लिए किसी खुली जगह पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी चिन को जमीन पर लगाएं। दोनों पैरों को एक दूसरे के पास लाएं, जिससे आपके दोनों पैर और एड़ी एक दूसरे को छुएं। अपनी हथेलियों को कंधों की सीध में लाएं और सांस लेते हुए अपने शरीर के अगले भाग को उठाएं और सिर को पीछे की ओर झुकाएं। ध्यान रहे कि आपकी कमर में अधिक खिंचाव न आए। अब धीरे-धीरे सांस लें और छोड़ दें। सांस को छोड़ते हुए सामान्य अवस्था में आएं। इस प्रक्रिया को दोहराएं।

**धनुरासन :** धनुरासन को करने के लिए पेट बेल जमीन पर लेट जाएं पैरों के बीच कम दूरी रखें और दोनों हाथों को शरीर के दोनों तरफ सीधा रखें। अब अपने घुटनों को मोड़ें और कमर के पास लाएं, इसके साथ ही एड़ियों को अपने हाथों से पकड़ें। सांस लेते हुए छाती को जमीन से ऊपर उठाएं और एड़ियों को खींचने की कोशिश करें। एड़ियों को खींचते हुए सिर को सीधा रखें। इसी तरह से सांस लें और छोड़ें। इस तरह से आपका शरीर एक धनुष के आकार का होगा। ध्यान रहे इस आसन को करते समय अपने शरीर को अधिक न कसें। कुछ देर बाद सांस खींचते हुए अपने पैर और छाती को फिर से सामान्य स्थिति में वापस लाएं।

**सूर्य नमस्कार :** सूर्य नमस्कार करने के 12 चरण होते हैं, हर एक चरण अपने आप में एक सम्पूर्ण आसन की तरह है, सर्वाइकल में सूर्य नमस्कार बहुत फायदेमंद है। लेकिन अगर आप पहली बार सूर्य नमस्कार कर रहे हैं तो किसी विशेषज्ञ की राय जरूर लें। अंततः निष्कर्ष निकलता है कि नियमित इन योग आसनों का अभ्यास किया जाए तो काफी हद तक हम सर्वाइकल की समस्या से निजात पा सकते हैं।

# मेघना गुलजार की वजह से सिलू मानेकशॉ का किरदार निभा सकीं : सान्या मल्होत्रा



**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। अपकमिंग फिल्म 'सैम बहादुर' की रिलीज का इंतजार कर रही एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा में सिलू मानेकशॉ की भूमिका निभाने में मदद करने के लिए निर्देशक मेघना गुलजार को श्रेय दिया। 'सैम बहादुर' भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है। इनका किरदार फिल्म में विक्की कौशल ने निभाया है। यह फिल्म 1 दिसम्बर को रिलीज होने वाली है।

मानेकशॉ की पत्नी सिलू का किरदार निभाने के बारे में बात करते हुए सान्या ने मेघना को मदद का श्रेय दिया।

उन्होंने बताया कि पूरी तरह से 100 फीसदी, उनकी (मेघना गुलजार) वजह से मैं सिलू मानेकशॉ का किरदार निभा सकी। चुनौती उन्हें सबसे अच्छे तरीके से निभाने की थी और मुझे यह मेघना गुलजार से पता चला कि उनकी बेटियां कैसे चाहती हैं कि उन्हें सही तरीके से चित्रित किया जाए।

उन्होंने शेयर किया कि फिल्म न केवल एक सैनिक के जीवन में क्या होता है, बल्कि उनके परिवारों को भी कवर करती है। बेशक, एक तरह का दबाव था लेकिन मैं बहुत उत्साहित भी थी क्योंकि मैं जानती थी कि किसी अभिनेता के लिए इस किरदार को निभाना सबसे बड़े अवसरों में से एक है। तो, इसे निभाने और कुछ नया सीखने का उत्साह भी था। सान्या ने कहा कि हमारी फिल्म के कई पहलुओं से पता चलता है कि हमारे जवान क्या कर रहे हैं और उनके परिवार क्या कर रहे हैं। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ ने बांग्लादेश की मुक्ति के लिए आगे बढ़कर भारतीय सेना का नेतृत्व किया था।

## भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 :

# पार्टनर स्टेट केरल को कला और संस्कृति के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा गया

नई दिल्ली 28 नवम्बर (एजेंसियां)।। दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 दिनों तक चले भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में शामिल राज्यों को आयोजित समापन समारोह में विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।



राज्यों की श्रेणी में उड़ीसा को गोल्ड, असम को सिल्वर और राजस्थान को ब्रांज मेडल मिला। जबकि पार्टनर स्टेट के रूप में केरल को कला-संस्कृति के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए और सम्मानित किया गया। बिहार को भी फोकस स्टेट दिल्ली, जम्मू एंड कश्मिर, झारखंड, महाराष्ट्र व यूपी के साथ सम्मानित किया गया। जबकि कर्नाटक, उत्तराखंड, गुजरात को विशेष प्रशंसा प्रमाणपत्र दिया गया। इन सभी राज्यों के प्रतिनिधियों ने यह सम्मान आईटीपीओ के सीएमडी प्रदीप सिंह खोरोला, ईडी राजत अग्रवाल, ओएसडी (एडमिन) कर्नल पुष्पम कुमार एवं जीएम वीके दुबे व हेमा मैती से ग्रहण किया। आखिरी दिन आईटीपीओ सीएमडी प्रदीप सिंह खोरोला ने 14 दिनों का लेखा-जोखा भी पेश किया। उन्होंने कहा, 'पिछले साल की तुलना में इस बार आईटीपीओ को करीब 37 फीसदी अधिक रेवेन्यू मिला है। पिछले मेले में 950 करोड़ और इस साल 1500 करोड़ रुपए का रेवेन्यू प्राप्त हुआ है।'

## 'मास्टरशेफ इंडिया' :

# होमकुक्स की कुकिंग स्किल्स को फैंस देंगे स्कोर



**मुंबई,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। कुकिंग रियलिटी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के अपकमिंग एपिसोड में होमकुक्स के कुकिंग स्किल्स का आकलन उनके फैंस करेंगे। यह 'फीस्ट योर फैन्स' चैलेंज के रूप में एपिसोड में एक नया मोड़ लाएगा, जो होमकुक्स को उनके फैंस के करीब लाएगा। 6 होमकुक 'फीस्ट योर फैन्स' चैलेंज में हिस्सा लेंगे, जिसमें उन्हें खाना पकाने के लिए 120 मिनट का समय दिया जाएगा। उन्हें दो टीमों में विभाजित किया जाएगा और फैंस के लिए भारतीय ब्रेडबास्केट के साथ एक यादगार फीस्ट बनानी होगी। इस चैलेंज पर विचार करते हुए, शेफ पूजा ढींगरा ने कहा कि हमारे होमकुक्स के पैशन को उनके फैंस की आंखों में देखना एक शानदार क्षण है। फेस्ट योर फैन्स चैलेंज ने क्रिएटर्स और उनके फैंस के बीच गहरा संबंध बनाया।

# मंदिर परिसर में स्थापना के लिए तैयार हो रही जटायु की मूर्ति



**अयोध्या,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर स्थल पर तैनात मूर्तिकार अब रामायण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिव्य पक्षी जटायु की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे हैं। जटायु की मूर्ति कुबेर टीला पर पौराणिक गिद्ध के मंदिर में स्थापित की जाएगी और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को प्रतिष्ठा समारोह की अध्यक्षता करने से पहले यहां श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

मंदिर ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा कि जटायु को सम्मान देना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन राम भक्तों की याद का भी प्रतीक होगा जिन्होंने राम मंदिर को उसी स्थान पर बहाल करने के लिए संघर्ष के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया था।

विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय प्रवक्ता शरद शर्मा ने कहा कि प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित करने वाले ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने महाकाव्य में जटायु की भूमिका के महत्व पर चर्चा की है। जटायु का मंदिर और उनकी मूर्ति अंतिम चरण में है और जनवरी में समारोह होने से पहले तैयार हो जाएगी। उम्मीद है कि मोदी दिव्य पक्षी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

इस बीच, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने कहा कि भूतल के ऊपर स्लैब स्थापित किया जा रहा है, जबकि जटिल नक्काशी के साथ भूतल को तैयार करने का काम भी जारी है। आगंतुकों को गर्भगृह तक पहुंचने के लिए संगमरमर के फर्श पर चलना होगा और कलाकार और मूर्तिकार वर्तमान में विवरण को अंतिम रूप दे रहे हैं।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सोमवार को स्थल पर हो रहे निर्माण कार्य की नवीनतम तस्वीरें जारी की।

# राष्ट्रीय बाल भवन के भ्रमण में दिखा बच्चों में उत्साह



**ग्रेटर नोएडा,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। जी.डी. गोयनका स्कूल के प्री प्राइमरी के बच्चों को भ्रमण के लिए दिल्ली स्थित राष्ट्रीय बाल भवन ले जाया गया। वहां पर छात्रों को यह जानकारी दी गई की फ्रांसिस बेकन के अनुसार यात्रा शिक्षा का एक भाग है। भ्रमण केवल एक आनंददायक यात्रा नहीं है, यह कक्षा की चारदीवारी से परे छात्रों के ज्ञान को भी बढ़ाता है। छात्रों को ऐसा समृद्ध अनुभव प्रदान करने के लिए जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल, ने अपने शिक्षकों के साथ कक्षा-1 एवं दो के छात्रों के लिए राष्ट्रीय बाल भवन की एक फील्ड यात्रा का आयोजन किया। बच्चे बहुत उत्साहित थे, क्योंकि वे सैर के लिए उत्सुक थे। प्रवेश द्वार पर वे मिनी चिड़ियाघर को देखकर बहुत खुश हुए, जिसमें पक्षियों के कई बाड़े हैं। उत्साहित आगंतुकों ने विभिन्न पक्षियों और उनके आवासों के बारे में जाना। राष्ट्रीय बाल संग्रहालय में बहुत उल्लास था, क्योंकि आगंतुकों ने विभिन्न देशों के खिलौनों और गुड़ियों के समृद्ध और आकर्षक प्रदर्शन को देखा। भारत के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक आभूषणों, बर्तनों और संगीत वाद्ययंत्रों, पगड़ियों का प्रदर्शन भी उतना ही मनोरम था। राष्ट्रीय बाल भवन के प्रमुख आकर्षणों में से एक संस्कृति शिल्प ग्राम (भारतीय गांव) है। शहर में पले-बढ़े बच्चे मिट्टी की झोपड़ियों, झूलों, कुएं से पानी खींचती महिलाओं, अपने बछड़े के साथ एक गाय, एक बैल और एक किसान के साथ वास्तविक रूप से बनाए गए एक विशिष्ट गांव के दृश्य को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ रेनू सहगल ने बताया कि बच्चों को इस भ्रमण से देश की विविध संस्कृति से अवगत कराया गया।

# कोरोना जैसा चीनी वायरस



**देहरादून,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। चीन में जो रहस्यमयी वायरस आजकल फैल रहा है, वह गंभीर तीव्र सांस संबंधी बीमारी है या निमोनिया की नई किस्म अथवा कोरोना वायरस की नई नस्ल है। फिलहाल कुछ भी निश्चित नहीं है। चीन ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, जबकि औसतन 7000 मामले हररोज सामने आ रहे हैं। यदि निमोनिया है और बच्चों में सांस संबंधी बीमारी बढ़ रही है, तो चिकित्सक इसे 'सामान्य अवस्था' नहीं मानते। कोरोना वायरस के संदर्भ में भी चीन ने ईमानदार घोषणा कब की थी? लंबे अंतराल तक कयास जारी रहे अथवा कुछ साक्ष्यनुमा हकीकतें भी सामने आई थीं कि कोरोना वायरस चीन से ही फैला था। विश्व स्वास्थ्य संगठन आज तक इसकी पुष्टि नहीं कर पाया है कि कोरोना वायरस चीन की प्रयोगशाला में तैयार किया गया अथवा प्राकृतिक रूप से ही फैला था अथवा जैविक अस्त्र का कोई रूप था। अलबत्ता कोरोना को 'वैश्विक महामारी' जरूर घोषित किया गया था। वह दौर अत्यंत भयावह और त्रासद था। भारत में ही 5.5 लाख मौतें हुई थीं। यह सरकारी आंकड़ा है। गैर-सरकारी संगठन और कुछ पश्चिमी देशों के बड़े अखबारों ने यह संख्या करीब 50 लाख आंकी थी। दुनिया में कितनी मौतें हुई होंगी, हम उन आंकड़ों में नहीं जाते, अलबत्ता ऐसी महामारी एक सदी के बाद महसूस की गई। चीन में निमोनिया के जो लक्षण बताए जा रहे हैं, वे कमोबेश कोरोना सरीखे ही हैं, लिहाजा भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों को परामर्श भेजा है कि वे अपनी स्वास्थ्य सेवाओं की तुरंत समीक्षा करें।

### चीनी वायरस के निशाने पर बच्चे

अस्पतालों में बिस्तर, दवाएं, इंफ्लुएंजा के टीके, मेडिकल ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, एंटीबायोटिक्स, टेस्टिंग किट्स आदि की व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लें। कोविड-19 के लिए जारी किए गए संशोधित निगरानी दिशा-निर्देशों को भी लागू करें। इससे बीमारी की एकीकृत निगरानी हो सकेगी। हालांकि परामर्श में यह स्पष्ट किया गया है कि चीन के वायरस का मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण या संचार देखने में नहीं आया है। चीनी वायरस के निशाने पर बच्चे हैं। इस संदर्भ में यह कोरोना से भिन्न लगता है, क्योंकि कोरोना का संक्रमण बच्चों में 'नगण्य' पाया गया था। बहरहाल विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चीन को वायरस और बीमारी संबंधी तथ्य साझा करने को कहा है। क्या चीन ईमानदारी से ऐसा करेगा? अलबत्ता उसने विश्व को कहा है कि चिंता की अवस्था नहीं है। चीन इस वायरस को लेकर सतर्क है और तमाम कोशिशें कर रहा है कि वायरस का खात्मा किया जा सके। गौरतलब है कि चीन के उत्तरी क्षेत्रों में, बीते तीन सालों के इसी महीने में, इंफ्लुएंजा जैसी बीमारी का फैलाव देखा गया है। तो चीन ने ये तथ्य शेष दुनिया के साथ पहले साझा क्यों नहीं किए? बीती 13 नवम्बर से ही कोरोना जैसे इस वायरस की सूचनाएं सामने आने लगी हैं। क्या यह कोई मौसमी वायरस और बीमारी है? यदि ऐसा भी है, तो चीन ने इन तीन सालों में इसकी रोकथाम के क्या कदम उठाए और उनके क्या नतीजे मिले हैं? चीन ने कोई स्थायी उपाय क्यों नहीं किया, जिसके बारे में अब वह शेष विश्व को तसल्ली दे रहा है? कोरोना में भी बुनियादी वायरस ऐसा ही था, जिसके प्रभाव से औसत संक्रमित व्यक्ति की सांस उखड़ती थी।

# 13 साल के बच्चे के बिजनेस आइडिया को सुन चौंक गए अमिताभ बच्चन, कहा कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। क्विज बेस्ड रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 15' के होस्ट व मेगास्टार अमिताभ बच्चन 13 वर्षीय कंटेस्टेंट का बिजनेस आइडिया सुनकर हैरान रह गए और कहा कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है। नॉलेज बेस्ड शो के एपिसोड 76 में, होस्ट बिग बी ने हैदराबाद, तेलंगाना के आठवीं क्लास के छात्र नमिश चोपड़ा का हॉट सीट पर स्वागत किया।

नमिश का रिपोर्ट कार्ड पढ़ते हुए अमिताभ ने कहा कि एंबीशन- मैं एक सफल बिजनेसमैन बनना चाहता हूं। आप महज 13 साल की उम्र में ऐसा सोचते हैं। जब मैं 13 साल का था तब मैं अपने जूतों के फीते भी नहीं बांध पाता था। आप कैसे कर लेते हैं? आप कौन सा बिजनेस करना चाहते हैं? छोटे लड़के ने जवाब दिया कि सर, मेरा बिजनेस आइडिया एक शू कंपनी



खोलने का है। कंपनी का नाम 'बूट ऐस' होगा। मेरे लिए, ऐस का मतलब मेरी कंपनी या मेरे बिजनेस के लिए 3 एड्रेसेबल मार्केट हैं। कंटेस्टेंट ने आगे कहा कि पहला है आर्म्ड फोर्सेज कई सैनिकों को भारी जूते पहनने के चलते पैर, घुटने और पीठ दर्द की समस्या का सामना करना पड़ता है। वे उन जूतों को पहनकर घूमते रहते हैं और अलग-अलग जगहों पर जाते रहते हैं जिससे उनकी हालत खराब हो जाती है। तो मेरी कंपनी ने इन सबका समाधान ढूंढेंगी। हमें उनके लिए ऐसे जूते बनाने चाहिए जो टिकाऊ, आरामदायक और लंबे समय तक चलने वाले हों और इससे उनकी समस्याएं हल हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि आर्मी अपने देश के आम लोगों की रक्षा करती है। मेरा दूसरा एड्रेसेबल मार्केट आम आदमी है। हम अपने किसानों का उदाहरण ले सकते हैं। वे खेतों में काम करते हैं और उन्हें समान समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनके पैरों, घुटनों और पीठ में दर्द रहता है। उनके लिए भी मेरा यही विचार है। हमें उनके लिए आरामदायक जूते बनाने चाहिए जो लंबे समय तक चलने वाले और टिकाऊ हों।

नमिशन ने कहा कि अगला एड्रेसेबल मार्केट अभिजात वर्ग है, जिसमें व्यवसायी और जेन जेड शामिल हैं। वे अपने जूतों को कस्टमाइज करना चाहते हैं और अपने जूतों को ज्यादा आरामदायक बनाना चाहते हैं।

# कश्मीर आने वाले मेहमान पक्षियों की संख्या का इस बार बनेगा रिकार्ड

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 28 नवम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में बारूदी फिजां के खुशनुमा माहौल में बदलने के कारण ही दुनिया के कई नए हिस्सों से भी मेहमान पक्षियों के पहुंचने के कारण उम्मीद जताई जा रही है कि पिछले सभी वर्षों के रिकार्ड इस बार टूट जाएंगें। कश्मीर के वाइल्ड लाइफ विभाग के अधिकारी कहते थे कि पिछले कुछ समय से वन्य जीव विभाग की ओर से प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं और इन कोशिशों के परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

वैसे कश्मीर में पारा धीरे धीरे जमाव बिंदू तक पहुंचने लगा है और ऐसे में कश्मीर के अलग-अलग वेटलेंड पर लगभग 5 से 6 लाख के करीब प्रवासी

- ■ **कश्मीर में धीरे धीरे जमाव बिंदू तक पहुंचने लगा पारा**
- ■ **रूस, साईबेरिया, मध्य एशिया और अन्य मुल्कों से आए मेहमान पक्षी**

पक्षी भी पहुंच चुके हैं जिन्हें कश्मीर की सर्दी कुछ ज्यादा ही भाने लगी है। ये मेहमान पक्षी रूस, साईबेरिया, मध्य एशिया और अन्य मुल्कों से आए हैं। कश्मीर के वाइल्ड लाइफ वार्डन इफशान दीवान इसकी पुष्टि करते हैं कि कश्मीर में 5 से 6 लाख के करीब मेहमान कह लीजिए या फिर प्रवासी पक्षी आ चुके हैं।

हालांकि वन्य जीव विशेषज्ञों का कहना है कि घाटी में आने वाले मेहमान पक्षियों की संख्या में गिरावट आ रही है। उनका



कहना है कि वेटलैंड के आसपास लगातार हो रहे अतिक्रमण और तेजी से हो रहा शहरीकरण इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार है लेकिन वन्य जीवन वार्डन का कहना है कि विभाग की तरफ से लगातार कोशिशें की जा रही हैं ताकि मेहमान पक्षियों की संख्या में वृद्धि होती रहे।

हाकसार, वुल्लर झील, हायगाम, मीरगुंड और शैलाबाग जैसे कई ऐसे इलाके हैं जहां पर ये मेहमान पक्षी अपना डेरा डाले हुए हैं। हाकसार के वन्य जीव वार्डन का कहना था कि ये मेहमान पक्षी नवंबर से फरवरी तक चार माह की अवधि के लिए ही इन स्थानों पर ठहरते हैं। इसके बाद आमतौर पर ये पक्षी अपने पुराने स्थानों की ओर लौटना शुरू कर देते हैं। उनका दावा था कि पिछले साल हाकसार में लगभग 6 लाख प्रवासी पक्षी यहां आए थे और इस साल यह संख्या 5 लाख को भी पार कर चुकी है। यहां आने वाले प्रवासी पक्षियों में ब्राह्मी बत्तख, टफड बत्तख, गड़वाल कामन पाक हार्ड, मिलार्ड, गैरेनरी, रैड करासड कामन टीट आदि शामिल हैं।

वन्य जीवन विभाग के अधिकारी कहते हैं कि उनके कर्मचारी लगातार ऐसे स्थानों का दौरा करते रहते हैं जहां पर अतिक्रमण की आशंका सबसे अधिक हो। उनका यह भी कहना था कि विभिन्न वेटलैंड में पानी का स्तर गिरने के कारण ही लोगों के लिए अवैध कब्जे करना काफी हद तक आसान हो गया था। इसके अलावा कुछ साल पूर्व पहले इन पक्षियों के शिकार पर जो से जो पाबंदी हटाई गई थी उसे अब पुनः लागू कर दिया गया है। वन्य जीव वार्डन का कहना है कि इस साल खासतौर पर इस बात का ख्याल रखा जा रहा है कि पानी का स्तर बना रहे और इसके लिए उन्होंने अलग अलग स्रोत्रों से पानी को इन स्थानों तक पहुंचाने की पूरी गंभीरता के साथ कोशिश की है। इसके अलावा सैलबाग-वेटलैंड पर इस बार विशेष रूप से ध्यान दिया गया है।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 3.56 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.32 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 2.11 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.46 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.32 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 0.58 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.42 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.33 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.19 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.16 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## रेपो रेट 6.5 फीसदी पर बरकरार रखेगा आरबीआईः एक्सपर्ट्स



**चेन्नई,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखेगी और अगले महीने होने वाली बैठक में अपना रुख नहीं बदलेगी। मुद्रास्फीति औसतन पूरे साल के लिए 5.5 फीसदी रहेगी। ऐसा विशेषज्ञों ने कहा है। उन्होंने कहा, अक्टूबर में मुद्रास्फीति दर घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई है, लेकिन फिर भी केंद्रीय बैंक रेपो दर में संशोधन नहीं करेगा। वह महंगाई को लेकर चौकन्ना है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने आईएएनएस को बताया, 'हम आगामी नीति में रेपो रेट और रुख दोनों पर यथास्थिति की उम्मीद करते हैं। मुद्रास्फीति चिपचिपी विकेट पर है, विशेष रूप से खाद्य मुद्रास्फीति चिंता का विषय बनी हुई है। अनाज और सब्जी दोनों के दाम बढ़ रहे हैं। पूरे साल के लिए मुद्रास्फीति औसतन 5.5 प्रतिशत होगी। इसलिए रेपो दर में बदलाव की कोई गुंजाइश नहीं है। उनके मुताबिक, राहत देने वाली बात ये है कि कोर इंफ्लेशन कम रहेगी। इस साल नवंबर के लिए आरबीआई के 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' मासिक बुलेटिन का हवाला देते हुए श्रीराम फाइनेंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष उमेश रेवनकर ने कहा कि इससे कम दर व्यवस्था की वापसी की उम्मीद जगी है। रेवनकर ने कहा, लेकिन सिस्टम में तरलता को नियंत्रित करने के लिए आरबीआई द्वारा उपभोक्ता ऋण, क्रेडिट कार्ड प्राप्य और एनबीएफसी एक्सपोजर पर जोखिम भार 25 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 125 प्रतिशत तक कर दिया गया है। आरबीआई मुद्रास्फीति पर अपनी निगरानी जारी रखना चाहता है। उन्होंने कहा, एमपीसी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखेगी क्योंकि इसका लक्ष्य प्रणाली में तरलता को नियंत्रित कर मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत मध्यम अवधि के लक्ष्य के आसपास स्थिर करना है। रेवनकर ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष की शुरुआत तक दरों में कोई कटौती नहीं होगी।'

## त्योहारी अवधि के दौरान ऑटोमोबाइल की बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि

**चेन्नई,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) ने कहा कि ऑटोमोबाइल सेक्टर ने 42 दिनों की त्योहारी अवधि के दौरान खुदरा बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) ने मंगलवार को 42 दिनों की त्योहारी अवधि के लिए वाहन खुदरा डेटा जारी किया, जो नवरात्रि के पहले दिन से शुरू हुआ और धनतेरस के 15 दिन बाद समाप्त हुआ। एफएडीए के अध्यक्ष, मनीष राज सिंघानिया के अनुसार, वाहन की बिक्री 37.93 लाख तक पहुंचने के साथ एक नया मील का पत्थर पहुंच गया, जो पिछले साल की त्योहारी अवधि 31.95 लाख से 19 प्रतिशत अधिक है।



दोपहिया, तिपहिया, वाणिज्यिक वाहनों और यात्री वाहनों में क्रमशः 21प्रतिशत, 41प्रतिशत, 8 प्रतिशतऔर 10प्रतिशत की वृद्धि के साथ महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई। इसके विपरीत, ट्रैक्टर सेगमेंट में 0.5प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई। कई श्रेणियों में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री दर्ज की गई, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों ने विशेष रूप से दोपहिया वाहनों की खरीद में वृद्धि में योगदान दिया। नवरात्रि के दौरान शुरुआती ख़राब प्रदर्शन के बावजूद, विशेषकर यात्री वाहन क्षेत्र में, दीपावली तक स्थिति में सुधार हुआ और 10त्न की विकास दर के साथ समाप्त हुई।

एफएडीए ने कहा कि जबकि स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) सबसे अधिक मांग वाले वाहन थे, यात्री वाहनों के लिए इन्वेंट्री स्तर एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि वाहन निर्माता आगे के डिस्पैच को आगे बढ़ा रहे हैं, जिससे इन्वेंट्री दर अब तक के उच्चतम स्तर पर बनी हुई है। ट्रैक्टरों की बिक्री में नवरात्रि के दौरान 8.3 प्रतिशत की कमी देखी गई, लेकिन इसमें उल्लेखनीय सुधार हुआ और त्योहारी अवधि केवल 0.5 प्रतिशत की कमी के साथ समाप्त हुई। एफएडीए ने कहा, यह बदलाव ग्रामीण भारत में मजबूत क्रय शक्ति को उजागर करता है।

## स्टील इंडस्ट्री के कचरे से सड़क निर्माण में आ रही नई क्रांति, झारखंड में चल रहा प्रयोग बना उदाहरण

**जमशेदपुर,** 28 नवम्बर (एजेंसियां)। देश में स्टील प्रोडक्शन के दौरान निकलने वाले कचरे यानी स्लैग के इस्तेमाल से सड़क निर्माण के क्षेत्र में नई क्रांति आ रही है। झारखंड में इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयोग पूरे देश के लिए उदाहरण बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिले में स्टील इंडस्ट्री के स्लैग का इस्तेमाल करते हुए 280 किलोमीटर लंबी कुल 21 सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के इस मॉडल का अध्ययन करने और इसकी बारीकियों को समझने के लिए 28-29 नवंबर को देश भर के इंजीनियरों का एक बड़ा दल जमशेदपुर के स्टडी टूर पर पहुंचा है।




सबसे खास बात यह है कि स्टील स्लैग से बनने वाली सड़कें टिकाऊपन, कम लागत और पर्यावरण संरक्षण का मॉडल बन रही हैं। वेस्ट मटेरियल माना जाने वाला स्टील स्लैग स्टील इंडस्ट्री के लिए बहुत दिनों से एक बड़ी मुसीबत बनकर सामने आ रहा था, लेकिन इनका इस्तेमाल सड़क निर्माण में करने की तकनीक सबसे पहले सीएसआईआर (काउंसिल आफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) ने ढूंढ़ी। इस तकनीक की मदद से सूरत में स्टील कचरे से सबसे पहली सड़क बनाई गई। इसके बाद भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा के पास मजबूत और अधिक टिकाऊ सड़कें बनाने के लिए स्टील स्लैग के उपयोग का फैसला किया। इसके लिए स्टील स्लैग की आपूर्ति टाटा स्टील द्वारा निःशुल्क की गई और भारतीय रेलवे द्वारा जमशेदपुर से अरुणाचल प्रदेश तक पहुंचाई गई।

इसी तरह रांची-जमशेदपुर के बीच इसी साल बनकर तैयार हुई इंटर कॉरिडोर फोर लेन सड़क में स्टील उद्योग से निकले कचरे का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हुआ है। इस सड़क में शहरबेड़ा नामक जगह से महुलिया तक 44 किमी की दूरी तक के निर्माण में इसका इस्तेमाल किया गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी इस प्रयोग की सराहना कर चुके हैं। सीएसआईआर के अनुसार देश में पारंपरिक सड़कों की तुलना में स्टील कचरे से बनने वाली सड़क ज्यादा टिकाऊ और मजबूत पाई गई है।

यह मानसून में होने वाले नुकसान से भी बचा सकती है। सड़कों के निर्माण में गिट्टी के बजाय एलडी स्लैग का उपयोग किए जाने से लागत मूल्य कम से कम 30 प्रतिशत कम हो जाता है। उल्लेखनीय है देश में स्टील के उत्पादन में तेजी के कारण स्लैग भी बड़े पैमाने पर निकल रहा है। 2030 तक हर साल 30 करोड़ टन स्टील बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें हर साल 6 करोड़ टन स्टील स्लैग निकलने का अनुमान है। अब नई तकनीक से इस स्टील स्लैग का इस्तेमाल सड़क निर्माण में एग्रीगेट के रूप में किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने इसके लिए देश में 'वेस्ट टू वेल्थ' योजना की शुरूआत की है।

## अडानी समूह में तेजी से शेयर बाजार गुलजार

मुंबई, 28 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर अडानी समूह के शेयरों में 20 प्रतिशत तक के उछाल की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा। हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों की न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग से संबंधित याचिका को खारिज करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद मंगलवार को अडानी समूह के अलग-अलग कंपनियों में 20 प्रतिशत तक की तेजी रही। अडानी इंटरप्राइजेज के शेयर 8.66, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के 5.20, अडानी पावर 12.32, अडानी एनर्जी सॉल्युशंस 19.06, अडानी ग्रीन एनर्जी 12.27, अडानी टोटल गैस 20 और अडानी विल्मर लिमिटेड के शेयर 9.96 प्रतिशत उछल गए। इससे बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 204.16 अंक की तेजी लेकर 66174.20 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 95 अंक मजबूत होकर 19889.70 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 33,711.15 अंक और स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 39,831.66 अंक पर रहा।




इस दौरान बीएसई में कुल 3972 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1982 में लिवाली जबकि 1811 में बिकवाली हुई वहीं 179 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां लाभ जबकि 11 नुकसान में रही। बीएसई के पंद्रह समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान यूटिलिटीज 3.64, तेल एवं गैस 3.13, पावर 3.47, कमोडिटीज 1.27, सीडी 0.58, ऊर्जा 2.27, वित्तीय सेवाएं 0.37, आईटी 0.25, ऑटो 1.10, बैंकिंग 0.32, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.39, धातु 1.13, रियल्टी 0.47, टेक 0.41 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.02 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान चीन के शंघाई कंपोजिट के 0.23 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर यूरोप और एशिया के बाजारों में नरमी रही। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.42, जर्मनी का डैक्स 0.06, जापान का निक्केई 0.12 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.98 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 94 अंक बढ़कर 66,063.72 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 65,906.65 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। वहीं अचानक हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में 66,256.20 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,970.04 अंक के मुकाबले 0.31 प्रतिशत चढ़कर 66,174.20 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 50 अंक की बढ़त के साथ 19,844.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,800.00 अंक के निचले जबकि 19,916.85 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,794.70 अंक की तुलना में 0.48 प्रतिशत मजबूत होकर 19,889.70 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में टाटा मोटर्स 3.56, बजाज फिनसर्व 2.32, अल्ट्रासिमको 2.11, एनटीपीसी 1.46, भारती एयरटेल 1.32, एक्सिस बैंक 1.22, एसबीआई 0.76, टाटा स्टील 0.75, एचसीएल टेक 0.63, इंफोसिस 0.42, टीसीएस 0.37, विप्रो 0.25, मारुति 0.18, इंडसइंड बैंक 0.16, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.04 और रिलायंस 0.01 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, आईटीसी 0.58, सन फार्मा 0.42, आईसीआईसीआई बैंक 0.33, पावरग्रिड 0.19, एचडीएफसी बैंक 0.16, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.15 और एलटी के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## भारत से काजू का निर्यात अब बांग्लादेश में भी

**नई दिल्ली,** 28 नवम्बर (एजेंसियां) भारत से काजू का निर्यात पड़ोसी बंगलादेश को भी शुरू हो गया है। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी। वाणिज्य मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा है कि 23 नवंबर को राष्ट्रीय काजू दिवस पर बंगलादेश के साथ कतर, मलेशिया और अमेरिका के लिए अपने काजू की खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विज्ञप्ति के अनुसार बंगलादेश को ओडिशा से काजू की पहली खेप प्राप्त हो रही है। काजू का निर्यात वाणिज्य मंत्रालय की एजेंसी कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद विकास प्राधिकरण (एपीडा) के माध्यम से प्रदान की गयी निर्यात सुविधाओं के तहत किया गया। मंत्रालय ने कहा है कि इस काम में एपीडा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बांग्लादेश को पहली बार भारत से काजू भेजा गया है। आयवरी कॉस्ट के बाद भारत काजू का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। काजू के निर्यात बाजार में भारत की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत से अधिक है। इसके बाद निर्यात में वियतनाम का स्थान है। विदेशी बाजारों में भारतीय काजू सबसे ज्यादा संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, जापान और सऊदी अरब में बिकता है। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक और तमिलनाडु काजू के प्रमुख उत्पादक राज्य हैं। एपीडा काजू निर्यात के लिए नए बाजार तलाश रहा है।



## सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल में तेजी

नई दिल्ली, 28 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल महंगा हो गया जबकि मीठे में तेजी रही।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 3758 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की तेजी के साथ 51.50 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 200 रुपए और पाम ऑयल 133 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 100 रुपये और गुड़ के भाव 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपए और उड़द दाल 300 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि अरहर दाल में 500 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मसूर दाल और मूंग दाल के भाव टिके रहे।

## आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गोरखपुर लिंक एवं गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे लगेंगे उद्योग

**लखनऊ,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने औद्योगिक केंद्रों के लिए स्थलों को चिन्हित कर लिया है। योजना के अनुसार यूपीडा प्रदेश में पांच एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक केंद्रों की स्थापना करेगा।

इनमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इस पर योगी सरकार अनुमानित सात हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करेगी। प्रदेश के कुल 12 जनपदों को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर 11 स्थलों को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1522 हेक्टेयर है। इस पर करीब 2300 करोड़ के अनुमानित व्यय का अनुमान है। इसी तरह, 7 जनपदों को जोड़ने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे 6 स्थलों को चिन्हित किया गया है। इसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1884 हेक्टेयर है, जिस पर 1500 करोड़ से ज्यादा व्यय का अनुमान है। इसी तरह, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जुड़े 10 जनपदों में 5 स्थलों का चयन किया गया है। इसका कुल क्षेत्रफल 532 हेक्टेयर है, जिसके विकास पर करीब 650 करोड़ का व्यय अनुमानित है। वहीं, 9 जनपदों को जोड़ने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर औद्योगिक गलियारे के लिए 5 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1,586 हेक्टेयर है और अनुमानित व्यय 2300 करोड़ होने की संभावना है। पांचवां और अंतिम एक्सप्रेसवे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे है। इसके 4 जनपदों में 2 स्थानों को औद्योगिक केंद्रों के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 345 हेक्टेयर होगा और अनुमानित व्यय 320 करोड़ होने की संभावना है।



कुल मिलाकर इन पांचों एक्सप्रेसवेज पर 30 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 5,800 हेक्टेयर से ज्यादा है। यूपीडा की ओर से चिन्हित सभी 30 स्थलों से जुड़े 108 ग्रामों को प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचित किया जा चुका है। वहीं, भूमि क्रय के लिए संबंधित 6 जिलाधिकारियों को 200 करोड़ रुपए भी जारी किए जा चुके हैं। साथ ही भूमि क्रय के लिए बुंदेलखंड औद्योगिक प्राधिकरण की तर्ज पर 1,500 करोड़ रुपए अवमुक्त किए जाने का आदेश भी निर्गत किया जा चुका है। जनपद स्तर पर भूमि क्रय के लिए दरों का निर्धारण फिलहाल प्रक्रिया में है।

### सार संक्षेप

## इमोटोराड को मिला 164 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक साइकिल बनाने वाली पुणे की कंपनी इमोटोराड ने बुधवार को कहा कि उसे पंथेरा ग्रोथ पार्टनर्स और अन्य प्रतिभागियों से 164 करोड़ रुपए का वित्तीय निवेश मिला है। कंपनी की एक विज्ञप्ति में बुधवार को यह जानकारी दी गयी। इमोटोराड कोविड19 महामारी के दौरान चार साथियों द्वारा गठित यह कंपनी इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र की एक स्टार्टअप है और आज देश विदेश में ईसाइकिल का 400 करोड़ रुपए का करोबार कर रही है। कंपन चीन के विनिर्माताओं को टक्कर दे रही है। कंपन के बयान में इसके सह-संस्थापक और सीएफओ सुमेध बट्टेवार के हवाले से कहा गया, पंथेरा ग्रोथ पार्टनर्स और अन्य प्रतिभागियों से प्राप्त यह पूंजी केवल निवेश नहीं , बल्कि स्वस्थ भविष्य के प्रति हमारे अथक प्रयास की स्वीकृति भी है। 'इमोटोराड की स्थापना एक दूसरे के साथी राजीव गंगोपाध्याय, कुणाल गुप्ता, सुमेध बट्टेवार और आदित्य ओझा ने कोरोना महामारी के बीच की थी। उन्होंने कहा कि इसे व्यक्तिगत और पर्यावरण से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी आसन्न संकट को टालने के लिए साझा मिशन के रूप में किया गया था। कंपनी का कहना है कि इसके पीछे उनका लक्ष्य लोगों को स्वस्थ परिवहन सुविधा मुहैया करवाकर व्यक्तिगत जीवनशैली में बदलाव लाना है।

## आईओएस17 अपडेट में जोड़ी गई नई सुविधा पर गोपनीयता की चिंता

**सैन फ्रांसिस्को।** नए आईओएस17 अपडेट में 'नेमड्रॉप' नामक एक फीचर जोड़ा गया है, जिसने आईफोन यूजर्स में गोपनीयता की चिंता बढ़ा दी है। मुख्य सामग्री नया 'नेमड्रॉप' फीचर उपयोगकर्ताओं को सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए किसी नए व्यक्ति को अपना फोन सौंपने के बजाय, पास के आईफोन या एप्पल वाचेज के साथ अपनी संपर्क जानकारी तुरंत साझा करने में सक्षम बनाता है। फॉक्स23 के अनुसार, अमेरिका में डेवी पुलिस जैसी कई स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अपडेट के बारे में चिंता व्यक्त की है। उनके अनुसार, यह सुविधा डिफ़ॉल्ट रूप से 'चालू' है, इसलिए यदि आप इसे बंद करना चाहते हैं, तो सेटिंग्स पर जाएं, जेनरल को टैप करें, फिर एयरड्रॉप, फिर 'ब्रिंगिंग डिवाइसेस टूगेदर' और इसे ऑफ कर दें। पुलिस ने यह भी कहा कि 'यदि आप चाहें तो आपको अपने बच्चों के फोन पर भी ऐसा करना चाहिए।' जबकि सुविधा डिफ़ॉल्ट रूप से सक्षम है, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि उपयोगकर्ता को भेजी गई किसी भी जानकारी को मैन्युअल रूप से अधिकृत करना होगा और उसके पास अस्वीकार करने का विकल्प होगा। कई यूजर्स ने नई सुविधा का उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। एक उपयोगकर्ता ने एक्स पर चेतावनी दी, 'नेमड्रॉप सुविधा का लक्ष्य संपर्कों को साझा करना आसान बनाना है लेकिन गोपनीयता की कीमत पर।

# खेल जगत

## मैं कबड्डी खेल को आजमाना पसंद करूंगा : डेविड वार्नर

**मुंबई,** 28 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत से बेहद प्रभावित हुए और जब उन्हें आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के बीच में प्रो कबड्डी लीग टूर्नामेंट की झलकियां दिखाई गईं तो उन्होंने कहा, मुझे यह लड़का पसंद है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा, इस खेल में बहुत अधिक चपलता और शक्ति की आवश्यकता है। मैं इस खेल के लिए एडेन मार्करम को नामांकित करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह यह खेल खेलना चाहेंगे, ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा, मैं निश्चित रूप से इस खेल को आजमाना चाहूंगा। इसके अलावा, वार्नर ने अपने साथियों स्टीव स्मिथ और पैट कमिंस के साथ मिलकर मार्कस स्टॉयनिस को कबड्डी के लिए नामांकित किया। दक्षिण अफ्रीका के स्पिन गेंदबाज केशव महाराज पवन सहरावत से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने कहा, मुझे उनकी हाई-फ्लाई पसंद है।



# भारत ने ऋतुराज के शतकीय प्रहार से ऑस्ट्रेलिया को दिया 223 रनों का लक्ष्य

- खराब शुरूआत के बाद ऋतुराज ने भारत को संभाला
- यशस्वी जयसवाल 6 और ईशान किशन बिना खाता खेले हुए आउट
- आखिरी ओवर भारत ने मैक्सवैल के ओवर में जोड़े 30 रन

**गुवाहाटी** 28 नवंबर (एजेंसियां)। भारत ने तीसरे टी-20 मुकाबले में मंगलवार को सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ की नाबाद 123 रनों की पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 223 रन बनाने का लक्ष्य दिया।

आज यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने हालांकि दूसरे ओवर में यशस्वी जयसवाल छह रन का विकेट गंवा दिया। जयसवाल को बेहरेनडोर्फ ने वेड के हाथों कैच आउट कराया, उस समय टीम का स्कोर महज 14 रन था। तीसरे ओवर में इशान किशन शून्य को केन ने स्टोइनिस के हाथों कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऋतुराज के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट लिये 57 रनों की साझेदारी की। 11वें ओवर में हार्डी ने सूर्यकुमार यादव 39 रन पर वेड के हाथों कैच आउट कराकर भारत को तीसरा झटका दिया। यादव के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा ने ऋतुराज का भरपूर साथ दोनों बल्लेबाज अंत तक क्रीज पर बने रहे।




ऋतुराज ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टी-20 शतक बनाया। उन्होंने 57 गेंदों में 13 चौकों और सात छक्कों की मदद से 123रन बनाकर नाबाद रहे और वहीं तिलक वर्मा ने 24 गेंदों में चार चौकों की मदद से 31 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों बल्लेबाजों ने मैदान में चारों ओर शॉट लगाते हुए निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 222 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में ऋतुराज ने मैक्सवैल के ओवर में 30 रन जोड़ो, जिस कारण से एक 200 के आसपास दिखाई दे रही भारतीय टीम का स्कोर 222 परों तक पहुंच गया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से केन रिचर्डसन, जेसन बेहरेनडोर्फ और आरोन हार्डी ने एक-एक विकेट लिया।

## फिलिप, मैक्डरमोट, ग्रीन और ड्वार्शुइस टी-20 टीम में होंगे शामिल

**सिडनी।** जोश फिलिप, बेन मैकडरमॉट, क्रिस ग्रीन और बेन ड्वार्शुइस को भारत में चल रही टी-20 श्रृंखला के आखिर मुकाबलों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया जायेगा और कई खिलाड़ी स्वदेश लौटेंगे। न्यू साउथ वेल्स और सिडनी थंडर के ऑफस्पिनर क्रिस ग्रीन भारत में टी-20 टीम में बुलाए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण की संभावना हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और बेन मैकडरमॉट भी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन द्वारशुइस के साथ दौरे में शामिल हो रहे हैं। वहीं खिलाड़ियों का एक समूह मंगलवार को गुवाहाटी में तीसरे मैच के बाद स्वदेश रवाना हो रहा है। सीन एबॉट, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, स्टीवन स्मिथ और एडम जम्पा एकदिवसीय विश्वकप जीत के बाद स्वदेश लौट आएंगे। जबकि ट्रैविस हेड टीम में बने रहेंगे और ओपनिंग भी करेंगे। मैक्डरमोट और फिलिप भारत पहुंच गये हैं जबकि ग्रीन और ड्वार्शुइस चौथे मैच के लिए रायपुर पहुंचने पर टीम से जुड़ेंगे। 30 वर्षीय ग्रीन ने टी-20 क्रिकेटर के रूप में जाने जाते है हालांकि पिछले 12 महीनों में वह न्यू साउथ वेल्स की शेफील्ड शील्ड टीम में एक नियमित खिलाड़ी हैं। बीबीएल में उन्होंने थंडर के लिए 29.56 की औसत और 7.14 की इकॉनमी रेट से 66 विकेट लिए हैं। क्रिस ग्रीन दुनिया भर में टी-20 मैच खेल चुके हैं फिलिप, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज है उन्होंने 2021 की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना टी-20 खेला था। उन्होंने अपने दूसरे और तीसरे मैच में 45 और 43 रनों के साथ कुछ प्रभावशाली पारियां खेलीं। लेकिन वेस्ट इंडीज और बंगलादेश के दौरे की अपनी अगली सात पारियों में 13रन से अधिक नहीं बना सके। उन्होंने सीज़न की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शतक भी बनाया।

# हैरी ब्रूक और नट शिवर ब्रंट ने जीता बॉब विलिस पुरस्कार

**लंदन,** 28 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के क्रिकेटर हैरी ब्रूक को 2023 क्रिकेट राइटर्स क्लब अवार्ड्स में बॉब विलिस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। हरफनमौला नट शिवर-ब्रंट ने लगातार दूसरे वर्ष महिला क्रिकेट पुरस्कार जीता। एक शानदार वर्ष के बाद, जिसमें ब्रुक ने तीन अलग-अलग प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ब्रूक को बॉब विलिस ट्रॉफी प्रदान की गई, जो इंग्लैंड के वर्ष के पुरुष या महिला खिलाड़ी को दी जाती है।

सीडब्ल्यूसी यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर जीतने के तुरंत बाद, 24 वर्षीय ब्रुक ने वर्ष के समग्र क्रिकेटर की ट्रॉफी अपने घर ले ली। इंग्लैंड को टी20 विश्व कप जीतने में मदद करने और अपने पहले 12 टेस्ट मैचों में चार शतक बनाने के बाद ब्रूक नवंबर 2022 में गेंदों का सामना करने के मामले में 1,000 टेस्ट रन तक पहुंचने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए।

इसके अलावा, ब्रुक ने 41 गेंदों पर शतक बनाकर नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को द हंड्रेड जीतने में मदद की, जिससे उनके लिए इंग्लैंड के विश्व कप रोस्टर में शामिल होने का द्वार खुल गया। ब्रूक ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि टी20 विश्व कप इसमें सबसे ऊपर है। विश्व कप जीतना, एशेज श्रृंखला में खेलना और इस वर्ष मेरे पास जो कुछ चीजें हैं उनमें से कुछ का अनुभव करना एक सपने के सच होने जैसा है।

यह मेरे जीवन का अब तक का सबसे आनंददायक समय रहा है। जिस तरह से हम वहां गए और अपना क्रिकेट खेलने की कोशिश की वह वास्तव में मजेदार रहा। 6-0 से पिछड़ने के बावजूद, महिला एशेज में इंग्लैंड के लिए शिवर-ब्रंट के प्रदर्शन ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया के



साथ श्रृंखला 8-8 से बराबर करने में मदद की, जिससे उन्हें लगातार दूसरे वर्ष महिला क्रिकेट पुरस्कार मिला।

साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल तक की यात्रा के दौरान शिवर-ब्रंट इंग्लैंड की अग्रणी रन स्कोरर भी रही थीं।

शिवर-ब्रंट ने कहा, ऐसा लगता है कि यह अभी भी मेरे लिए वास्तविक नहीं है।

बस इसके बारे में एक त्वरित विचार करें और वास्तव में उस वर्ष की विशालता के बारे में सोचें जो घटित हुआ। उम्मीद है कि यह महिला क्रिकेट की यात्रा के संदर्भ में कई पहला में से पहला है। समरसेट के किशोर विकेटकीपर-बल्लेबाज जेम्स रीव को एक सफल सीज़न के बाद वर्ष का युवा क्रिकेटर नामित किया गया।

रीव ने काउंटी चैंपियनशिप में समरसेट के लिए 1,000 से अधिक रन बनाए और 57.15 के औसत के साथ अग्रणी डिवीजन वन रन-स्कोरर तालिका में तीसरे स्थान पर रहे।

# शिवा थापा और अमित पंघाल ने जीत के साथ की शुरुआत



**नई दिल्ली,** 28 नवंबर (एजेंसियां)। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किग्रा) और 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) ने 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में तीसरे दिन विजयी नोट पर अपने अभियान की शुरुआत की।

असम का प्रतिनिधित्व करते हुए शिवा ने अभिनाश जामवाल के खिलाफ दबदबे वाले अंदाज में शुरुआत की। लेकिन, जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज ने उल्लेखनीय वापसी की और रेफरी को प्रभावित करते हुए शिवा को प्रत्येक अंक के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

पूरे मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही लेकिन अत्यधिक अनुभवी शिवा ने खेल के महत्वपूर्ण क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और अपने प्रतिद्वंद्वी को 4-3 के विभाजित निर्णय से हरा दिया। अब मंगलवार को राउंड-16 के मुकाबले में उनका मुकाबला कर्नाटक के संतोष एचके से होगा।

अमित, जो एसएससीबी के लिए खेल रहे थे, महाराष्ट्र के शिवाजी के खिलाफ थे। हमेशा की तरह दृढ़ दिख रहे थे।अमित ने 5-0 की जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया। अब राउंड 16 के मुकाबले में उनका मुकाबला मंगलवार को पंजाब के जयशंदीप सिंह से होगा।

हिमाचल प्रदेश के टोक्यो ओलंपियन आशीष कुमार (80 किग्रा) ने अपने प्रतिद्वंद्वी पंजाब के अर्शदीप सिंह को हराया। आशीष अपने खेल में शीर्ष पर थे और उन्होंने जीत हासिल करने के लिए कार्यवाही में अपना दबदबा बनाया। मंगलवार को राउंड-16 के मुकाबले में उनका मुकाबला चंडीगढ़ के नीतीश कुमार से होगा ।

एशियाई चैंपियनशिप 2022 के कांस्य पदक विजेता गोविंद साहनी (48 किग्रा) जो आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) के लिए खेल रहे हैं, त्रिपुरा के सायन लोध के लिए मजबूत साबित हुए। गोविंद ने आक्रामक रुख के साथ आगे बढ़ना शुरू किया और अपने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

कुछ ही समय में गोविंद ने रेफरी के साथ मुकाबले के फैसले को पहले ही राउंड में रोककर खेल समाप्त कर दिया। अब राउंड 16 के मुकाबले में उनका मुकाबला मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के विशाल से होगा।

# विश्व कप खिताब जीतने के बाद मेरी कप्तानी बेहतर हो रही है : पैट कमिंस

**नई दिल्ली,** 28 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप 2023 विजेता कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि छठा वनडे विश्व कप खिताब जीतने के बाद उनकी कप्तानी बेहतर हो रही है।

कमिंस को एक कप्तान के रूप में उनके अनुभव की कमी के कारण संदेह की नजर से देखा जाता था, खासकर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में, भले ही वह एक प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज थे।

उन्होंने 2023 विश्व कप से पहले केवल दो एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया था। ऑस्ट्रेलिया अपने शुरुआती दो विश्व कप मैच हार गया, जिससे वह तालिका में सबसे नीचे चला गया और उसके नेतृत्व पर और अधिक संदेह पैदा हो गया।

सोमवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ट्रॉफी प्रेजेंटेशन में मिचेल स्टार्क के साथ कमिंस ने खुलासा किया कि भारत पर अंतिम जीत उनके लिए करियर का मुख्य आकर्षण थी। कमिंस को लगता है कि हर मैच में उनकी कप्तानी बेहतर होती जा रही है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को सिर्फ 240 पर रोककर छह विकेट से हरा दिया।

कमिंस ने स्थानीय मीडिया से कहा, अभी भी ऊंचाई पर हूं, अभी भी हर सुबह गुनगुनाहट के साथ जागता हूं। यह निश्चित रूप से करियर का एक बड़ा आकर्षण है। मैं निश्चित रूप से हर मैच में कप्तानी के साथ बेहतर होता जा रहा हूं।

आप अपनी जीत से बहुत कुछ सीखते हैं, और अपनी हार से तो और भी अधिक सीखते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मैं बेहतर हो रहा हूं। उनके सामरिक विकल्पों, जिसमें भारत के खिलाफ मैच में शुरुआत में स्पिन का उपयोग करना शामिल था, जब उनके तेज गेंदबाज हावी थे, और पहले कुछ ओवरों में एक गेंदबाज के रूप में खुद का कम उपयोग करना, आलोचकों द्वारा बारीकी से जांच की गई थी। फिर भी, कमिंस ने इन कठिनाइयों पर



विजय प्राप्त की और दबाव में एक कप्तान के रूप में अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को छठी विश्व कप जीत दिलाई। कमिंस ने यह भी कहा कि वे 2023 के दौरान व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए आराम करने की योजना नहीं बना रहे हैं।

कमिंस ने कहा, रेस्टेड और रोटेटेड शब्द काफी बार उछाले जाते हैं, लेकिन आप कभी भी टेस्ट क्रिकेट को पूरी तरह से फिट होने से नहीं चूकते। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में हमें खेल से आराम दिया गया है, हम जो काम करने में सक्षम हैं वह उन छोटे अंतरालों के कारण है। हम पूरी तरह से फिट हैं। हमें आराम नहीं मिलेगा।

## टी20 टीम में बदलाव के फैसले का स्वागत किया

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को वापस बुलाने के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, खिलाड़ियों को खेल से कुछ विश्राम की जरूरत है। विश्व कप विजेता टीम के सात सदस्य सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भारत में ही रुके थे। हैरानी की बात यह है कि भारत ने अपनी विश्व कप टीम से केवल 3 खिलाड़ियों को ही मैदान में उतारा। सूर्यकुमार टी20 सीरीज में टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि ईशान किशन और प्रसिद्ध कृष्णा अन्य दो खिलाड़ी हैं। अहमदाबाद में विश्व कप फाइनल के ठीक 4 दिन बाद टी20 श्रृंखला शुरू हुई। यह समझ में आने योग्य था कि ऑस्ट्रेलिया ने विशाखापत्तनम में श्रृंखला के शुरुआती मैच के लिए अपने अधिकांश विश्व कप सितारों को आराम दिया था। हालाँकि, ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले टी20 टीम में बदलाव की पुष्टि की क्योंकि स्टीव स्मिथ, एडम ज़म्पा, ग्लेन मैक्सवेल, सीन एबॉट, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टॉयनिस स्वदेश लौटने के लिए तैयार हैं। फॉक्स क्रिकेट ने कमिंस के हवाले से कहा, मैं उनसे नाराज़ नहीं हूं)। पिछले कुछ महीने काफी व्यस्त रहे हैं। ये अभी भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले हैं और यह बहुत अच्छा है कि ये दौरे कुछ युवा लोगों या उन लोगों के लिए अवसर प्रदान करते हैं जो शायद पहले एकादश में नहीं हैं। मुझे लगता है कि ये महत्वपूर्ण दौरे हैं और आप इनसे बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन वे इंसान हैं। वे रोबोट नहीं हैं। विश्व कप में सब कुछ लगाना और फिर कुछ दिन बाद खेलना। विकेटकीपर बल्लेबाज जोश फिलिप और बेन मैकडरमैट पहले ही टीम में शामिल हो चुके हैं और तीसरे टी20 के लिए उपलब्ध हैं।

## सार संक्षेप

### धोखाधड़ी के एक मामले में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज श्रीसंत को अंतरिम जमानत मिली

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस श्रीसंत को धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने यह आदेश तब पारित किया जब उसे सूचित किया गया कि मामला दोनों पक्षों के बीच सुलझ गया है। याचिकाकर्ता को दोषी शिकायतकर्ता को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया गया है क्योंकि लोक अभियोजक ने कहा कि मामला सुलझ गया है। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया, %%यथाशीघ्र आवेदन दाखिल करें। 8 दिसंबर, 2023 को पोस्ट करें। अंतरिम आदेश दिया गया। %% श्रीसंत, जो वर्तमान में देश में लीजेंड्स लीग में खेल रहे हैं, ने अग्रिम जमानत याचिका दायर करते हुए दावा किया कि उन्हें कन्नूर टाउन पुलिस द्वारा दर्ज मामले में झूठा फंसाया गया है। मामला एक विला निवेश परियोजना से जुड़ा है और बाद में मामला अदालत के बाहर ही सुलझ गया। 2013 में आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग मामले में फंसने के बाद श्रीसंत का अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म हो गया। कई साल बाद उन्हें बरी कर दिया गया और 2020 में केरल रणजी टीम में वापसी हुई, उन्होंने केवल दो साल बाद संन्यास ले लिया।

### तमीम इकबाल की नजर बीपीएल के जरिये क्रिकेट में वापसी पर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के करिश्माई बाएं हाथ के बल्लेबाज तमीम इकबाल की नजर बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के 2024 संस्करण के जरिये प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी पर है। तमीम 23 सितंबर से क्रिकेट से बाहर हैं और उनकी फिटनेस से जुड़े मुद्दों के कारण उन्हें बांग्लादेश की विश्व कप 2023 टीम से भी बाहर कर दिया गया था। स्थानीय मीडिया ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख नजमुल हसन पापोन के साथ बैठक में तमीम के हवाले से कहा, मैं शायद अपना क्रिकेट खेल बीपीएल से शुरू करूंगा। तब आपको अंदाज़ा हो सकता है कि क्या हो रहा है। मैं इसे एक और महीने के बिना कभी नहीं करना चाहूँगा। चीज़ों को अनावश्यक रूप से खींचना... (मैं नहीं चाहता)। बोर्ड के साथ कई चर्चाओं के बाद मैंने पहले ही अपना निर्णय ले लिया है। उन्होंने मुझे कई बातें बताईं और मुझे भी उनका सम्मान करना होगा। जुलाई में, तमीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जिसके बाद बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के अनुरोध के बाद उन्होंने अपना फैसला पलट दिया। आइए जनवरी तक इंतजार करें, मुझे बीपीएल खेलने दीजिए, फिर और चर्चा होगी, उम्मीद है देखते हैं क्या होता है। मैं जानबूझ कर कभी भी चीज़ नहीं खींचूंगा. मैं आज आपको अपनी योजनाओं के बारे में बताने की उम्मीद कर रहा था।

# राष्ट्रीय शिविर में पेरिस ओलंपिक के लिए नई सोच के साथ तैयारियों में जुट जाएंगे : फुल्टन

- यह समझने की कोशिश करेंगे की हम कैसे और बेहतर टीम बन सकते हैं

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 28 नवंबर (देशबन्धु)। भारत के 39 कोर ग्रुप के पुरुष हॉकी संभावितों का 15 दिसंबर से वेलेंसिया (स्पेन) में खेले जाने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी शिविर बुधवार से साई बेंगलुरू में होगा। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को सीनियर राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए उन्हीं 39 कोर ग्रुप के संभावितों को बरकरार रखा है जो कि हांगजू(चीन) से पहले एशियाई खेलों के लिए कोर ग्रुप का हिस्सा । सीनियर कोर ग्रुप के ये कोर ग्रुप के ये संभावित वेलेंशिया में होने वाले टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए जुट जाएंगे। कप्तान अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के दो तथा मनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और अभिषेक के एक एक गोल से भारत की पुरुष हॉकी टीम ने जापान को हांगजू(चीन) में एशियाई खेलों के फाइनल में 5-1 से हरा स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई किया था। भारत के पुरुष चीफ हॉकी




कोच क्रेग फुल्टन ने बुधवार से शुरू होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी शिविर की बाबत कहा, हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद लड़कों को राष्ट्रीय शिविर से लंबा ब्रेक मिला। इस दौरान हमारी भारतीय टीम के बहुत से खेले चेन्नै में सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में खेले ही मुझे भी कुछ उदीयमान व नौजवान खिलाडियों के खेल को करीब से देखने को मिला। अब हम सभी साई बेंगलुरू में सीनियर राष्ट्रीय शिविर में पेरिस ओलंपिक के लिए नई सोच के साथ अपनी तैयारियों में जुट जाएंगे। जैसा कि मैंने कहा है यह एक प्रक्रिया है। हम अपने एशियाई खेलों के शानदार अभियान पर फिर से विचार कर यह समझने की कोशिश करेंगे कि हम कैसे बतौर टीम और बेहतर होने के लिए मेहनत कर सकते हैं।'

भारत के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हमारे लिए बीते कुछ हफ्ते बहुत बढ़िया रहे, हमें अपने अपने परिवारों के साथ अच्छा वक्त बिनो को मिला। साथ ही चेन्नै में अपने राज्य पंजाब के सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में खेलने का मौका मिला। अब हम बेहतर टीम बनने की चाह लिए फिर सीनियर राष्ट्रीय शिविर में लौट आए हैं।

भारत के लिए वेलेंशिया (स्पेन)में होने वाला पांच देशों का यह हॉकी टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारियों के लिए खासा अहम है। चेन्नै में पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में बढ़िया प्रदर्शन के बावजूद एशियाई खेलों के लिए नजरअंदाज किए गए आक्रामक मिडफील्डर आकाशदीप सिंह, सेल्वम कार्ति, जुगराज सिंह के साथ अब पूरी तरह फिट स्ट्राइकर सिमरनजीत सिंह और सुरेन्दर कुमार के लिए स्पेन दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी दावेदारी साबित करने का मौका होगा।

## शिविर के लिए चुने गए कोर ग्रुप के 39 संभावित हैं

**गोलरक्षक :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान।

**रक्षापंक्ति :** जर्मनप्रीत सिंह, सुरेन्दर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराजसिंह, मनदीप मोर। नीलम संजीप खेस, संजय, यशदीप सिवाच, डिप्सन टिर्की, मंजीत।

**मध्यपंक्ति :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरंगथम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राज कुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंट सिंह, मोहम्मद रहील मोसीन, मनिंदर सिंह।

**अग्रिम पंक्ति :** सेल्वम कार्ति, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक , दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकरा, पवन राजभर।